चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 294, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शुक्रवार 24 नवंबर 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

सुप्रीम कोर्ट की पहली महिला न्यायाधीश न्यायमूर्ति फातिमा बीवी का 96 साल की उम्र में निधन

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट की पहली महिला न्यायाधीश न्यायमूर्ति फातिमा बीवी का गुरुवार को 96 साल की उम्र में निधन हो गया । उन्होंने गुरुवार सुबह कोल्लम जिले के एक निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली। जस्टिस फातिमा बीबी के निधन पर केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन सहित तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि ने भी गहरा दुख व्यक्त किया है।

केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने अपने शोक संदेश में कहा कि न्यायमूर्ति फातिमा बीबी उच्च न्यायपालिका का हिस्सा बनने वाली मुस्लिम समुदाय की पहली महिला थीं, क्योंकि वह सामाजिक परिस्थितियों के नकारात्मक पहलुओं को चुनौतियों के रूप में देखकर उन्हें दूर करने में सक्षम थीं। उन्होंने कहा कि उनका जीवन सभी के लिए, खासकर महिलाओं के लिए एक प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि उन्हें श्रद्धांजलि के तौर पर केरल प्रभा पुरस्कार के लिए चुना गया है।तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि ने न्यायमूर्ति एम फातिमा बीवी के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने अपने शोक संदेश में कहा कि फातिमा बीबी को सार्वजनिक सेवा में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। इस दुख की घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार के सदस्यों के साथ हैं।

राम मंदिर बन गया, अब काशी-मथुरा और रामराज्य की बारी : कौशल्या नंद गिरी

बेगूसराय। किन्नर अखाड़ा के महामंडलेश्वर और उत्तर प्रदेश किन्नर कल्याण बोर्ड के सदस्य कौशल्या नंद गिरी ने कहा है कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार भारत को विश्व पटल पर नई ऊंचाई पर ले जा रही है। अयोध्या में राम मंदिर बन गया, अब राम राज्य बनना चाहिए। बिहार के सिमरिया में आयोजित कुंभ के अंतिम शाही स्नान में शामिल होने आए कौशल्या नंद गिरी ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा पूरे देश में तथा योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार उत्तर प्रदेश में व्यापक पैमाने पर कार्य कर रही है। सबका विकास हो रहा है, सर्वत्र कल्याण हो रहा है।

राजस्थान विस चुनाव: प्रचार के अंतिम दिन प्रधानमंत्री मोदी ने पायलट के बहाने कांग्रेस पर साधा निशाना

राजसमंद। राजस्थान में विधानसभा चुनाव में अपने धुंआधार दौरों के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को राजसमंद जिले के देवगढ़ में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने सचिन पायलट और राजेश पायलट के बहाने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि राजस्थान में गुर्जर समाज का जितना अपमान कांग्रेस ने किया है, उतना किसी ने नहीं किया।

राजस्थान में चुनाव प्रचार के अंतिम दिन उन्होंने जनता से अधिक से अधिक संख्या में मतदान की अपील करते हुए कहा कि देवउठनी एकादशी पर विवाहों के कारण जनता की आवाज को इलेक्शन कमीशन ने सुना है और अब हमें इलेक्शन कमीशन का मान रखते हुए रिकॉर्ड मतदान करना है। मोदी ने कहा कि एक गुर्जर समाज का बेटा राजनीति में जगह बनाने के लिए संघर्ष करता है, जान लगाता है और सत्ता मिलने के बाद शाही परिवार की शह पर उसे दूध से मक्खी की तरह निकाल कर फेंक दिया जाता है। राजेश पायलट के साथ भी यही किया गया और उनके बेटे के साथ भी यही किया जा रहा है। पीएम मोदी ने चुटकी लेते हुए कहा कि वे राजस्थान में जहां भी गए हैं, वहां एक ही बात सुनाई देती है। गहलोत जी, कोनी मिले वोट जी। उन्होंने कहा कि इस चुनाव की एक खास बात और है। राजस्थान के इस चुनाव में माता-बहनों और

बेटियों ने भी झंडा उठा लिया है। पीएम मोदी ने कहा कि आजादी के बाद जो देश का पहला बड़ा घोटाला हुआ, वो भी हमारे देश के वीर जवानों के लिए खरीदी में हुआ। इन्होंने उसमें से भी कटकी कर ली थी। बोफोर्स घोटाले को भी ये देश कभी नहीं भूल सकता। यदि ये कांग्रेस सरकार 2014 में नहीं गई होती तो हमारे तेजस फाइटर प्लेन भी कागजों पर रह जाते। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने राजस्थान को दंगों में नंबर वन बनाया। तीज-त्योहारों पर कर्फ्यू में नंबर वन बनाया। अपराध में नंबर वन बनाया। भ्रष्टाचार में टॉप पर पहुंचाया। राज्य को पेपर लीक में नंबर वन बनाया। कांग्रेस सरकार जब यहां बनी थी तो उसने भाजपा की अच्छी योजनाओं पर ताला लगा दिया। आप यह याद रखिएगा कि जहां कांग्रेस से उम्मीद खत्म होती है, वहां से मोदी की गारंटी शुरू होती है। भाजपा राजस्थान को टूरिज्म, तीर्थ यात्रा, निवेश, शिक्षा, खेल, उद्योगों के मामले में अग्रणी बनाएगी। सभा में मोदी ने राम मंदिर का जिक्र करते हुए कहा कि उन्हें जीवन में बड़ा संतोष है कि भगवान राम का घर बन रहा है तो 4 करोड़ गरीब परिवारों का घर भी बन रहा है। मोदी ने अपना घर नहीं बनाया। कांग्रेस नेताओं ने आपके पैसे लूटकर अपने बंगले बनवाए हैं। सभा को संबोधित करते हुए मोदी ने भाजपा के स्थानीय कार्यकर्ता धर्मचंद देरासरिया का नाम लेते हुए कहा कि 60 साल भाजपा के लिए खपाने वाले देरासरिया कार्यकर्ता के रूप में बैठे हैं। पीएम मोदी ने दावा किया कि देवउठनी एकादशी पर देवगढ़ में वे कह रहे हैं, अब राजस्थान में कभी भी अशोक गहलोत की सरकार की वापसी नहीं होगी।

राज विस चुनाव : राजस्थान में भाजपा की भड़काने वाले स्पीच का जनता देगी करारा जवाब: गहलोत

जयपु। राजस्थान विधानसभा चुनाव के प्रचार के अंतिम दिन गुरुवार को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी पर जमकर प्रहार किए। उन्होंने कहा कि भाजपा राजस्थान में सरकार गिराने में फेल हो गई, उसका झटका इतना भारी है कि उसकी टीस बाहर आ रही है। भाजपा वाले 25 नवंबर तक के मेहमान हैं। इसके बाद ये पांच साल तक मुंह नहीं दिखाएंगे।

मुख्यमंत्री गहलोत गुरुवार को यहां पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 में जब मैं गुजरात में कांग्रेस इंचार्ज था, तब मोदीजी कहते थे कि ये राजस्थानी अशोक गहलोत मुझे हराने आया है, आप मारवाडी की मत सुनो, आप बताइए मैं आपका बेटा हूं, आप मुझे वोट नहीं देंगे तो मैं कहां जाऊंगा। गहलोत ने पलटवार करते हुए कहा कि मैं राजस्थान की जनता से कहना चाहता हूं कि मैं राजस्थान का हूं। अब अगर मैं कहूं कि अब वो गुजराती आ रहा हैं, हम तो नहीं कह रहे कि गुजराती यहां आ रहा है, प्रचार कर रहा है, घूम रहा है। आप गुजराती की बात मानोगे तो मैं कहां जाऊंगा। मैं तो आपके पास ही आऊंगा। मैं थांसू दूर कोनी।

गहलोत ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा है कि नरेन्द्र मोदी, अमित शाह से लेकर सब मंत्रियों और बड़े नेताओं ने राजस्थान पर धावा बोल दिया है। राजस्थान की जनता भाजपा को करारा जवाब देगी। राजस्थान में भड़काने वाली स्पीच हो रही है। जितने लोग आ रहे हैं, शाम तक एक ही भाषा बोल रहे हैं। कन्हैया की हत्या का मामला उठा रहे हैं, जबकि कन्हैया को मारने वाला पांच साल से भाजपा कार्यकर्ता था।

उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि मोदी अभिनेता हैं। वे कहते हैं मैं ओबीसी का हूं, मुझे नीच कह दिया। किसी ने उन्हें नीच नहीं कहा। गहलोत की वापसी नहीं करने वाली मोदी की भविष्यवाणी को लेकर मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से पूछा कि मोदी भविष्यवक्ता हैं क्या। कह रहे हैं गहलोत चौथी बार सीएम नहीं बनेंगे। खुद प्रधानमंत्री फिर बनने की बात कर रहे हैं। चुनाव आयोग को दिखता नहीं कि क्या घोषणाएं हो रही हैं। गहलोत ने लाल डायरी और महादेव एप प्रकरण की जांच सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज कराने की मांग करते हुए कहा कि लाल डायरी का षड्यंत्र दिल्ली में रचा गया। महादेव एप के जरिये छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के खिलाफ किस तरह षड्यंत्र किया गया। उस ऐप मामले में बयान देने वाला अब बदल गया है। महादेव ऐप के मामले में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री को चार दिन पहले अरेस्ट करने की साजिश थी, उसमें ये फेल हो गए।

चुनाव के दौरान भाजपा नेताओं ने स्वर्गीय राजेश पायलट का नाम उछालने की निंदा करते हुए गहलोत ने कहा कि अब ये गुर्जर समाज को भड़काने के लिए राजेश पायलट को लेकर आ गए। भाजपा राज में आरक्षण आंदोलन के दौरान 72 गुर्जर फायरिंग में मारे गए थे। मेरे राज में गुर्जरों पर गोली तो छोड़िए लाठीचार्ज तक नहीं होने दिया और आरक्षण दे दिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा नेताओं के दिलों में आग लगी है कि राजस्थान में सरकार नहीं गिरा पाए।

चुनाव आयोग ने राहुल को भेजा नोटिस, प्रधानमंत्री के लिए उपयोग शब्दों पर जताई

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने राजस्थान की एक जनसभा में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान का संज्ञान लिया है। आयोग ने राहुल गांधी को नोटिस जारी कर पूछा है कि आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के लिए उनके खिलाफ कार्रवाई क्यों न की जाए। उन्हें शनिवार शाम तक जवाब देने का समय दिया गया है।

आयोग ने उन्हें चुनाव आदर्श संहिता के विभिन्न प्रावधानों के तहत नोटिस भेजा है।

राहुल गांधी ने कल बाड़मेर में एक चुनावी जनसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए ह्यजेबकतराह्न और ह्यपनोतीह्न जैसे शब्दों का

इस्तेमाल किया था। इसके अलावा उन्होंने विश्वकप हारने और उद्योगपतियों के कर्ज माफ करने के आरोप भी लगाए थे। भाजपा ने चुनाव आयोग से इस बारे में शिकायत की थी। पार्टी का कहना था कि प्रधानमंत्री के लिए इस तरह के शब्दों का इस्तेमाल करना और सत्यापित किए बिना आरोप लगाना गलत है।

केंद्रीय राज्य मंत्री वीके सिंह और मुख्यमंत्री धामी ने लिया सिलक्यारा टनल में रेस्क्यू ऑपरेशन का जायजा

उत्तरकाशी। केंद्रीय राज्य मंत्री जनरल वीके सिंह (से.नि.) और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को उत्तरकाशी पहुंचकर सिलक्यारा टनल रेस्क्यू ऑपरेशन का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने टनल में चल रहे राहत एवं बचाव कार्यों के संबंध में जानकारी ली। इसके उपरांत केंद्रीय राज्य मंत्री और मुख्यमंत्री धामी ने अधिकारियों के साथ कई दौर की बैठकें कीं। इसके उपरांत सायं को उन्होंने रेस्क्यू कार्यों की समीक्षा की। केंद्रीय राज्य मंत्री जनरल वीके सिंह (से.नि.) और मुख्यमंत्री धामी सुबह ही

उत्तरकाशी के सिलक्यारा टनल घटनास्थल पर पहुंचे गए थे। केंद्रीय राज्य मंत्री जनरल सिंह और मुख्यमंत्री धामी दोनों सुबह को टनल के अंदर गए और जायजा लिया। उन्होंने रेस्क्यू में लगी टीमों और वर्करों से बातचीत कर विस्तार से हरेक बात की जानकारी ली और उन सभी का हौसला बढ़ाया।

केंद्रीय राज्य मंत्री जनरल सिंह और मुख्यमंत्री धामी ने राहत बचाव कार्य में जुटे एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस जवानों स्वास्थ्य कर्मियों एवं इंजीनियरों से भी मुलाकात कर उनका हौसला बढ़ाया। इसके बाद केंद्रीय राज्य मंत्री और मुख्यमंत्री धामी ने कई बार रेस्क्यू टीमों की कमान संभाल रहे आलाधिकारियों के साथ बैठक की। इसके बाद सायं को अब तक के कार्यों की समीक्षा की।केंद्रीय राज्य मंत्री जनरल सिंह और मुख्यमंत्री धामी ने ऑगर मशीन से ड्रिलिंग की प्रक्रिया की भी जानकारी ली। उन्होंने टनल में फंसे श्रमिकों को भेजे जाने वाले भोजन की गुणवत्ता की भी जांच की।

उत्तराखंड सुरंग हादसे पर आम आदमी पार्टी ने उठाए सवाल, कहा- राज्य सरकार ले हादसे की जिम्मेदारी

नई दिल्ली। उत्तराखंड के सिलक्यारा में हुए सुंरग हादसे पर आम आदमी पार्टी ने सवाल उठाया है। आम आदमी पार्टी (आप) के नेता सौरभ भारद्वाज ने गुरुवार को यहां कहा कि उत्तराखंड में हुए हादसे में 41 श्रमिकों की जिन्दगी फंस गई है। इस घटना की जिम्मेदारी उत्तराखंड सरकार को लेनी चाहिए।

उन्होंने सवाल उठाए कि इतने बड़े निर्माण कार्य में इस तरह का हादसा हुआ कैसे? इतने बड़े निर्माण कार्य से पहले मिट्टी की जांच और दूसरे सभी बचाव के उपाय किए जाने चाहिए थे। इस घटना के लिए जिम्मेदार लोगों के नाम सामने आने चाहिए।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में पिछले दिनों भी इस तरह के हादसे हुए हैं, इसके बावजूद उत्तराखंड सरकार सावधानी नहीं बरती। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि ये तो सिर्फ इत्तेफाक है कि श्रमिक सुरक्षित हैं लेकिन राज्य सरकार को इस घटना की जांच करानी चाहिए। उल्लेखनीय है कि उत्तराखंड के सिलक्यारा में 12 नवंबर को 41 श्रमिक सुरंग में भूस्खलन होने के बाद से वहां फंस गए हैं। उन्हें सुरंग से निकालने के लिए राज्य और केंद्र सरकार तथा अन्य एजेंसियां युद्ध स्तर पर जुटी हुई हैं।

राजौरी मुठभेड़ में दूसरे दिन एक और आतंकवादी मारा गया, एक जवान भी शहीद

राजौरी। राजौरी जिले के कालाकोट के बाजीमल जंगल में सुरक्षाबलों ने गुरुवार को एक और आतंकवादी को मार गिराया है। इस मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने अब तक दो आतंकवादियों को मार गिराया है, जबकि इस दौरान एक और जवान बलिदान हुआ है।

मुठभेड़ के दौरान बुधवार को सेना के दो अधिकारी और दो जवान बलिदान हुए थे। आज एक और जवान के बलिदान होने के साथ ही इस मुठभेड़ में अभी तक सेना के दो अधिकारी और तीन जवान शहीद हो चुके हैं। इस मुठभेड़ में मारे गए दो में से एक आतंकवादी का नाम क्वारी था और उसे पाकिस्तान एवं अफगान मोर्चे पर प्रशिक्षित किया गया था।

पीआरओ डिफेंस ने पुष्टि की है कि मुठभेड़ के दौरान मारा गया एक आतंकवादी क्वारी पाकिस्तानी है। उसे पाक और अफगान मोर्चे पर प्रशिक्षित किया गया है। क्वारी लश्कर-ए-तैयबा का उच्च रैंक आतंकवादी कमांडर था। वह पिछले एक साल से अपने ग्रुप के साथ राजौरी और पुंछ में सक्रिय था। उसे ढांगरी और कंडी हमलों का मास्टरमाइंड भी माना जाता है। इन आतंकियों को इन क्षेत्रों में आतंकवाद को पुनर्जीवित करने के लिए भेजा गया था।

सेना को उसके बारे में जानकारी मिली है कि वह आईईडी लगाने, गुफाओं से छिपकर हमला करने और प्रशिक्षित स्नाइपर था। इस साल एक जनवरी को राजौरी के ढांगरी में दोहरे आतंकी हमले को इसी ग्रुप ने अंजाम दिया था, जिसमें सात लोगों की मौत हो गई थी।

डीपफेक के खिलाफ एक्शन में सरकार, इससे निपटने के लिए नए नियम लाए जाएंगे: अश्वनी वैष्णव

नई दिल्ली। केंद्रीय संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 'डीपफेक' को लोकतंत्र के लिए नया खतरा करार देते हुए गुरुवार को कहा कि सरकार इससे निपटने के लिए जल्द ही नए नियम लाएगी। मंत्री ने 'डीपफेक' के मुद्दे पर आज सोशल मीडिया मंचों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। उन्होंने इस मामले में सोशल मीडिया मंचों से सावधानी बरतने और वाजिब समाधान निकालने का आह्वान किया।

उसके बाद अश्विनी वैष्णव ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उन्होंने आज सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की है। इस दौरान डीपफेक मुद्दे का समाधान निकालने को लेकर चर्चा हुई है और इसका समाधान निकालने को कहा है।

गन्ने की कीमतों को लेकर पंजाब में किसानों ने रोकीं रेलगाड़ियां, 80 ट्रेनों के रूट बदले

चंडीगढ़। पंजाब में गन्ने की कीमतों की बढ़ोतरी की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे किसानों ने गुरुवार से रेलगाड़ियां रोकनी शुरू कर दी हैं, जिससे हजारों लोग परेशान हो रहे हैं। किसान पिछले दो दिनों से जालंधर में दिल्ली-जम्मू मार्ग को रोककर बैठे हुए हैं। सरकार के साथ वार्ता बेनतीजा रहने पर किसानों ने आज लुधियाना की तरफ जाने वाली रेल लाइन पर धन्नोवाली फाटक के पास ही रेलवे ट्रैक और नेशनल हाईवे को बंद कर दिया।

रेलवे ट्रैक बंद होते ही शताब्दी एक्सप्रेस को कपूरथला के फगवाड़ा में रोक दिया है। इसके अलावा आम्रपाली एक्सप्रेस को जालंधर सिटी स्टेशन पर रोक दिया गया।

रेलवे के मुताबिक इस ट्रैक से रोजाना चौबीस घंटे में 120 ट्रेनों की आवाजाही प्रभावित होगी। गुरुवार को जब किसानों ने ट्रेनें

रोकनी शुरू की तब तक 40 ट्रेनें निकल चुकी थी, अब 80 ट्रेनों को जालंधर सिटी स्टेशन से डायवर्ट किया गया है। इस दौरान लुधियाना, अंबाला, पानीपत, दिल्ली के जरिए अन्य राज्यों में जाने वाली ट्रेनें नकोदर से फगवाड़ा होकर निकलेंगी। किसान संगठनों ने ऐलान किया है कि अगर सरकार ने उनकी मांगे नहीं मानी तो 26 नवंबर को चंडीगढ़ कूच किया जाएगा।

खेलो इंडिया के तहत गांव के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मिलता है मौका : सांसद

बी एन टी इंटर कालेज में ब्लाक स्तरीय सांसद खेल स्पर्धा प्रतियोगिता संपन्न

अखंड भारत संदेश

मेजा। पीएम मोदी और सी एम योगी ने गांव की प्रतिभाओं को मिले इसलिए ऐसे आयोजन की प्रेरणा दी और खेलो इंडिया के तहत इसको बढ़ावा दिया। सरकार की इस पहल से गांव के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिल रहा है। उक्त बातें प्रयागराज की सांसद डा रीता बहागुना जोशी ने शुक्रवार को बद्री नाथ तिवारी इंटर कालेज मेजारोड में आयोजित ब्लाक स्तरीय सांसद खेल स्पर्धा प्रतियोगिता का फीता काटकर शुभारम्भ करने के दौरान उपस्थित खेल प्रेमियों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि पी एम मोदी की प्रेरणा और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में खेल महोत्सव के तहत सांसद खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। केंद्र मोदी और प्रदेश की योगी सरकार की मंशा है कि खेलो इंडिया के तहत खेल की स्पर्धा गांव तक पहुंचे। सांसद खेल स्पर्धा का मुख्य उद्देश्य खेलो के प्रति युवाओं की रुचि

बढ़ाना है उन्हें और अधिक प्रतिभावान बनाना है जिससे आगे चलकर युवाओं को राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर खेल कौशल का प्रदर्शन करने का अवसर मिल सके। इसके पूर्व उन्होंने फीता काटकर प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। सांसद खेल स्पर्धा प्रतियोगिता में खोखो वालीबाल और कबड्डी की प्रतियोगिताएं आयोजित हुई वालीबाल बालक वर्ग में कुल 6 टीमों ने प्रतिभाग किया। एच आई ए इंटर कालेज प्रथम और बी एन टी द्वितीय स्थान पर रही। जबकि खोखो बालिका में कुल तीन टीमों में से लक्ष्मी नारायण इंटर कालेज प्रथम स्थान तो कबड्डी में 10टीम बालक वर्ग में तिरंगा एकेडमी मेजा और तीन बालिकाओं की सम्मिलित टीम मेजा खास प्रथम बी एन टी दूसरे स्थान पर रही। सांसद खेल स्पर्धा प्रतियोगिता के सभी विजेता खिलाड़ियों और उनकी टीम को पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा प्रतियोगिता में शामिल सभी टीमों को सांत्वना पुरस्कार भी दिया गया। प्रतियोगिता की अध्यक्षता वीरेंद्र तिवारी ने किया। कालेज के प्रधानाचार्य दीपक पाण्डेय ने प्रतियोगिता के दौरान मुख्य अतिथि सांसद डा रीता जोशी को स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत एवं अभिनन्दन किया। इस मौके पर नीरज तिवारी राहुल तिवारी आशीष मुन्ना नाथू गुप्ता राजेन्द्र सिंह कामेश्वर पटेल हेमंत दुबे अमरनाथ सोनकर अजीत सिंह खंड शिक्षा अधिकारी मेजा कैलाश सिंह बी के मिश्र अमित शुक्ल संदीप तिवारी अवनीश मिश्र विवेकानंद पांडेय इशरत प्रवीण अखिलेश मिश्र प्रवीण दुबे अमरेश तिवारी रिंकू ओझा विनीत शुक्ल तथा मनीष तिवारी के अलावा कई अन्य लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

किसानों को बैंक या एटीएम जाने की जरूरत नहीं, घर बैठे डाकिया के माध्यम से प्राप्त करें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि : पोस्टमास्टर जनरल

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने विगत दिनों झारखंड के खूंटी जिले में 'जनजातीय गौरव दिवस' पर आयोजित एक कार्यक्रम में ज्यों ही 'प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि' योजना की बहुप्रतीक्षित 15वीं किस्त जारी की तो किसानों और उनके परिवारजनों की बांछें खिल गईं। सरकार ने डीबीटी माध्यम से देशभर के 8 करोड़ से अधिक लाभार्थी किसानों के बैंक खातों में सीधे 18,000 करोड़ की धनराशि ट्रांसफर की। अब लाभार्थी किसान घर बैठे इस राशि को तुरंत प्राप्त कर सकते हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रयागराज परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि विभिन्न बैंकों के अपने खातों में प्राप्त डीबीटी राशि को किसान घर बैठे डाकिया और ग्रामीण डाक सेवक के माध्यम से निकाल सकते हैं। इसके लिए किसानों को किसी बैंक की शाखा या एटीएम पर जाने की जरुरत नहीं होगी। देश के किसी भी बैंक में स्थित मोबाईल और आधार लिंक्ड खाते से घर बैठे आधार इनेबल्ड पेमेंट सिस्टम के माध्यम से एक दिन में 10 हजार तक की राशि निकाली जा सकती है। इसके लिए डाक विभाग द्वारा कोई शुल्क नहीं लगेगा। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि किसानों की वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए फरवरी, 2019 में शुरू की गई थी। इसके तहत लाभार्थी किसानों को एक साल में 6,000 की राशि दी जाती है। लाभार्थी किसानों को ये राशि हर 4 महीने के अंतराल पर तीन किस्तों में दो-दो हजार रुपये करके उनके खातों में डीबीटी माध्यम से ट्रांसफर की जाती है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना' के तहत अपने खातों में प्राप्त डीबीटी राशि को लाभार्थी किसान घर बैठे डाकिया और ग्रामीण डाक सेवक के माध्यम से निकाल सकते हैं। आधार इनेबल्ड पेमेंट सिस्टम के माध्यम से एक दिन में 10 हजार तक की राशि निकाली जा सकती है। इसके लिए किसी बैंक या एटीएम पर जाने की जरुरत नहीं होगी।

कृष्ण कुमार यादव
-पोस्टमास्टर जनरल

न्यूज झरोखा

श्री खाटू श्याम के जन्मोत्सव पर पूजन कार्यक्रम व भण्डारे का हुआ आयोजन

जसरा। श्री खाटू श्याम के जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर जसरा बाजार में पांडाल लगाकर पूजन अर्चन किया गया और उसके पश्चात भंडारे में प्रसाद का वितरण किया गया। खाटू श्याम के जन्मदिवस के अवसर पर जसरा बाजार में पूजन अर्चन का कार्यक्रम रखा गया। जिसमें खाटू श्याम की पूजा आरती की गई। उसके साथ खाटू श्याम का जयकारा लगा कर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बाजार व आसपास गांव के लोगों के साथ आते जाते हुए लोगों ने भी रुक रुक करके प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर मुख्य रूप से राजेश कुमार (प्रबंधक बैंक ऑफ बड़ौदा जसरा) शिवपूजन केसरवानी ,अनुज केसरवानी, डॉ० देवेंद्र केसरवानी , वासू केसरवानी ,वैभव जायसवाल, आशीष सोनकर, लल्ला महाजन, शुभम केसरवानी , सचिन केसरवानी, राम केसरवानी बैटरी , सर्वेश कुमार, पुष्पेंद्र कुमार आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

महावीर विनवउं हनुमाना राम जासु जस आप बखाना

जंघई। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी देवोत्थान एकादशी पर हनुमान मंदिर चनेथू बजरंगपुरम गांव में अखंड रामायण पाठ आयोजित किया गया इस दिन भगवान विष्णु शयन निद्रा में जागते हैं यह एकादशी व्रत सभी एकादशी व्रतों में उत्तम कहा गया है।मंदिर परिसर एवं हनुमान जी की प्रतिमा का भव्य श्रृंगार किया गया।मंगला आरती के बाद अखंड रामायण पाठ प्रारंभ किया गया जिसके बाद रात्रि में एकादशी व्रत की कथा की गई भक्तों को प्रसाद रूप में पंचामृत फल व मिष्ठान वितरण किया गया कार्यक्रम आयोजक कपिल देव शुक्ला ने अतिथियों का स्वागत किया।इस अवसर पर सूर्यमणि शुक्ल, प्रेमचंद्र शुक्ल, नारायण दास शुक्ल, हीरामनि शुक्ल, अरूण शुक्ला, धरणीधर शुक्ला, संगम शुक्ला, मालिक शुक्ल, कपिल देव तिवारी, जयप्रकाश शुक्ल, ओमप्रकाश शुक्ल, राजेश शुक्ल, श्रीप्रकाश शुक्ल, बाबा शुक्ल, नीरज शुक्ल, संजय, धनंजय, अच्छेलाल, श्यामकृष्ण, जयकृष्ण, राजन, राजा, राहुल, रोहित, जोहित, प्रिंस, प्रतीक, संतोष शुक्ला, डिंपल शुक्ला, समाजसेवी बाबा तिवारी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

मुलायम सिंह यादव संघर्ष के अतुल्य योद्धा थे : नरेन्द्र सिंह

सपा प्रदेश सचिव ने संगम तट पर वितरित किया भोजन

प्रयागराज। समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव की जन्मजयंती पर बुधवार को सपा के प्रदेश सचिव नरेन्द्र सिंह ने संगम तट पर जरूरतमंदों को भोजन वितरण किया। इस अवसर पर प्रदेश सचिव श्री सिंह ने कहा कि नेता जी मुलायम सिंह यादव वंचितों, शोषितों तथा बेजुबानों की जुबान थे। उन्होंने हमेशा शोषित और वंचित समाज के लिये काम किया। उनके जीवन स्तर को ऊपर उठाने के लिए लड़ाई लड़ी। वह सामाजिक विषमता को पाटने के लिए हुए राजनीतिक संघर्ष के अतुल्य योद्धा थे। समाज सदैव उनके योगदान को याद रखेगा। समाजवादी पार्टी अनवरत नेताजी के दिखाये रास्ते पर चल रही है। वर्तमान सपा प्रमुख अखिलेश यादव नेताजी द्वारा प्रतिपादित सिद्धांतों के लिए उन्हीं की तरह संघर्षरत हैं। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अनिल यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष पंधारी यादव, दान बहादुर मधुर, दीनानाथ यादव, जय शंकर भारती, मंजू यादव, गीता पासी, ललित दुबे, आरएन यादव, त्रिभुवन यादव, मंगला पाल सहित दर्जनों पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जानलेवा हमले के तीन अभियुक्त गिरफ्तार,सब्बल बरामद

बारा/शंकरगढ़। पुलिस ने जानलेवा हमले के मामले में तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है,यह गिरफ्तारी मुखबिर की सूचना पर सेननगर तिराहा से की गई है। गिरफ्त में आए अभियुक्तों के खिलाफ धारा 307, 326, 352, 504, 506 व 34 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज है। पूछताछ के बाद तीनों का चालान भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि थाने की टीम ने क्षेत्र के बसहरा उपहार निवासी सौरभ सिंह पुत्र स्वर्गीय हेमराज सिंह, मवैया पहलवान निवासी दिव्यांशु सिंह पुत्र शेषमणि सिंह, रीवा,जनेह के चौखड़ा निवासी सूरज सिंह पुत्र जीत राज सिंह के खिलाफ जानलेवा हमले सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज है। तीनों की तलाश की जा रही थी, गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर तीनों को शंकरगढ़ कस्बे से दबोच लिया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक लोकेंद्र सिंह यादव, कांस्टेबल शशिकांत यादव,का.बलिराम,का.ओम जी,कांस्टेबल चंद्रकेश यादव कांस्टेबल आदि लोग शामिल रहे। इसीतरह बारा पुलिस ने दो वारंटियों को गिरफ्तार किया है।बारा प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि स्थानीय स्तर पर अलग-अलग पुलिस टीम गठित कर वांछित/ वारंटी के खिलाफ अभियान चलाकर राम आसरे पुत्र कमलेश निवासी और रंजना पत्नी राम आसरे निवासीगण ग्राम सरसेड़ी,बारा को गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक अरविंद कुमार यादव, महिला कांस्टेबल अंकिता यादव शामिल रहे।

संकल्प यात्रा निकालकर ग्रामीणों को किया गया जागरूक

सहसों। विकास खण्ड सहसों के ग्राम सभा मनापुर उर्फ बगई कला में गुरुवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन कर ग्रामीणों को जागरुक करते हुए प्रदेश एवं केंद्र की सरकार द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं के विषय में जानकारी दिया गया। कार्यक्रम में भारी संख्या में ग्रामीण शामिल रहे। इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक प्रबंधक रागिनी सिंह ने उपस्थित ग्रामीण महिला पुरुषों एवं विद्यार्थियों को बैंकिंग से जुड़े सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया। इस मौके पर नोडल अधिकारी अश्वनी कुमार, प्रमुख प्रतिनिधि शिवनारायण सिंह गप्पू , ग्राम प्रधान बहादुर सिंह, प्रधान अशोक कुमार, टीएन सिंह, कोटेदार राम कैलाश, कमलेश कुमार कंचन पटेल, वंदना सिंह, सुनीता, सरला, सीमा, दयाशंकर, रामसुख, नंदलाल, संतोष, प्रदीप पटेल आदि लोग मौजूद रहे।

दो अलग अलग घरों में नगदी समेत लाखों का आभूषण चोरी

मऊआइमा। मऊआइमा क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद हैं। बीती रात चोरों ने दो अलग अलग घरों में छत के सहारे चढ़ कर नगदी समेत लाखों का आभूषण चोरी कर ले गए।जिसकी सूचना पुलिस को दी गई है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के दमोदर का पूरा(कल्याणपुर)निवासीगण लल्लू सरोज पुत्र रघुराज तथा पड़ोसी सीमा देवी के घर में छत के सहारे चोर चढ़कर घर में घुस गए। बताते हैं कि घर में रखा संदूकों का ताला तोड कर नगदी समेत आभूषण लाखों का आभूषण चोरी कर ले गए।चोरी घटना से गांव में दहशत बना हुआ है। गुरुवार को सुबह। मामले की सूचना डायल 112 को सूचना दी गई । पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल करके लौट आयी।

जलालपुर के युवक की बाइक, मुंगरा बादशाहपुर सब्जी मंडी से चोरी

जंघई। सरायममरेज थानांतर्गत जलालपुर गांव के पप्पू भास्कर पुत्र अमृतलाल भास्कर मुंगरा बादशाहपुर सब्जी मंडी सब्जी लेने गए थे।बाइक मंडी के बाहर खड़ी करके पप्पू मंडी के अंदर सब्जी लेने चले गए जब सब्जी लेकर वापस आए तो देखा बाइक नहीं थी।हैरान परेशान पप्पू की बाइक एचएफ डीलक्स कोई चुरा ले गया।बाइक की गुमशुदगी की रिपोर्ट लिखवाने हेतु तहरीर पप्पू द्वारा मुंगरा बादशाहपुर थाने में दे दी गई है।

तेज आवाज में लाउडस्पीकर बजाने पर चौकी में शिकायत, खिसियाए दबंगों ने पीटा

पीड़ित अनिल कुमार प्रजापति ने मेजा थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की लगाई गुहार

अखंड भारत संदेश

मेजा। पड़ोसी द्वारा तेज आवाज में लाउडस्पीकर बजाए जाने की शिकायत एक बुजुर्ग द्वारा पुलिस चौकी में करने पर खिसियाए दबंगो द्वारा दुकान से घर जा रहे बुजुर्ग को पहले आटो से टक्कर मारने फिर उसका अपहरण कर बंद कमरे में बुरी तरह पिटाई किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। भुक्तभोगी अनिल कुमार प्रजापति ने मेजा थाने में तहरीर देकर आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही किए जाने की गुहार लगाई है। प्रकरण मेजा थाना क्षेत्र के शंभूचक गांव का है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मेजा उक्त थाना क्षेत्र के शंभुचक (पकरी सेवार) गांव निवासी बुजुर्ग अनिल कुमार प्रजापति ने मेजा पुलिस को दी गई शिकायत में इस बात जिक्र करते हुए लिखा है कि उसके पड़ोसी अशोक कुमार द्वारा आए दिन शाम को तेज आवाज में लाउडस्पीकर बजाया जाता है जिससे जहां काफी ध्वनि प्रदूषण होता है वहीं बच्चों की पढ़ाई लिखाई में भी ब्यवधान होता है जिसको लेकर वह कई बार आरोपी से तेज आवाज में बाजा न बजाने का अनुरोध भी किया लेकिन आरोपी के न मानने पर वह बीते एक सप्ताह पूर्व पुलिस चौकी सिरसा में लिखत शिकायत कर दिया था। तहरीर में भुक्तभोगी ने इस बात का भी स्पष्ट उल्लेख किया है कि चौकी में शिकायत करने से खिसियाए पड़ोसियों ने 21 नवंबर को जब वह अपनी सिलाई की दुकान बंद कर घर जा रहा था तो मिश्रपुर बाजार के समीप शाम 6 बजे के आस पास अशोक प्रजापति अपनी बिना नंबर प्लेट की आटो जिसमें तीन अज्ञात लोग सवार थे पीछे से उसे टक्कर मार दिया। बताया कि जब वह सड़क की पटरी पर गिर गया तो आरोपी एवं उसमें सवार अज्ञात लोगों ने उसको जबरन आटो में लादकर अपरहण कर कुछ दूरी पर स्थित अपने भाई के घर के एक कमरे में उसे बंद कर बुरी तरह मारा पीटा। प्रकरण के संबंध में भुक्तभोगी की बातों को सच माना जाय तो पेशाब करने के लिए वह आरोपियों से काफी अनुनय विनय किया तो एक आरोपी उसे पेशाब करने घर के बाहर ले गया तो मौका पाकर वह धान के खेतों के रास्ते छिपते हुए भाग निकला और अपनी जान बचाया। बताते हैं कि घर पहुंचकर उसने आप बीती घटना परिजनों को बताया तो उसका बड़ा लड़का प्रवीण प्रजापति जो सरकारी स्कूल का शिक्षक है आरोपी के घर उलाहना देने गया जहां पूर्व से मौजूद आरोपियों एवं उसके अन्य परिजनों ने उसे भी मारने के लिए जैसे ही दौड़ाया वह भागकर अपने घर में छिप गया लेकिन आरोपी उसका पीछा करते हुए उसके घर में घुस गए वहां जो भी मिला पुनः मारा पीटा। घर के सामानों की तोड़फोड़ किया। तत्पश्चात घटना की सूचना ग्रामीणों ने सिरसा पुलिस को दिया पुलिस मौके पर पहुंच आरोपी अशोक को पकड़ा भी था लेकिन बिना किसी कार्यवाही के छोड़ दिया था। गौरतलब है कि कार्यवाही न होने की स्थिति में भुक्तभोगी अनिल कुमार ने आरोपियों के विरूद्ध मेजा पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही किए जाने की गुहार लगाया है।

दिसंबर के पहले पखवाड़े में नहरों में छोड़ा जाएगा पानी : अरुणवीर वर्मा

सोरांव। रवि फसलों की बुवाई इस समय जोरों पर चल रही है जिसको लेकर किसान रात दिन खेती करने में व्यस्त हैं लेकिन कुछ ऐसे भी किसान हैं जिन्होंने रवि की बुवाई अक्टूबर के अंतिम सप्ताह और नवंबर के पहले सप्ताह में ही पूरी कर लिए है। इतना ही नहीं बोए गए फसल को अब सिंचाई की आवश्यकता है लेकिन नहरों में पानी न होने के कारण किसान चिंतित है। हालांकि इस समय इलाके में नहरों की सफाई बहुत ही जिम्मेदारी और बेहतर तरीके से की जा रही है। जिसमें विभागीय अधिकारियों का समय-समय पर आकस्मिक निरीक्षण भी लगा रहता है। वही सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता अरुण वीर वर्मा से बात हुई तो उन्होंने बताया कि किसानों के खेतों तक व टेल तक पानी पहुंचाने के लिए विभाग लगा हुआ है। इस समय नहर की सफाई युद्ध स्तर पर की जा रही है। जिसमें विभाग के अधिकारी व कर्मचारी संग ठेकेदार भी अपनी जिम्मेदारी से निर्वाहन कर रहे हैं। दस दिसंबर तक नहरों में पानी छोड़ा जाएगा। क्षेत्र के किसान राम राज, अशर्फी लाल, राधेश्याम, हरीराम, आदि किसानों का कहना है कि सोरांव रजबहा से निकलने वाली बादलपुर माइनर बहुत ही बढ़िया ढंग से साफ किया गया है। जिससे अब थोड़ा भी पानी आने पर भी किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिल सकेगा। किसने की माने तो सिंचाई विभाग के जिम्मेदार अधिकारी हुआ सहायक अभियंता अरुण वीर शर्मा समय-समय पर क्षेत्र का भ्रमण करते रहते हैं और जहां कहीं भी नहर के पटरी कटी मिलती है। लोगों को सूचित करके सही करने के लिए सलाह देते हैं। जिससे सभी किसानों को पानी मिल सके।

कलयुग केवल नाम अधारा : श्री विशुद्धानंद

सहसों। क्षेत्र के चंदौहां गांव स्थित दिनेश कुमार द्विवेदी एवं देवदत्त द्विवेदी के संयोजन में चल रही सप्त दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा के दूसरे दिन कथा व्यास श्री विशुद्धानंद रूद्रावर्त ने भक्ति, ज्ञान वैराग्य का वर्णन करते हुए बताया कि कलयुग में श्रद्धा भक्ति से ही मोक्ष प्राप्ति का सुगम मार्ग है। देवर्षि नारद ने तीनों युगों सतयुग, त्रेता, द्वापर का भ्रमण करते हुए कलयुग में यमुना नदी के तट पर पहुंचे जहां पर भक्ति देवी ने ज्ञान और वैराग्य के साथ चिंतित और दुःखी मन से बैठी हुई थी। जिस पर नारद ने भक्ति से कहा देवी सतयुग त्रेता तथा द्वापर युग में ज्ञान और वैराग्य मुक्ति का साधन था परन्तु आज इस कलयुग में परमात्मा का सच्चा प्रेम भक्ति ही मनुष्य के मोक्ष का सुगम मार्ग है। कथा व्यास ने कहा "कलयुग केवल नाम अधारा, सुमिर सुमिर नर उतरे पारा" कलयुग में परमात्मा को प्रेम भक्ति व भगवान नाम संकीर्तन से अपने वश में किया जा सकता है। कथा व्यास ने अजामिल उपाख्यान एवं प्रहलाद चरित्र की कथा सुनाते हुए कहा प्रभु स्वयं कहते हैं कि मैं भक्तों के अधीन हूं "भगत के वश में हैं भगवान" इसलिए सच्चे मन व श्रद्धा से की गई भक्ति ही मनुष्य का मुक्ति का मार्ग प्रशस्त करने का साधन है। कथा व्यास ने भक्ति श्रोताओं को अलादीन करते हुए कहा कि भगवत कथा से ही परमात्मा की कृपा बरसेगी तथा घर में सुख समृद्धि के अतिरिक्त परिवार में शांति, सौहार्द, प्रेम, एकजुटता आएगी तथा सभी का कल्याण हो जाएगा। कथा विश्राम पर मुख्य यजमान श्रीमती शांता द्विवेदी एवं पंडित सुरेश कुमार द्विवेदी ने व्यासपीठ तथा यज्ञ मंडप एवं आवाहित देवी देवताओं की आरती उतारी तत्पश्चात प्रसाद का वितरण कराया। इस अवसर पर पंडित यज्ञ नारायण द्विवेदी, पंडित रमेश कुमार द्विवेदी, विनोद कुमार संतोष कुमार ब्रह्मदेव द्विवेदी संजय कुमार, चिंतामणि शुक्ला, कृष्ण बल्लभ द्विवेदी, जयप्रकाश द्विवेदी, तेज प्रताप सिंह सहित भारी संख्या में श्रद्धालु भक्तों ने कथा का रसपान किया।

भीम आर्मी तथा आजाद समाज पार्टी कांशीराम के संयुक्त तत्वाधान में निकली संविधान बचाओ संकल्प रैली

अखंड भारत संदेश

जसरा। गुरुवार भीम आर्मी तथा आजाद समाज पार्टी कांशीराम के संयुक्त तत्वाधान में संविधान बचाओ संकल्प रैली का आयोजन किया गया । रैली की शुरूआत भेलॉव गांव से शुरू हो करके लोहगरा बारा होते हुए जसरा ब्लॉक मुख्यालय पर पहुंचा । जहां पर रिंकू जाटव ने आरोप लगाया कि रैली की शुरूआत करने के पहले बारा पुलिस ने रैली को रोकने का भरसक प्रयास किया तथा रैली निकालने वालों के साथ अभद्रता का प्रयास किया गया। वहीं पर घूरपुर थाने से नोटिस भी दिया। किंतु हम अंबेडकर के संविधान पर विश्वास करने वाले लोगों ने बताया कि रैली शांति पूर्वक तरीके से निकल जाएगी जो केवल संविधान की रक्षा की बात करेगा । जसरा ब्लाक मुख्यालय पर एकत्रित भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी कांशीराम के कार्यकताओं को संबोधित करते हुए प्रतीक देव बर्मन ने कहा कि आज देश में अंबेडकर के बनाए गए संविधान से जो छेड़छाड़ किया जा रहा है, इसे दलित समाज बर्दाश्त नहीं करेगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से घनश्याम कोटार्य (पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि) मोहित कुमार , सुशांत , पुष्पेंद्र गौण , कुलदीप जाटव, डॉक्टर शिव बहादुर कोटार्य सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे ।

मोक्षदायिनी है देवोत्थानी एकादशी पं. दिनेश चन्द्र शास्त्री

सहसों। वार्षिक त्यौहारों में पड़ने वाली एकादशी में प्रबोधिनी एकादशी सबसे शुभ और मंगलकारी मानी गई है। इस एकादशी को देवोत्थान एकादशी और डिठवनी एकादशी के नाम से भी जाना जाता है। आचार्य पंडित दिनेश चन्द्र शास्त्री ने बताया कि इस दिन भगवान विष्णु चार महीने की सयन निद्रा के बाद जाग्रत होते हैं। ऐसे में जगत के पालनहार के जागते ही 4 महीनों से रुके हुए सभी तरह के मांगलिक कार्य फिर से शुरू हो जाते हैं। धार्मिक मान्यता है कि सभी एकादशियों में सर्वश्रेष्ठ मानी जाने वाली इस एकादशी का व्रत करने वालों को मोक्ष की प्राप्ति के साथ घर परिवार में सुख शांति के साथ समृद्धि की भी प्राप्ति होती है। गन्ने के महत्व के बारे में भी आचार्य ने बताया कि मौसम बदलने की वजह से इस दिन से लोग गुड़ का सेवन करना शुरू करते हैं। गुड़ को गन्ने के रस से बनाया जाता है। इसलिए इस दिन गन्ने की पूजा का महत्व और अधिक बढ़ जाता है। गन्ने को मीठे का शुभ स्रोत माना जाता है। साथ ही यह माना जाता है कि अगर हम भी अपने व्यवहार में मिठास ले आएंगे तो घर में सुख शांति के अतिरिक्त परिवारी जन में मिठास बनी रहेगी। लोक रीति में एकादशी के दूसरे दिन भोर में गन्ने तथा सूप को गन्ने से पीटते हुए दरिद्र को भगाने की परंपरा भी ग्रामीण अंचल में आज भी कायम है। बताते हैं कि ऐसा करने से घर के दरिद्र दूर हो जाते हैं और घर में लक्ष्मी का वास वर्ष भर बना रहता है।

शराब का पैसा न देने पर महिला को यूवक ने चापड से कातिलाना हमला कर किया जख्मी

आरोपी गिरफ्तार भेजा गया जेल, महिला का पडोसी है युवक

मऊआइमा। शराब का पैसा न देने पर पडोसी युवक महिला के घर में घुस कर चापड से कातिलाना हमला कर जख्मी कर दिया। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मऊआइमा थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर खास निवासनीय शहनाज बानों 55 वर्ष अपने घर में काम कर रही थी।बताते हैं कि पडोसी युवक शराब के लिए पैसा मांगने लगा पैसा न देने पर चापड से हमला कर महिला को जख्मी कर दिया। नाजुक हालत में महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जख़्मी महिला के पुत्र मोहम्मद कैफ पुत्र स्वर्गीय अब्दुल मालिक ने मऊआइमा थाने में सरवर हुसैन पुत्र बदरुद्दीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा कस्बा प्रभारी शरद सिंह, कांस्टेबल सुब्बा राजभर ने सरवर हुसैन को दौडा कर गुरूवार को पकड कर जेल भेज दिया।

दो अलग अलग घरों में नगदी समेत लाखों का आभूषण चोरी

मऊआइमा। मऊआइमा क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद हैं। बीती रात चोरों ने दो अलग अलग घरों में छत के सहारे चढ़ कर नगदी समेत लाखों का आभूषण चोरी कर ले गए।जिसकी सूचना पुलिस को दी गई है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के दमोदर का पूरा(कल्याणपुर)निवासीगण लल्लू सरोज पुत्र रघुराज तथा पड़ोसी सीमा देवी के घर में छत के सहारे चोर चढ़कर घर में घुस गए। बताते हैं कि घर में रखा संदूकों का ताला तोड कर नगदी समेत आभूषण लाखों का आभूषण चोरी कर ले गए।चोरी घटना से गांव में दहशत बना हुआ है। गुरुवार को सुबह। मामले की सूचना डायल 112 को सूचना दी गई । पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल करके लौट आयी।

स्वागत समारोह में रामलीला कमेटी द्वारा पत्रकारों को किया गया सम्मानित

फाफामऊ। ऐतिहासिक रामलीला कमेटी द्वारा मंगलवार को जवाबी कीर्तन का आयोजन किया गया कमेटी की तरफ से क्षेत्र के सम्भ्रांत व्यक्तियों व देश के चौथे स्तंभ कहे जाने वाले पत्रकार बंधुओ का कमेटी की तरफ से स्वागत किया गया स्वागत समारोह कार्यक्रम में कमेटी अध्यक्ष के द्वारा पत्रकार आरडी वर्मा, राम कुमार प्रजापति, जीतेन्द्र सिंह, विजय पटेल, अनिल सोनी, अश्वनी मिश्र, डी के यादव समेत सभी पत्रकारों का माल्यापर्ण कर प्रतिचिन्ह सील्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कमेटी के अध्यक्ष प्रेम बहादुर सिंह ने किया संचालन भाजपा युवा नेता सोनू जायसवाल ने किया इस मौके पर भाजपा नेता व पूर्व पार्षद उपेंद्र सिंह पूर्व पार्षद रामकुमार यादव व्यापार मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र केसरवानी रणजीत बहादुर सिंह, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष श्यामबाबू केशरवानी चन्दन प्रजापति समेत कई दर्जन लोग मौजूद रहे।

डीएम ने की देव दीपावली पर्व को भव्य एवं दिव्य रूप में मनाये जाने की तैयारियों के सम्बंध में बैठक

अखंड भारत संदेश

जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को अपने विभाग से सम्बंधित सभी तैयारियां समय से सुनिश्चित किए जाने के दिए निर्देश

प्रयागराज। जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल की अध्यक्षता में गुरूवार को संगम सभागार में 27 नवम्बर, 2023 को देव दीपावली पर्व को भव्य एवं दिव्य रूप में मनाये जाने की तैयारियों के सम्बंध में बैठक आयोजित की गयी। कार्यक्रम को सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु जिला प्रशासन के साथ-साथ अन्य लोगो को भी कार्यक्रम में सम्मिलित किया जायेगा। दीपों को अच्छे एवं व्यवस्थित ढंग से जलाने के लिए सेक्टर वार व्यवस्था किए जाने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को कार्यक्रम स्थल पर एम्बुलेंस के साथ-साथ सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये है। उन्होंने मार्गो पर साइनेज तथा पार्किंग आदि की व्यवस्था भी किये जाने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने कहा कि देव दीपावली पर्व के अवसर पर मुख्य कार्यक्रम स्थल संगम क्षेत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम, लेजर शो सहित अन्य कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जायेगा। जिलाधिकारी ने बिजली विभाग को देव दीपावली पर्व पर प्रकाश की समुचित व्यवस्था कराये जाने, नगर निगम को साफ-सफाई एवं पानी के टैंकर, मोबाइल ट्वायलेट आदि की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये है। जिलाधिकारी ने सभी घाटों के लिए नोडल अधिकारी भी नामित करने के लिए कहा है। इस अवसर पर सेल्फी प्वाइंट एवं सैण्ड आर्टस भी बनाये जाने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित अधिकारियों को देव दीपावली पर्व के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम को भव्य एवं सुव्यवस्थित ढंग से कराये जाने हेतु सौंपे गये दायित्वों को पूर्ण मनोयोग के साथ सम्पादित किए जाने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने देव दीपावली पर्व के अवसर पर पार्किंग प्लान बनाकर व्यवस्थित ढंग से गाड़ियों के पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के लिए पुलिस अधीक्षक यातायात को कहा है। उन्होंने महिला पुलिस कर्मियों की तैनाती के साथ-साथ अग्निशमन अधिकारी को कार्यक्रम स्थल पर अग्निशमन की गाड़ी की भी व्यवस्था करने के लिए कहा है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन हर्ष देव पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी नगर मदन कुमार, ए0डी0एम0 मेला दयानन्द प्रसाद तथा पुलिस विभाग के अधिकारीगणों के साथ-साथ अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

पांडुलिपि सम्पदा की प्रदर्शनी का भव्य शुभारंभ

प्रयागराज। गुरूवार को विश्व धरोहर सप्ताह (19 से 25 नवम्बर - 2023) के अवसर पर राजकीय पाण्डुलिपि पुस्तकालय प्रयागराज द्वारा आयोजित दो दिवसीय पाण्डुलिपि सम्पदा प्रदर्शनी का उद्घाटन प्राचीन इतिहास विभाग, श्यामा प्रसाद मुखर्जी महाविद्यालय, प्रयागराज में किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुये उप प्राचार्य डॉ० के० बी० श्रीवास्तव ने कहा कि विश्व धरोहर दिवस के अवसर पर लगायी गयी यह प्रदर्शनी प्रासंगिक है इन युवा पीढी में अपनी संस्कृति एवं धरोहर के प्रति रुचि विकसित होगी। संयोजक डॉ० रत्ना शर्मा के प्रयास से आयोजित इस प्रदर्शनी के विषय में उन्होंने उपस्थित छात्र- छात्राओ को पाण्डुलिपियों के महत्व एवं शैक्षिक जीवन में उसका महत्व क्या है विस्तार से बताया। पाण्डुलिपि अधिकारी श्री गुलाम सरवर ने पाण्डुलिपि प्रदर्शनी का उद्देश्य बताते हुये पाण्डुलिपियों के रख रखाव के विषय में बहुमूल्य जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अध्ययन के अधिकतम विषयों का भंडार पांडुलिपियाँ ही हैं हमारे संकलित ग्रंथों में सांस्कृतिक तथा वैज्ञानिक विषयों की बहुलता है। प्रदर्शनी में वेद, पुराण, ज्योतिष, आयुर्वेद, इतिहास, धर्म,व्याकरण साहित्य आदि पांडुलिपियों के चित्र प्रदर्शित किये गए हैं। प्रदर्शनी में संस्कृति विभाग प्रयागराज से राकेश कुमार वर्मा, हरिश्चन्द्र दुबे, शैलेन्द्र यादव, अजय मौर्या, मो शफीक, अभिषेक सहित महाविद्यालय के डॉ. रजनीकान्त राय , डॉ. आशुतोष पाण्डेय, डॉ. दिनेश दिवेदी, डॉ. के.एन. सिंह, डॉ. कल्पना गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

प्रयागराज में 11 महीने में रफ्तार ने ली 460 लोगों की जान

सबसे ज्यादा हादसे झूंसी और कर्नलगंज में

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। लखनऊ में बेकाबू रफ्तार से दौड़ती कार के एएसपी के बेटे को रौंदने की घटना बेहद चर्चा में है। हालांकि, रफ्तार की मार संगमनगरी में भी कम नहीं है। यहां जनवरी से अक्तूबर तक 1000 से ज्यादा हादसे हो चुके हैं, जिनमें 460 लोग जान गंवा चुके हैं। शहरी क्षेत्र की बात करें तो झूंसी व कर्नलगंज में सबसे ज्यादा हादसे हुए। जनवरी से अब तक झूंसी में 39 तो कर्नलगंज में ऐसी 35 दुर्घटनाएं सामने आईं। इसके बाद पूरामुफ्ती, दारागंज, जार्जटाउन व धूमनगंज का नंबर आता है जहां क्रमशः 27, 22, 19 व 18 सड़क दुर्घटनाएं हुईं। इनमें से कुछ मामलों में आरोप पत्र दाखिल हुए तो अन्य में विवेचना जारी है।चौंकाने वाली बात यह है कि हाईवे पर तो दुर्घटनाएं हो ही रही हैं। चौतरफा सीसीटीवी कैमरों से लैस शहर में भी इनकी संख्या कम नहीं है। आंकड़ों को देखें तो पता चलता है कि खतरनाक ढंग से वाहन चलाने से यहां हर दूसरे दिन एक हादसा हो रहा है। जनपद में राज्य व राष्ट्रीय दोनों तरह के राजमार्ग स्थित हैं। इन पर लगातार हादसे होते हैं। इनमें से अधिकांश हादसों में वजह खतरनाक ढंग से और अत्यधिक गति से वाहन चलाना होती है।चिंता की बात यह है कि शहर में भी वाहनों की रफ्तार पर लगाम नहीं लग पा रही है। शहरी क्षेत्र में जनवरी से लेकर अब तक लापरवाही से वाहन चलाने के चलते 214 सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। इनमें कुछ में लोगों की जान गई तो शेष में वह जख्मी हुए। यह वह मामले हैं,जिनमें लापरवाही से वाहन चलाकर दूसरे को क्षति पहुंचाने की शिकायतें पुलिस तक पहुंचीं और इनमें मुकदमे दर्ज हुए।

तेज गति से वाहन चलाने में सिर्फ 18 चालान : बेकाबू रफ्तार में वाहन दौड़ाने पर कार्रवाई का भी प्रावधान है। अलग-अलग सड़कों पर अलग-अलग गति सीमा भी निर्धारित है। हालांकि, इसके बावजूद लोग ध्यान नहीं देते हैं। निर्धारित से अधिक गति से वाहन चलाने के मामले में जनवरी से लेकर अब तक जिले में महज 18 चालान हुए हैं। बता दें निर्धारित से अधिक गति में वाहन चलाने पर हल्के मोटरवाहनों के लिए एक हजार रुपये के जुमार्ने का प्रावधान है। यातायात निरीक्षक अमित कुमार ने बताया कि खतरनाक ढंग से वाहन चलाने में 223 चालान इस वर्ष किए जा चुके हैं। निर्धारित सीमा से अधिक गति में वाहन चलाने वालों पर भी कार्रवाई की जाएगी।

नैनी के हनुमान नगर में फिर पहुंचे पीडीए के अधिकारी

सड़क चौड़ीकरण व्यापारियों के हित में हो, पार्षद व अध्यक्ष राकेश जयसवाल

नैनी। नैनी के हनुमान नगर में सड़क चौड़ीकरण वाले क्षेत्र का गुरुवार शाम प्रयागराज विकास प्राधिकरण के वीसी ने निरीक्षण किया हनुमान नगर में व्यापारी नेताओ ने लेप्रोसी से मेवालाल की बगिया तक 12 मीटर ही चौड़ीकरण करने की बात कही। प्रयागराज विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अरविंद सिंह चौहान गुरुवार शाम नैनी क्षेत्र में होने वाली सड़क चौड़ीकरण वाले इलाके का सर्वे किया। कई स्थानों पर नाप किया गया। व्यापारी नेता एवं चक रघुनाथ के पार्षद व अध्यक्ष राकेश जायसवाल ने मांग की है कि लेप्रोसी से मेवालाल बगिया तक 12 मीटर चौड़ीकरण किया जाए। हनुमान नगर में कई जगह नाप कराया गया तो कही 14 मीटर तो कहीं 16 व 20 मीटर तक व्यापारियों का घर एवं दुकान चौड़ीकरण की जद में आ रहा है। जिसपर व्यपारियो ने मांग की है कि दोबारा नाप कराकर 12 मीटर पर निशान लगाया जाए। व्यापारी नेता घनश्याम जायसवाल, बैजनाथ गुप्ता, धर्मराज पटेल, मोनू जायसवाल, मोनू डॉक्टर, राम मिश्रा, प्रदीप गुप्ता दादा, व्यापारीगढ़ मौजूद थे।

अशरफ के जेल से लेकर पैरवी-पेशी तक के खर्चे उठाता था नफीस

कभी करेली में चलाता था छोटी सी दुकान

तीन मुकदमे दर्ज थे उमेश पाल हत्याकांड से पहले

खुल्दाबाद के गुलाबबाड़ी के रहने वाले नफीस पर उमेश पाल हत्याकांड से पहले कुल तीन मुकदमे दर्ज थे। इनमें से एक हत्या का प्रयास व एससी एसटी एक्ट का था। जबकि दो मुकदमे कोराना काल के दौरान महामारी अधिनियम के तहत लिखे गए थे। इसके बाद उमेश पाल हत्याकांड में उसका नाम तब आया जब पुलिस को पता चला कि वारदात में इस्तेमाल क्रेटा कार उसकी ही थी। हालांकि तब पकड़े जाने के दौरान उसने बताया था कि घटना से कुछ महीनों पहले ही उसने यह कार रुखसार को बेच दी थी जो ट्रैवेल एजेंसी चलाता था।

प्रयागराज। 50 हजार का इनामी नफीस अशरफ के जेल से लेकर पैरवी-पेशी तक के खर्चे उठाता था। इसके साथ ही अशरफ की पत्नी जैनब के लिए भी रुपयों-गाड़ी का इंतजाम करता था। करेली में छोटी सी दुकान से व्यवसाय शुरू करने वाला यह आरोपी माफिया की सरपरस्ती में कुछ ही सालों में फर्श से अर्श पर पहुंच गया। ठेले पर बिरयानी बेचने वाला दुकानदार जमीनों का सौदागर बन बैठा था।नफीस को करीब से जानने वाले बताते हैं कि 2005 में वह बेहद तंगी के दौर से गुजर रहा था। तब करेली में उसने ठेले पर बिरयानी बेचना शुरू किया। तंगहाली के दिनों में उसके स्कूल के साथी रहे माफिया अशरफ ने उसका साथ दिया। न सिर्फ रुपयों से मदद की बल्कि बड़े भाई के कब्जे वाली नवाब युसुफ रोड स्थित जमीन को कारखाने के लिए दे दिया। इसके बाद नफीस ने एमजी मार्ग पर पैलेस सिनेमाहाल के पास बिरयानी की दुकान खोली। दुकान चल पड़ी और देखते ही देखते वह नफीस बिरयानी के नाम से जाना जाने लगा।अशरफ और उसके गुर्गे अक्सर उसकी दुकान पर बिरयानी खाने पहुंचते थे। इसके बाद अशरफ की मदद से ही वह जमीनों की खरीद फरोख्त में जुट गया और फिर माफिया की काली कमाई को सफेद करने में लग गया। 2021 में अशरफ के जेल जाने के बाद से उसके जेल और पेशी-पैरवी के खर्चे वह ही उठाता था। अशरफ की पत्नी जैनब के लिए रुपयों व गाड़ी का इंतजाम भी वह ही करता था। अशरफ के नाम पर उसने जमीन के कई बड़े सौदों में भी हाथ डाला और लाखों रुपये कमाए भी।

न्यूज झरोखा...

बॉयज इंटर कॉलेज सीओडी छ्योंकी के प्रांगण में संसद खेलकूद स्पर्धा समारोह धूमधाम से संपन्न हुआ

नैनी। नैनी बॉयज इंटर कॉलेज सीओडी छ्योंकी के प्रांगण में संसद खेलकूद स्पर्धा समारोह धूमधाम से संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में 16 से 25 वर्ष के युवा खिलाड़ियों ने प्रतिभा किया। खेलकूद समारोह में कबड्डी वालीबाल खो खो की लगभग तीन दर्जन से ज्यादा टीमों ने भाग लिया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद प्रोफेसर रीता बहुगुणा जोशी ने दीप प्रज्वलित कर किया। सांसद प्रोफेसर डॉक्टर रीता बहुगुणा जोशी ने बताया कि खेल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण अंग है यह हमें स्वस्थ रखने के हमारे साथ साथ मानसिक और सामाजिक विकास का भी माध्यम है। खेल किसी भी व्यक्ति को अनुशासित करने के साथ साथ उसके चरित्र का निर्माण भी करते हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं समारोह की मुख्य संयोजकता प्रोफेसर डॉक्टर रीता बहुगुणा जोशी ने विजय प्रतिभागियों को ट्रॉफी व ट्रैक सूट वितरित कर उनके विद्यालय के प्रति शुभकामना दी। समारोह की अध्यक्षता बहुगुणा स्मृति समिति के जिला अध्यक्ष संत प्रसाद पांडे ने की, समरोह में अतिथियों का स्वागत विद्यालय के प्रधानाचार्य दुर्ग विजय यादव, आभार प्रदर्शन ज्ञानेश्वर शुक्ला व संचालन प्रशांत जी ने किया। समारोह में सामाजिक कार्यकर्ता भागवत प्रकाश कुशवाहा, पृथ्वी पाल सिंह, स्वामीनाथ त्रिपाठी, पार्षद बलराज पटेल, पार्षद संजय भारतीय, सतीश जायसवाल, आर पी यादव, रेहान भारतीय, राजेश त्रिपाठी, शेषनाथ तिवारी, अमित पांडे, सतीश जायसवाल, अतुल कुमार सिंह विनय यादव, मधु वाजपेई, अमित साहू आदि उपस्थित रहे ।

इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश का भी विदाई समारोह में छलका तबादले का दर्द

प्रयागराज। कलकत्ता हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति बिब्के चौधरी की तरह इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश रहे प्रीतिंकर दिवाकर भी अपने तबादले का दर्द बयां कर चुके हैं। सोमवार को हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की ओर से हुए विदाई समारोह में उन्होंने कहा था कि छत्तीसगढ़ से उनका इलाहाबाद हाईकोर्ट में तबादला दंड देने के इरादे से किया गया था, लेकिन यह पुरस्कार साबित हुआ। इस बहाने वह एशिया की सबसे बड़ी बार की खूबियों और काबिल वकीलों से परिचित हो सके। 2009 में छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में जज बने प्रीतिंकर दिवाकर बीते 21 नवंबर को ही इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के बतौर सेवानिवृत्त हुए हैं। तीन अक्तूबर 2018 को उनका तबादला इलाहाबाद हाईकोर्ट में किया गया था। इससे वह खुश नहीं थे। बरसों से सीने में दबा उनका यह दर्द सोमवार को हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की ओर से रखे गए विदाई समारोह में छलक आया। कहा, मेरा स्थानांतरण दंडित करने के इरादे से किया गया था। लेकिन, जैसा कि भाग्य ने चाहा, यह स्थानांतरण वरदान बन गया। हाईकोर्ट और बार का बहुत सारा प्यार और सहयोग मिला। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ वाले कोलेजियम ने मेरा नाम मुख्य न्यायाधीश के लिए आगे बढ़ाया। मेरे साथ हुए अन्याय को सुधारा। उन्होंने कहा, जीवन एक परीक्षा है, परिणाम नहीं। सच बात यह है कि कर्म इसे तय करता है। अच्छा काम हमेशा अपनी छाप छोड़कर जाता है। हाईकोर्ट में सीमित संसाधनों के बावजूद उसे आगे बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। बाहर रहकर इलाहाबाद हाईकोर्ट की आलोचना करने वालों को अंदर से इसका काम देखना चाहिए।

छिवकी होकर चलेगी मुजफ्फरपुर-लोकमान्य तिलक सुपरफास्ट

प्रयागराज। रेलवे ने मुजफ्फरपुर से लोकमान्य तिलक के बीच स्पेशल ट्रेन चलाए जाने का निर्णय लिया है। ट्रेन प्रयागराज छिवकी के रास्ते रवाना होगी। इसकी समय सारिणी रेलवे प्रशासन ने जारी कर दी है। मुजफ्फरपुर से लोकमान्य तिलक के लिए 05281 का संचालन प्रत्येक शुक्रवार, सोमवार को 24 नवंबर से चार दिसंबर तक होगा। दोपहर एक बजे चलने के बाद ट्रेन हाजीपुर, पाटलिपुत्र, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन होते हुए रात 9:05-9:10 बजे प्रयागराज छिवकी पहुंच जाएगी।

इसके बाद सतना, कटनी, जबलपुर, इटारसी, नासिक रोड आदि स्टेशनों पर रुकते हुए अगले दिन शाम सात बजे लोकमान्य तिलक पहुंचेगी। इसी तरह लोकमान्य तिलक से गाड़ी संख्या 05282 का संचालन 25 नवंबर से पांच दिसंबर तक प्रत्येक शनिवार एवं मंगलवार की रात नौ बजे होगा। जो अगले दिन शाम 6:35-6:40 बजे प्रयागराज छिवकी एवं सुबह चार बजे मुजफ्फरपुर पहुंच जाएगी। 22 कोच की सुपरफास्ट स्पेशल में स्लीपर के 14, एसी थ्री के दो, एसी टू का एक, सामान्य श्रेणी के तीन एवं एसएलआरडी के कुल दो कोच रहेंगे।

बेसिक शिक्षा सचिव और परीक्षा नियामक प्राधिकारी 28 नवंबर को तलब

69000 शिक्षक भर्ती में एक अंक बढ़ाने का मामला

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट में 69000 शिक्षक भर्ती में एक अंक बढ़ाने के मामले में दिए गए आदेश का अनुपालन न करने पर बेसिक शिक्षा सचिव प्रताप सिंह बघेल और परीक्षा नियामक प्राधिकारी अनिल भूषण चतुर्वेदी को 28 नवंबर को तलब किया है। कोर्ट ने कहा है कि मामले में दोनों अधिकारी आपस मे बैठकर कोई ठोस रास्ता निकालें और अगली सुनवाई पर कोर्ट को बताएं। इसके पहले कोर्ट ने दोनों अधिकारियों की ओर से दाखिल हलफनामे को रिकॉर्ड पर ले लिया, लेकिन अधिकारियों के जवाब पर नाराजगी जाहिर की। कोर्ट ने कहा कि दोनों अधिकारी एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगा रहे हैं, लेकिन कोर्ट के आदेश का अनुपालन नहीं कर रहे हैं। कोर्ट ने कहा है कि दोनों अधिकारी एक साथ बैठकर इस मामले में कोई ठोस निष्कर्ष निकालें। ताकि, 28 नवंबर को होने वाली अगली सुनवाई पर कोई ठोस योजना के साथ कोर्ट के समक्ष उपस्थित हों। अन्यथा, अपीलीय कोर्ट के आदेश की अवमानना में दोनों अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। कोर्ट ने दोनों अधिकारियों से कहा है कि उन्हें आदेश का अनुपालन न करने का स्पष्टीकरण भी देना होगा कि क्यों न उनके खिलाफ अवमानना की कारवाई की जाय। कोर्ट ने इसके पहले मामले में बेसिक शिक्षा सचिव प्रताप सिंह बघेल से जवाब मांगा था। कोर्ट ने सचिव को 48 घंटे की मोहलत दी थी। जिस पर सचिव की ओर से बृहस्पतिवार को हलफनामा दाखिल किया गया। परीक्षा नियामक प्राधिकारी ने अपना हलफनामा पहले ही दाखिल कर दिया था, जिसके बाद कोर्ट ने सचिव से स्पष्टीकरण मांगा था। दोनों अधिकारियों के हलफनामे में सही जवाब न मिलने पर कोर्ट ने नाराजगी जाहिर की और दोनों को तलब कर लिया।

आजीविका का संरक्षण और पथ विक्रय का विनियमन के संदर्भ में जागरुकता अभियान चलाया

नैनी। नैनी के पी.डी.ए नैनी,शंकर ढाल, एग्रीकल्चर ओवर ब्रिज युनिवर्सिटी नैनी और फाफामऊ, हैरिटेज मार्केट आनन्द भवन के पास असंगठित कामगार कल्याण संघ और पथ विक्रेता संगठन के फुटपाथ दुकानदारों (लघु व्यवसायी) साथियों को पथ विक्रेता (आजीविका का संरक्षण और पथ विक्रय का विनियमन) अधिनियम 2014 के क्रियान्वयन करने के सन्दर्भ में जागरूक कार्यक्रम की शुरूआत की गई जिसमें आगामी 24 नवम्बर 2023 को अधिक से अधिक संख्या में नगर निगम ऑफिस सिविल लाइन प्रयागराज में पंहुचकर नगर आयुक्त महोदय एवं अपर नगर आयुक्त महोदय को ज्ञापन पत्र एवं मांग पत्र देकर पथ विक्रेता (आजीविका का संरक्षण और पथ विक्रय का विनियमन) अधिनियम 2014 के सन्दर्भ में फुटपाथ दुकानदारों को प्रधानमंत्री स्व निधि योजना से जुड़ी अन्य सरकारी योजनाओं और कार्यस्थल पर सामाजिक सुरक्षा योजनाएं एवं महिलाओं की सामाजिक चुनौतियों के प्रति संवेदनशील होकर समुदाय को सशक्त बनाने के लिए जागरूक किया जाए इसी क्रम में असंगठित कामगार कल्याण संघ के यूथ लीडर राजेन्द्र कुमार शर्मा,संजय गोस्वामी,अजय कुमार सिंह और पथ विक्रेता संगठन के सभी सहयोगी साथी एवं कार्यक्षेत्र के सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता राजवंशी सिंह तथा महिला साथियों के यूथ लीडर शशिलेश सिंघवी और असंगठित कामगार कल्याण संघ के पदाधिकारी गण एवं टीम द्वारा समीक्षात्मक शान्ति पूर्ण ढंग से फुटपाथ दुकानदारों को क्ष्उ मैटीरियल के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया।

हफ्ते भर के अन्दर शिक्षकों की वापसी नहीं हुई तो विद्यायल में जड़ेगे ताला : सितम सिंह

अखंड भारत संदेश

मेजा। विकास खण्ड उरुवा के ग्राम पंचायत चौकी बगहा की ग्राम प्रधान श्रीमती सुनीता देवी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन बुधवार से प्रारम्भ किया है और कहा कि 4 वर्षो से एक ही शिक्षक के भरोसे संचालित किया जा रहा है। श्रीमती की मांग है प्राथमिक विद्यालय चौकी सेकेंड हटा कर बगहा किया जाय। और बच्चो के अनरूप शिक्षक की एक सप्ताह तैनाती नही की गई तो अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करते हुए तालाबंदी किया जाएगा उसका जिम्मेदार शासन प्रशासन होगा। प्राथमिक विद्यालय चौकी सेकेंड में कुल 143 छात्र पंजीकृत हैं। जिसमे 84 छात्र वर्तमान में उपस्थित है। पंकज अग्रवाल प्रभारी के तौर कार्यरत है। जिससे बच्चों का पठन-पाठन सुचारू रूप से नहीं हो पा रहा है। कारण प्राथमिक विद्यालय में शिक्षकों की अनुपस्थित रही। बताया गया कि पूर्व छात्र संख्या के अनुरूप में चार अध्यापक नियुक्त थे, जिसमें से तीन अध्यापक ओम प्रकाश त्रिपाठी, विवेक चंद्र मिश्रा एवं पुष्पेंद्र कुमार शुक्ला को शिक्षा विभाग के आदेश के क्रम में उक्त तीनों अध्यापक को एकेडमी रिसोर्स परिसन (ए .आर. पी) के पद पर नियुक्त करते हुए तीन वर्ष के लिए ब्लॉक सोरांव, चाका एवं करछना मे कर दिया गया हैं। जबकि इन तीनों अध्यापक का वेतन प्राथमिक विद्यालय चौकी सेकंड से ही आहरित हो रहा है तथा राजेश कुमार सिंह शिक्षामित्र आदेश संख्या 69000 सहायक अध्यापक भर्ती प्रथम चरण -312772622020-21 दिनाक 16 अक्टूबर 2020 मैं हो जाने के कारण राजेश कुमार सिंह शिक्षामित्र को 17-10-2020 को कार्य मुक्त कर दिया गया। शासन के निर्देश के क्रम में निपुण निपुण लक्ष्य 2025-26 एवं बाल वाटिका के तहत छात्र-छात्राओं को ज्ञान अर्जित करने का कार्य अध्यापकों के अभाव में पूर्ण किया जाना संभव नहीं हो पा रहा। इस लक्ष्य के मद्देनजर यथाशीघ्र प्राथमिक पाठशाला चौकी सेकंड पर अध्यापकों की उपलब्धता छात्र संख्या के आधार पर सुनिश्चित करें तथा पूर्व में नियुक्त अध्यापकों को पुनः उन्हें ए०आर०पी० के पद से मुक्त करते हुए वापस विद्यालय भेजा जाए अथवा उनकी जगह 3 अध्यापक प्राथमिक विद्यालय चौकी में पठन-पाठन सुचारू रूप से चलाने के लिए उपलब्ध कराया जाए। मामले में बच्चों का पठन-पाठन प्रभावित होने से अभिभावकों में भी नाराजगी है। इस मौके अविभावक कन्हैया लाल निषाद ,सरोज कुमार निषाद, राजेंद्र प्रसाद,सुरेश कुमार पटेल, विनय कुमार वर्मा , पवन कुमार वर्मा, बृजेश कुमार पटेल, सुनीता निषाद ,दयाराम निषाद, नागेश निषाद,आनंद कुमार कपिल देव, लियाकत अली बकरीद अली, प्रदीप निषाद अनिल निषाद अरविंद कुमार गुप्ता, राजू पटेल , विष्णु शकर,पवन कुमार, मनोज विश्वकर्मा, रामानंद यादव सुधीर पटेल, शेरू पटेल, चंद्रमा सिंह, सुनील कुमार सिंह, मूलचंद गोयल, कैलाश पटेल, शिव प्रसाद प्रजापति,सूरज कुमार पटेल , तथा जरीना बेगम, हसीना बेगम सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

मानस पार्क में चल रहे मानस शिखर सम्मेलन में लगी भक्तों की भीड़

नैनी। नैनी स्थित मानस पार्क में चल रहे मानस शिखर सम्मेलन के दूसरे दिन ग्वालियर से पधारीं परम विदुषी, भक्तिमति राधा शर्मा ने माता सती का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि ईश्वर के प्रति संशय जीव के पतन का कारण बन जाता है। संशयात्मा विनश्यति। माता सती ने भगवान शंकर की बात पर भरोसा नहीं किया और भगवान राम के ईश्वरत्व पर संशय किया। परिणाम स्वरूप उन्हें अपनी देह त्याग करनी पड़ी। भक्तिमति राधा शर्मा द्वारा प्रस्तुत की गई श्री रामचरितमानस की संगीतमय प्रस्तुति ने श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। भगवान भूत भावन शंकर की नगरी काशी से पधारे विलक्षण प्रतिभा के धनी, अपनी वाणी से श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर देने वाले, परम ओजस्वी वक्ता, मानस मर्मज्ञ डॉ. मदन मोहन मिश्र 'दिव्य' ने नारद मोह का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि भगवान श्री हरि विष्णु द्वारा अपनी माया से रचित स्वयंवर में भी राजकुमारी रूपी माया उस स्थान पर नहीं जाती जहां देवर्षि नारद विराजे हैं। माया की इतनी हिम्मत कहां कि हरि भक्तों को छू ले` भगवान अपने भक्तों का पतन कभी नहीं होने देते। भगवान श्री हरि विष्णु ने देवर्षि नारद का अहंकार तो तोड़ा किंतु उनका भक्ति मार्ग से पतन नहीं होने दिया। डॉ मदन मोहन मिश्र 'दिव्य' की प्रवचन शैली ने श्रोताओं का मन मोह लिया। क्षेत्र के प्रतिष्ठित कथा वाचक पं. विनोद कुमार मालवीय ने श्री राम कथा में प्रयागराज की भूमिका का वर्णन करते हुए कहा कि माघ मास में जब भगवान सूर्य नारायण मकर राशि में प्रवेश करते हैं तो देव, दनुज, किन्नर, मनुष्य, ऋषि मुनि, सभी प्रयागराज में पधार कर त्रिवेणी स्नान करते हैं एवं हरि चर्चा करते हैं` एक बार इसी अवसर पर महर्षि भारद्वाज के निवेदन पर महर्षि याज्ञवल्क्य ने यहीं त्रिवेणी संगम के तट पर महर्षि भारद्वाज को राम कथा सुनायी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अजय श्रीवास्तव, सुनील पांडेय, गवर्नर सिंह, आर के शुक्ला, निकी सिंह, संतोष पांडेय, अर्पित केशरवानी, रवींद्र गुप्ता, अभिषेक पांडेय, जितेंद्र शर्मा आदि उपस्थित रहे।

भारत संकल्प यात्रा को सांसद विनोद सोनकर ने दिखाई हरी झंडी

मोदी सरकार ने ऐतिहासिक कार्य किये: सांसद

अखंड भारत संदेश

कुण्डा, प्रतापगढ़। मोदी सरकार ने गांव, गरीब, किसान एवं युवाओं के लिये अनेकों योजनाएं चलाई। आज सरकार की योजनाएं आम जन मानस तक पहुंच रही है। सरकार की उपलब्धियों के प्रचार प्रसार के लिए केन्द्र सरकार द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। जो गांव-गांव जाकर सरकार की उपलब्धियों को आम जन मानस तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। यही नही अभी तक जिन लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ नही मिल पा रहा है। ऐसे लोगों को सरकार की योजनाओ का लाभ फार्म भरवा कर दिया जायेगा।

डाक बंगले के बाहर लोगों से मिलते सांसद विनोद सोनकर।

उक्त बातें कौशाम्बी सांसद, संसदीय आचार समिति लोकसभा के चैयरमैन, दादरा नगर हवेली एवं दमन दीव के प्रभारी विनोद सोनकर ने कुंडा डाकबंगला में उपस्थित जन समूह के बीच कही। सांसद विनोद सोनकर ने सरकार की योजनाओं को विस्तार से बताया। सांसद विनोद सोनकर एवं भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव ने वोटर चेतना अभियान की बैठक कुंडा डाक बंगला में की। सभी कार्यकताओं से आगामी दिनों में मतदाता सूची में 18 वर्ष की उम्र पूर्ण कर लिए लोगों का नाम बढ़वाने का अनुरोध किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्य समिति सदस्य शिव प्रकाश मिश्र सेनानी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रमोद मौर्या, जिला महामंत्री सतीश चैरसिया, जिला उपाध्यक्ष राजन मिश्र, सांसद मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र पाण्डेय, पूर्व जिला उपाध्यक्ष कमलेश सोनकर,पिछड़ा मोर्चा के जिलाध्यक्ष उमा शंकर पटेल, मंडल अध्यक्ष मोनू शुक्ल, सिद्धार्थ शंकर श्रीवास्तव, सरोज त्रिपाठी, योगेंद्र नाथ मिश्र मौला, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष मोहम्मद सोहराब, बबलू मिश्र, मुन्ना मिश्र, मायापति तिवारी, प्रेम नाथ दीक्षित, सुरेश तिवारी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

परियावां बिजली विभाग के शिविर मे साढ़े तीन लाख की वसूली

एक मुश्त योजना मे रजिस्ट्रेशन कराकर छूट का लाभ उठाया उपभोक्ताओ ने

अखंड भारत संदेश

परियावां, प्रतापगढ़। प्रदेश की केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार ने बिजली विभाग के बकायेदारों को राहत देने के लिए एक मुश्त समाधान योजना लागू किया जिसमे 30 नवंबर तक रजिस्ट्रेशन कराने वाले उपभोक्ताओं को एक मुश्त बिजली का लम्बा बकाया पैसा जमा करने पर भारी छूट का प्रावधान उपभोक्ताओं को दिया गया।

इसमें परियावां बस्ती के राजकुमार निर्मल का बकाया 32958 रु मे 15437 रु0 एक मुश्त छूट का लाभ उठाते हुये 17521 रु0 जमा किया। गुरुवार को परियावां मे संग्रामगढ़ एसडीओ अनिल कुमार यादव व जेई राजेश मौर्या ने अपने स्टॉफ नोडल अधिकारी नरेंद्र यादव लाईनमैंन शकील खान अनुप यादव,अजय कुमार अमोद के साथ परियावां में शिविर लगाया जिसमे बिजली के बड़े बकायेदारों ने एक मुश्त योजना का लाभ पाने के लिए रजिस्ट्रेशन कराया जिसमे एसडीओ व जेई ने उपभोक्ताओं की बिजली की समस्या का समाधान करते हुये उपभोक्ताओं का बकाया बिल जमा किया और सुधार किया सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक बिजली शिविर मे तीन लाख पच्चीस हजार सात सौ छियानबे रुपये की वसूली जमा हुई शिविर मे 34 उपभोक्ताओं को एक मुश्त समाधान योजना मे रजिस्ट्रेशन कराकर छूट का लाभ उठाया शिविर मे एक तरफ जंहा बिजली विभाग को एक मुश्त मोटी रकम की वसूली हुई तो वही दूसरी तरफ उपभोक्ताओं को एक मुश्त समाधान योजना का सरकार की पहल पर लाभ उठाया जिससे उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिली।

मुस्लिम बस्ती में लगा बिजली विभाग का शिविर।

सपाईयों ने मनाई लोकबंधु राजनारायण की 106वीं जयंती, सपा कार्यालय पर हुई गोष्ठी

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। समाजवादी पार्टी कार्यालय मीराभवन पर समाजवाद के महान क्रांतिकारी योद्धा, चिंतक लोकबन्धु राजनारायण की 106वीं जयंती के अवसर पर उनकी स्मृति पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर गोष्ठी के रूप में मनायी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष आशुतोष पाण्डेय व संचालन पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मनीष पाल ने किया।

गोष्ठी को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि लोकबन्धु राजनारायण भारत के एक राजनेता थे। जिन्होंने इन्दिरा गांधी को रायबरेली से चुनाव हराया था।

लोकबंधु राजनारायण के चित्र पर माल्यार्पण करते सपाई।

राजनारायण का जन्म वाराणसी जिले के मोतीकोट गंगापुर नामक गाँव के एक धनी भूमिहार ब्राह्मण परिवार में हुआ था। उन्होने अपनी उच्च शिक्षा बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय से प्राप्त की। 80 बार जेल जाने वाले राजनारायण अंग्रेजी सरकार के विरुद्ध इन्होंने क्रांति का बिगुल फूंका था। आजाद भारत में समता, बंधुत्व, और सदभाव की खातिर कम लोगों ने जीवन में इतनी प्रताड़ना सही होगी जो राजनीति के फक्कड़ नेता थे. वह राममनोहर लोहिया के साथ सोशलिस्ट पार्टी के संस्थापकों में थे।

हर किसी के लिए उपलब्ध और हर किसी के मददगार हालांकि बाद के बरसों में उन्हीं के सियासी साथियों ने उनसे दूरी बना ली और उन्हें भारतीय राजनीति का विदूषक भी कहा जाने लगा। विद्रोही तेवर ने बनाया राजनारायण को लोकबन्धु। समाजवादी साथियों को उनके बतायें हुए रास्ते पर चलकर ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी जा सकेगी। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष निसार अहमद, जिला सचिव सफात अहमद, समीम खान, सुरेश जायसवाल, जियाउल इसहाक, राहुल प्रजापति, राजीव विश्वकर्मा, अमीरूल हक, लालसाहब सिंह, अब्दुल खालिक, विकास यादव, प्रदीप यादव, अजय पाण्डेय, मीडिया प्रभारी वकार अहमद सहित अन्य नेतागण उपस्थित रहे।

मनोरोग की हुई कार्यशाला में चिकित्सकों ने दिये बचाव के टिप्स

कार्यशाला में विद्यालय के नोडल अधिकारियों को भी किया गया शामिल।

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 जी0एम0 शुक्ला के निर्देशन में मेडिकल कॉलेज में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण एकदिवसीय कार्यशाला संपन्न हुई, जिसमें विभिन्न विद्यालयों के नामित नोडल शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया।

कार्यशाला को मुख्य रूप से डॉक्टर विकास कुमार त्रिपाठी नोडल अधिकारी एवं डॉक्टर ज्ञानेंद्र चीफ मेडिकल ऑफिसर ने संयुक्त रूप से संबोधित किया। उन्होंने अवसाद, आत्महत्या से बचाव, तनाव और चिंता, बाइपोलर डिसऑर्डर, मानोग्रसित बाध्यता विकार, अल्जाइमर एस, नशे की लत या मोबाइल की लत, कंडक्टर डिसऑर्डर, अति चंचलता, ऑटिज्म आदि मानसिक रोगों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की, उनके लक्षण बताएं और उनसे रोकथाम के उपाय पर चर्चा की गई। यह बताया गया कि विद्यालयों में इसकी जागरूकता पैदा की जाए और साथ ही साथ विद्यालय में मनपरी एवं मन दूत छात्र-छात्राओं को बनाकर सभी छात्र-छात्राओं में जागरूकता पैदा की जाए और जो मानसिक रोग से ग्रस्त छात्र-छात्रा है उनकी काउंसलिंग की जाए। इसके लिए जिला अस्पताल में मन कक्ष जहां संबंधित का काउंसलिंग किया निशुल्क चिकित्सा व्यवस्था है। इस अवसर पर मुख्य रूप डॉ मोहम्मद अनीस, मुकेश मौर्य, डॉ अमित यादव, राजशेखर, लालमणि पटेल, कपिल देवपटेल, पवन कुमार, राहुल कुमार, संतोष कुमार शुक्ला, दीपचंद चैरसिया, सुधाकर प्रताप सिंह, विनोद कुमार पांडे, ओम शिवेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

मेडिकल कालेज में आयोजित कार्यशाला में बोलते सीएमओ डा0 जीएम शुक्ला।

लूट के अभियोग का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

लूट का 4200 रुपया, तमंचा व मोटरसाइकिल बरामद

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। थाना क्षेत्र जेठवारा के बरिस्ता से डोडपुर जाने वाली नहर, डोडपुर के पास से 17 अक्टूबर 2023 को एक व्यक्ति से हीरो स्प्लेण्डर मोटर साइकिल सवार अज्ञात दो बदमाशों द्वारा लूट करने के प्रकरण में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना जेठवारा में मु0अ0सं0 235/2023 धारा 394 भादवि का अभियोग पंजीकृत किया गया था।

पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा निरंतर अभियान चलाकर अपराध/अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना जेठवारा के व0उ0नि0 विनीत उपाध्याय मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 235/23 धारा 394 भादवि से सम्बन्धित अभियुक्त विपीन सिंह गहरवार पुत्र भगवत सिंह गहरवार नि0ग्राम पर्वतपुर थाना जेठवारा जनपद प्रतापगढ़ को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से अभियोग से सम्बन्धित लूट का 4200 रुपया व एक अवैध तमन्चा 315 बोर व 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर एवं घटना में प्रयुक्त हीरो स्प्लेण्डर प्लस मोटर साइकिल बरामद किया गया। उक्त बरामदगी के आधार पर अभियोग उपरोक्त में धारा 411 भादवि व 3/25 आर्म्स की बढ़ोत्तरी की गई। गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि 17 अक्टूबर 2023 को मैंने व मेरे एक साथी ने एक व्यक्ति से आठ हजार रुपये व उसके पास से कुछ आभूषण लूटे थे उसी लूट का हमारे पास 2500 रुपये हैं व 03 अक्टूबर 2023 की शाम को मैने तथा मेरे अन्य तीन साथियों ने मिलकर थाना क्षेत्र लीलापुर से एक व्यक्ति से दो मोबाइल फोन व एक मोटर साइकिल लूट लिया था मोटर साइकिल को एक अज्ञात व्यक्ति को बेचकर मेरे हिस्से में 04 हजार रुपये मिले थे, बाकी पैसे खर्च हो गये 1700 रुपये बचे हैं जो उसी लूट के हैं। इस सम्बन्ध में थाना लीलापुर में मु0अ0सं0 341/23 धारा 392 भादवि का अभियोग पंजीकृत किया गया था। पुलिस टीम में व0उ0नि0 विनीत उपाध्याय मय हमराह उ0नि0 सुमित सिंह, आरक्षी सतीश पाल, आरक्षी आशुतोष चैबे थाना जेठवारा जनपद प्रतापगढ़ शामिल रहे।

पुरानी पेंशन बहाली के पक्ष में 70 प्रतिशत हुआ मतदान

मतदान के दूसरे दिन 250 वोट डाले गए

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। पुरानी पेंशन योजना बहाली की मांग को लेकर हड़ताल की नोटिस देने के क्रम में रेलवे स्टेशन पर कराए गए दो दिवसीय मतदान के दूसरे दिन बुधवार को 250 वोट पड़े। दोनो दिन पड़े वोटों की गिनती कराई गई तो पता चला कि 886 में से कुल 625 वोट डाले गए जो कि 70 प्रतिशत है। शाम को पांच बजे के बाद बैलेट बॉक्स खोलकर गिनती हुई। दो दिन हुए मतदान में जंघई, प्रतापगढ़ के अलावा अन्य स्टेशनों पर मत पेटिका घुमाई गई। जिसमें कर्मचारियों ने वोट डाला। इस बारे में मेंस यूनियन के शाखा मंत्री अनिल शुक्ला का कहना है कि आल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन व एनजेसीए के आह्वान पर 21,22 नवम्बर को केंद्रीय और राज्य कर्मचारी संघ द्वारा पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर मतदान कराया गया। रेल कर्मचारियों के 886 वोट में से 625 वोट पड़े हैं। यह सूचना यूनियन के वरिष्ठ नेताओं के साथ साझा की जाएगी।

देवोत्थान एकादशी पर खूब बिके गन्ना व सिंघाड़ा

तुलसी विवाह पर पूजन के लिये महिलाओं ने रखा दिन भर का व्रत

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। देवोत्थान एकादशी एवं तुलसी विवाह पर हिन्दू समाज की महिलाओं ने गुरुवार को दिन भर का व्रत रखा और शाम होते ही तुलसी के पौधे के सामने बैठकर विधि विधान से तुलसी विवाह की पूजा अर्चना की।

तुलसी पूजन के लिये गन्ना, सिंघाड़ा, आंवला आदि की लोग पहले से ही व्यवस्था कर रखे थे। तुलसी माता से सुख शांति के लिये समर्पण भाव से पूजन अर्चन किया गया। बाजारों में गन्ना, सिंघाड़ा तो दो दिन से खूब बिका, लेकिन आंवला अभी बाजार में कम आया है। कल शाम से ही आंवला बाजार से गायब हो गया था। शाम छह बजे के बाद बाजार में कहीं आंवला नहीं मिला, तब लोगों ने आंवले की बाग की ओर रुख किया और पूजा के लिये आंवला की व्यवस्था की। बता दें कि तुलसी विवाह के बाद हिन्दू समाज में शादी विवाह शुरू हो जाते हैं। लोगों का कहना है कि अच्छे दिन की शुरूआत हो जाती है। लोगों का मानना है कि देवोत्थान एकादशी का व्रत रखने से वर्ष पर एकादशी का व्रत रखने के बराबर होता है। इसी मान्यता को लेकर आज छोटे, बडे, बूढे. सभी देवोत्थान एकादशी का व्रत रखकर शाम को तुलसी के सामने बैठकर देशी घी का दीपक जलाकर पूड़ी हलवा का भोग लगाया गया। इस तरह लोगों ने तुलसी विवाह सम्पन्न किया। हिन्दू समाज के लोगों ने अपने घरों को दीपक व बिजली के झालरों से सजाया था।

देवोत्थान एकादशी पर सजी गन्ने की दुकानें।

काव्य गोष्ठी में मौजूद साहित्यकारगण।

कलेक्ट्रेट परिसर में संपन्न हुई काव्य गोष्ठी

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। प्रबोधिनी एकादशी के पावन अवसर पर साहित्य को जगाने हेतु कलेक्ट्रेट परिसर में एक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार डॉ.दयाराम मौर्य रत्न ने किया स कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रबंधक अनिल प्रताप त्रिपाठी रहे स संचालन प्रमुख कथाकार प्रेम कुमार त्रिपाठी ने किया स सरस्वती वंदना विष्णु दत्त मिश्रा प्रसून ने किया स इस अवसर पर कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ0 दयाराम मौर्य रत्न ने पढ़ा चिर विजय का स्वप्न हूं मन में संजोये, शूल में मैं फूल बनकर खिल रहा हूं। कवि दिव्य ने पढ़ा जब के मन के ममता न मरी, तब ले सुख शांति मिले कइसे। राधेश्याम पाण्डेय दीन ने पढ़ा हाथी मारे दांत उचारे का पाया राजकिशोर त्रिपाठी रागी ने पढ़ा सास ससुर की कर के सेवा सब तीर्थ यहां पा लूंगी। अनीस देहाती ने पढ़ा राम जी के नाम कै ककहरा हमका आएगा। प्रेम कुमार त्रिपाठी ने पढ़ा हे मां मुझे मचलने दे, अपनी गोद उछलने दे। मुख्य अतिथि प्रबंधक अनिल प्रताप त्रिपाठी ने कहा साहित्यकार समाज रूपी भवन की नींव होता है, वह मानवता को महामानवता की ओर ले जाता है। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एकादशी के पावन पर्व की एक दूसरे को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

स्कूल नहीं, गुरु जी को रास आ रहा है बाजार

शिक्षण कार्य के समय करते है खरीदारी, नौनिहालों के भविष्य पर संकट

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। सरकार के लाख प्रयास के बाद भी बेसिक शिक्षा विभाग अध्यापकों की मनमानी पर अंकुश लगा पाने में नाकाम दिखाई दे रहा है।लापरवाही इस कदर है कि शिक्षण कार्य के समय बाजार में खरीदारी करना गुरु जी की आदत सी बन गई है।लोग इसे कमरे में कैद कर अधिकारियों तक भेज रहे है। इस कार्यशैली से नौनिहालों के भविष्य पर संकट मंडराता हुआ दिखाई दे रहा है।

स्थानीय विकास खंड के रानीगंज कैथौला क्षेत्र स्थित कई प्राथमिक विद्यालय के कुछ शिक्षकों को स्कूल की जगह बाजार रास आ रहा है। वह शिक्षण कार्य के समय बाजार में घूम-घूम कर खरीदारी करते हुए अक्सर देखे जाते है। क्षेत्रीय लोग इसे कैमरे में कैद कर अधिकारियों को भी भेज रहे है।

वहीं विभागीय अधिकारी इन पर अंकुश लगाने में नाकाम है या फिर इनकी मनमानी पर मौन स्वीकृति है? फिलहाल मामला कुछ भी हो स्कूल समय बाजार में घूम रहे अध्यापकों को देख कर लोग तरह-तरह की चचाएं करने से बाज नहीं आते है। एक तरफ जहां सरकार शिक्षा से देश सजाएंगे, हर बच्चे को पढ़ाएंगे, समेत कई नारों के साथ प्रचार-प्रसार में जुटी हुई है, वहीं जिम्मेदार अपनी नैतिकता को निभाने से मुंह मोड़ रहे हैं। इनकी लापरवाही नौनिहालों के भविष्य पर किसी संकट से कम नहीं है। विभागीय लापरवाही इसी तरह यदि बरकरार रही तो क्या सरकार की मंशा सब पढ़े,सब बढ़े, सफल हो पाएगी? इस बाबत बीईओ प्रभाकर यादव ने बताया कि ऐसे अध्यापकों को चिन्हित कर शीघ्र ही विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

आई0टी0आई0 में कैम्पस इण्टरव्यू का आयोजन 29 को

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। आई0टी0आई0 के नोडल प्रधानाचार्य बी0बी0 सिंह ने बताया है कि मुंद्रा सोलर प्राइवेट लिमिटेड गुजरात के अन्तर्गत सभी विभिन्न व्यवसायों के आई0टी0आई0 प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके प्रशिक्षार्थियों की आवश्यकता है। कैम्पस इण्टरव्यू आई0टी0आई0 प्रतापगढ़ के परिसर में दिनांक 29 नवम्बर 2023 को पूर्वान्ह 11 बजे होना निश्चित हुआ है। कम्पनी में सभी व्यवसाय के प्रशिक्षित युवा/युवतियॉ (उम्र सीमा 28 वर्ष से कम) भाग लेकर रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते है। कम्पनी 15520 रुपए सभी भत्तो सहित आई0टी0आई0 प्रशिक्षार्थियों, डिप्लोमा प्राप्त कर चुके अभ्यर्थियों को 16520 रुपए तथा इण्टरमीडिएट अभ्यर्थियों को 14520 रुपए प्रतिमाह भुगतान करेगी। इसके अतिरिक्त बोनस व सब्सिडाइड खाना मिलने की सुविधा कम्पनी द्वारा दिया जायेगा। विस्तृत जानकारी के लिये संस्थान के कैम्पस सेल में उर्मिला पाल कैम्पस प्रभारी से सम्पर्क करें।

तीन दिनों से कालाकांकर क्षेत्र की पानी सप्लाई बाधित

अखंड भारत संदेश

परियावां। प्रतापगढ़। विकास क्षेत्र कालाकांकर के मोहम्दाबाद उपरहार (कालाकांकर) में बीते तीन दिनों से पानी की सप्लाई ग्रामवासियो को नही मिल पा रही है जिसके चलते ग्रामवासी पानी के लिए इधर उधर भटक रहे है। ग्रामीणो ने बताया की पानी सप्लाई करने वाली बोरिंग की पानी का स्टेटस कम होने के चलते मोटर से पानी निकलना बन्द हो गया है जिससे लोग पानी के लिये भटक रहे है बोरिंग को बढ़ाने के लिए मिस्त्री भी आ गये तथा पाइप व केबिल भी आ गई है लेकिन पैसे का वजट न होने से जल निगम के जेई बोरिंग नही करा रहे है जिससे ग्राम वासी परेशान है।ग्राम वासियो ने जल निगम के अधिशाषी अभियंता का ध्यान इस ओर आक्रस्ट कराया है।

राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने की बनी रणनीति

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निदेर्शों के अनुपालन में राष्ट्रीय लोक अदालत 09 दिसम्बर 2023 को सफल बनाने के लिये कुटुम्ब न्यायालय प्रधान न्यायाधीश सुरेश चन्द्र आर्या की अध्यक्षता में प्री0 ट्रायल बैठक की गयी। बैठक में प्रधान न्यायाधीश ने आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में पारिवारिक वादों से सम्बन्धि मामलों को पक्षकारों की सहमति व सुलह समझौते के आधार पर अधिक से अधिक पारिवारिक मुकदमों का निपटारा कराने में सहयोग की अपेक्षा की गयी। बैठक का संयोजन सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीरज कुमार बरनवाल द्वारा किया गया। बैठक में पारिवारिक वादों से सम्बन्धित विद्वान अधिवक्तागण, मध्यस्थगण आदि भी उपस्थित रहे।

सैफाबाद में कांग्रेसियों ने किया दलित संवाद कार्यक्रम

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा दलित संवाद कार्यक्रम का आयोजन सैफाबाद उपाध्याय पर में आज जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष डॉ लाल जी त्रिपाठी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ, जिसका संचालन कोषाध्यक्ष वेदांत तिवारी ने किया। कार्यक्रम में सैकड़ों दलित ने दलित अधिकार मांग पत्र भरा कार्यक्रम का आयोजन पिछड़ा वर्ग के अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा ने किया। जिला अध्यक्ष डॉक्टर लालजी त्रिपाठी ने कहा कि दलित चेतना का संचार पंडित जवाहरलाल नेहरू जी के विकास के कार्य से किया था। इंदिरा जी ने उसकी मजबूती प्रदान की थी।

उन्होंने दलित से कांग्रेस के हाथों को मजबूत करने की अपील की। पूर्व अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस हमेशा दलितों को हक दिलाने दलित के विकास के लिए काम करती है। सेवादल अध्यक्ष महेंद्र शुक्ला ने कहा कि दलितों की मांग और दलित की जरूरत को पूरा करने का काम कांग्रेस पार्टी करेगी। राजेंद्र वर्मा ने कहा कि दलित का विकास कांग्रेस सरकार में ही होगा। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष वेदांत तिवारी, पूर्व प्रत्याशी सुनीता सिंह पटेल, पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा, लाल मणि वर्मा, फूलवती, कुसुम, रमाशंकर हरिजन, अंजू, कलावती गौतम, सुशीला, जीतलाल, गेंदा हरिजन, सुशीला, हीरावती, कैलाश, पद्मावती आदि सैकड़ो जन उपस्थित रहे।

संपत्ति पर कब्जे को लेकर सौतेली मां की बेरहमी से हत्या

जमीनी विवाद में बढ़ रहे हत्याओं के मामले पर अंकुश लगाने में बिफल शासन प्रशासन

अखंड भारत संदेश

हर्रायपुर कौशाम्बी। संदीपन घाट थाना क्षेत्र के नसीरपुर गांव में संपत्ति विवाद के चलते कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ हमला कर महिला की हत्या उसके सौतेले बेटे ने कर दी है सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है मृतक महिला अकेली थी कोई तहरीर देने वाला नहीं था पुलिस ने चौकीदार से तहरीर लेकर पोस्टमार्टम के लिए शव को भेज दिया है।

जानकारी के मुताबिक संदीपन घाट थाना क्षेत्र के नसीरपुर गांव के राजेंद्र सिंह की पहली पत्नी से विजय सिंह का जन्म हुआ था लेकिन विजय सिंह के जन्म लेने के बाद राजेंद्र सिंह की पहली पत्नी की मौत हो गई उन्होंने दूसरी महिला सरोज देवी से शादी कर ली लेकिन सरोज देवी की कोई संतान नहीं हुई राजेंद्र सिंह की मौत के बाद उनके संपत्ति उनके बेटे विजय सिंह और दूसरी महिला सरोज देवी के नाम सरकारी अभिलेखों में दर्ज हो गयी लेकिन पहली पत्नी का बेटा विजय सिंह सौतेली मां को जमीन में हिस्सा बंटवारा नहीं देना चाहता था जिससे मामले में विवाद उत्पन्न हो गया महिला न्याय के लिए पुलिस थाना चौकी से लेकर अधिकारियों के चौखट तक पहुंची लेकिन उसे न्याय तो नहीं मिल सका और गुरुवार की सुबह कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ वार कर महिला को मौत के घाट उतार दिया गया है हत्या करने के बाद सौतेला बेटा विजय सिंह मौके से फरार हो गया है दिनदहाड़े हत्या की घटना के बाद इलाके में दहशत और भय का माहौल व्याप्त है मौके पर लोगों का मजमा लगा हुआ है सूचना पुलिस को दी गई है मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है अब सवाल उठता है कि महिला के जब कोई संतान नहीं है तो उसके मुकदमे की पैरवी कौन करेगा और हत्यारे को कठोर दंड कैसे मिलेगा इसके पहले भी संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मोहिउद्दीनपुर गांव में तीन लोगों की जमीनी विवाद के चलते हत्या की जा चुकी है जमीनी विवाद के मामले में राजस्व अधिकारियों की लचर व्यवस्था से अपराध बढ़ रहे हैं राजस्व अधिकारियों की नकेल कसने की जरूरत है यदि राजस्व अधिकारियों की नकेल नहीं कसी जाएगी तो जमीन से जुड़े मामले पर रोक लगाती नहीं दिख रही है।

रेप पीड़िता के हत्यारों से पुलिस की हुई मुठभेड़, एक आरोपी को लगी गोली

कौशाम्बी। जिले में दो दिन पहले रेप पीड़िता की सरेआम कुल्हाड़ी से रेप के आरोपी और उसके भाई द्वारा हत्या कर दी गई थी,रेप पीड़िता के हत्यारों को पुलिस तलाश कर रही थी,तभी यमुना की तराई इलाके में हत्यारों से पुलिस की मुठभेड़ हो गई,घेराबंदी करने पर आरोपियों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी,पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक आरोपी को गोली लग गई और वह घायल हो गया,जिसे पुलिस टीम ने पकड़ लिया और इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है,वही दूसरा आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। महेवाघाट थाना क्षेत्र के तराई इलाके में रेप पीड़िता के हत्यारों के छिपे होने की सूचना पुलिस को मिली तो एसपी के निर्देश पर गठित एसओजी और पुलिस की संयुक्त टीम ने आरोपियों को घेर लिया,अपने को घिरता देख आरोपियों ने पुलिस टीम पर फायर कर दिया,पुलिस की और आरोपियों के बीच फायरिंग शुरू हो गई ,पुलिस टीम ने अपना बचाव कर जवाबी फायरिंग की जिसमे आरोपी अशोक निषाद को गोली लग गई और वह घायल हो गया। कई थानों की पुलिस फोर्स ने कांबिंग कर मुठभेड़ में आरोपी को घायल कर पकड़ने में सफलता पाई है,पुलिस ने घायल आरोपी को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

न्यूज झरोखा

कृष्णा डोली ग्राउंड काजू में आयोजित होगी कबड्डी बॉलीबाल कुश्ती एथेलेटिक्स प्रतियोगिता

कौशाम्बी मूरतगंज ब्लॉक के कृष्णा डोली ग्राउंड काजू में 24 वा 25 नवम्बर को ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई है क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी द्वारा कबड्डी, बॉलीबाल कुश्ती व एथेलेटिक्स की प्रतियोगिता बालक बालिका वर्ग में कराई जाएगी। खेलकूद प्रतियोगिता के आयोजन की तैयारी के लिए खंड विकास अधिकारी कार्यालय मूरतगंज में बैठक आयोजित की गई बैठक में खेलकूद प्रतियोगिता की सफलता की रणनीति पर चर्चा हुई है यह जानकारी क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी नाजुक जहां के द्वारा दी गयी उन्होंने बताया कि आयोजन में सब जूनियर, जूनियर व सीनियर वर्ग में कबड्डी, बॉलीबाल, कुश्ती व एथेलेटिक्स की प्रतियोगिता बालक बालिका वर्ग में कराई जाएगी इस मौके पर विभागीय लोगों के साथ-साथ अन्य लोग भी मौजूद रहे।

माल्यार्पण कर थानेदार को दी विदाई

कोखराज कौशांबी कोखराज थाना के थानेदार विनोद कुमार मौर्य का गैर जनपद स्थानांतरण हो गया है उनके स्थानांतरण होने पर पुलिस कर्मियों ने विनोद कुमार सिंह थानेदार को माल्यार्पण कर उनका जोरदार स्वागत किया और उनके कार्यों को याद करते हुए उनकी प्रशंसा की है इस मौके पर थानेदार विनोद कुमार सिंह ने कहा कि कार्यों के प्रति उन्हें अपने अधीनस्थों से जिस तरह से सहयोग मिला है वह कभी भुलाया नहीं जा सकता इस मौके पर नवागत थाना प्रभारी इंद्रदेव ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है विदाई समारोह में नवागत थाना प्रभारी इंद्रदेव के साथ उप निरीक्षक पुलिस चौकी इंचार्ज पुलिसकर्मी सहित इलाके के तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

जन शिक्षण संस्थान द्वारा प्रशिक्षण केंद्र गौसपुर में कराया गया साफ सफाई

कौशाम्बी जन शिक्षण संस्थान कौशांबी कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा दिनांक 15 नवंबर 2023 से 26 नवंबर 2023 तक जनजाति गौरव दिवस बिरसा मुंडा की जयंती पर 23 नवम्बर को प्रशिक्षण केंद्र गौसपुर में साफ सफाई कराया गया तथा संस्थान के निदेशक राजकुमार पांडे ने बिरसा मुंडा की जयंती के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा के तथा गौसपुर गांव की साफ सफाई कराया गया इस कार्यक्रम में संस्थान के कार्यक्रम अधिकारी संजय सिंह सहायक कार्यक्रम अधिकारी विजेंद्र मिश्रा अनुदेशिका रीना पाल धर्मेंद्र तथा निशा पाल पुष्पांजलि शालू यादव शेख शिफा अनुष्का कुमारी आदि प्रशिक्षार्थी मौजूद रहे।

भागवत कथा पंडाल में भक्त जनों की उमड़ रही भीड़

बैरमपुर कौशाम्बी। मंझनपुर तहसील क्षेत्र के बैरमपुर गांव में श्रीमद् भागवत कथा के पंडाल में श्रोताओं की अपार भीड़ उमड़ रही है प्रतिदिन भागवत कथा का आयोजन हो रहा है प्रभु की भक्ति में पूरा गांव मग्न है ब्रम्ह ऋषि आनंद धाम वृंदावन के कथा वाचक नागेंद्र बाबू मिश्रा उर्फ आनंद महाराज श्रीमद् भागवत कथा का विस्तार पूर्वक वर्णन कर भक्तों को भाव विभोर कर रहे हैं कथावाचक के मुखार बिंदु से श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में महिला पुरुष भक्तों की भीड़ कथा का श्रवण कर प्रभु की भक्ति में लीन हो रही है पूरा पंडाल जयकारे से गूंज रहा है श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन गोपी उद्धव संवाद कथावाचक नागेंद्र बाबू मिश्र उर्फ आनंद जी महाराज द्वारा सुनाया गया है मुख्य श्रोता विद्या देवी पत्नी शिवप्रसाद मिश्र कथा सुनने वाले ग्रामवासी सिद्ध नारायण मिश्र राधे श्याम चतुर्वेदी अवध नारायण मिश्रा मूलचंद मिश्रा राम भाई मिश्रा पृथ्वी मिश्रा राजकुमार मिश्रा गिरधर गोपाल पांडे उद्धव मिश्र शाहिद सैकड़ो महिला पुरुष भक्त श्रीमद् भागवत कथा श्रवण के लिए प्रतिदिन पंडाल में पहुंच रहे हैं

मतदाता जागरूकता अभियान पर स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन

कौशाम्बी धर्मा देवी इंटर कॉलेज केन कनवार में 23 नवम्बर को मतदाता जागरूकता अभियान पर स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे प्राथमिक स्तर पर आकाश कुमार को प्रथम स्थान, आयुष कुमार को द्वितीय स्थान तथा प्रियांशी देवी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ, तथा इसी प्रकार जुनियर वर्ग में रश्मि देवी को प्रथम स्थान, नेहा राजपूतको द्वितीय स्थान तथा कुलदीप कुमार को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ तथा सीनियर वर्ग में अतुल कुमार को प्रथम स्थान, जीत गिरी को द्वितीय स्थान तथा पार्वती देवी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। ग्रामीण क्षेत्रों के लोगो को जागरूक करने के लिए मतदाता जागरूकता रैली को विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ राम किरण त्रिपाठी व चंद्रकांत पांडेय (से.नि.शिक्षक) ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली कानेमई ग्रामसभा होते हुए वापस विद्यालय पहुंची इस कार्यक्रम के अवसर पर शेर बहादुर सिंह रामशंकर सिंह आदित्य द्विवेदी रामचंद्र पाल अमित त्रिपाठी पुनीत अग्रहरि धनंजय सिंह आदित्य कुमार दिवाकर त्रिपाठी आदि शिक्षक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहें।

भूमाफिया के अवैध निर्माण को प्रशासन ने कराया ध्वस्त

कौशाम्बी विनियमित क्षेत्र मंझनपुर-भरवारी, जनपद कौशाम्बी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम असकरनपुर मगरोहनी, तहसील सिराथू में बिना मानचित्र स्वीकृत कराये अवैध ढंग से प्लाटिंग किये जाने सम्बन्धी शिकायतों के दृष्टिगत नियत प्राधिकारी उप जिलाधिकारी मंझनपुर के द्वारा जॉचोपरान्त प्राप्त रिर्पोट के आधार परदिनांक 23.11.2023 को अधिशासी अधिकारी नगर पालिका मंझनपुर, क्षेत्रीय राजस्वकर्मियों व पुलिस बल के साथ मौके पर जाकर ग्राम असरकरनपुर मगरोहनी स्थित गाटा संख्या 258 रकबा 1.019हे0, 258 रकबा 1.019 हे0, 271/0.322हे0, 311/0.2850, 303/0.1310 हे0 व 304/0.3650 हे0 कुल 3.141हे0 (09 बीघा 06 बिस्वा) भूमि पर कैसर, झल्लर चौरसिया पुत्र बाबूलाल चौरसिया, रामबाबू सोनी पुत्र मोतीलाल व लोकनाथ पुत्र सरजो द्वारा किये जा रहे अवैध प्लाटिंग व बाउण्ड्रीवाल को ध्वस्त कराया गया। उप जिलाधिकारी मंझनपुर के द्वारा यह भी निर्देश दिये गये है कि विनियमित क्षेत्र में बिना मानचित्र स्वीकृत कराये अवैध प्लाटिंग व निर्माण करने वाले वाले व्यक्तियों के विरुद्ध आगे भी अभियान चलाकर प्रभावी वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जायेंगी।

एंबुलेंस वा पिकअप में आमने-सामने भिड़ंत

चायल कौशाम्बी पिपरी थाना क्षेत्र के मखाऊपुर के पास एंबुलेंस और पिकअप में आमने-सामने टक्कर हो गई है घटना गुरुवार की सुबह लगभग 10:00 बजे की जिससे दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए हैं करारी निवासी मोहम्मद रईस बोलोरो पिकअप से मुर्गा लाद कर तिल्हापुर मोड होते हुए चायल की ओर जा रहा था अचानक गाड़ी का सापट टूट गया और कंट्रोल नहीं कर पाया जैसे ही पिकअप मखऊपुर के दयालु की चक्की के पास पहुँची सामने से आ रही 102 एम्बुलेंस से पिकअप टकरा गई है बताया जाता है कि एम्बुलेंस चालक सुनील घनश्याम के साथ सीएचसी चायल से पेरई तिल्हापुर मोड़ पेसेंट को लेने जा रहे थे तभी दोनों वाहनों की आमने-सामने से भिड़ंत हो गई जिससे दोनों गाड़ियों के सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया।

बड़े धूमधाम से निकला नया बाजार भरवारी का राम दल

प्रभु श्री राम के रावण वध करते ही जय श्री राम के नारे से गूंज उठा नगर क्षेत्र

भरवारी कौशाम्बी। नया बाजार भरवारी के दशहरा में बुधवार को बड़े ही धूमधाम और हजारों लोगों की भीड़ के साथ प्रभु श्री राम की सेना युद्ध मैदान पहुंची और प्रभु श्री राम ने अत्याचारी रावण वध किया रावण वध होते ही पूरा क्षेत्र जय श्री राम के गगनभेदी नारे से गूंज उठा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर नगर क्षेत्र में भारी पुलिस फोर्स तैनात रही और चप्पे चप्पे पर पुलिस की नजर रही मेला क्षेत्र में खाने-पीने के सामानों सहित विभिन्न दुकानें सजाई गई है जहां मेला देखने वाले महिला पुरुष की भीड़ लगी हुई है। भगवान हनुमान जी की अगुवाई में दर्जनों कलात्मक चौकिया के साथ श्री राम दल युद्ध मैदान पहुँचा रास्ते में जगह-जगह पर नगर वासियों ने हनुमान जी की पूजा अर्चना की पूरा मेला क्षेत्र आकर्षक रोशनी की सजावट से जगमगा रहा है सैकड़ो गांव का भारी हुजूम मेला देखने के लिए नगर में उमड़ पड़ा है रामदल में पूर्व सांसद शैलेंद्र कुमार पूर्व चेयरमैन कैलाश चंद्र केशरवानी कमलेश केशरवानी रमेश अग्रहरी प्रेम नारायण राजेश केशरवानी विनोद केसरवानी जगदीश शिवहरे राकेश अरोड़ा अजय एन डी कॉलोनी राम प्रकाश मिश्रा गुलाम हुसैन नितुल केसरवानी चंचल राहुल अविनाश केसरवानी शिव प्रकाश केशरवानी सहित हजारों लोग शामिल रहे।

आवारा खूंखार डांगर ने भैंस पर किया हमला मौत

बेनीराम कटरा कौशाम्बी। गौ संरक्षण केंद्र के जिम्मेदारों के लापरवाही के चलते आवारा खूंखार जानवरों पर रोक नहीं लग रही है जो लोगों के लिए खतरनाक साबित होते हैं आवारा पशुओं के खुलेआम घूमने पर सरकार ने अधिकारियों को रोक लगाने का निर्देश दिया लेकिन कई महीने बाद भी सरकार के आदेश का पालन कौशांबी में नहीं हो सका है चरवा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा बरोलहा में खुन्ना यादव पुत्र लल्लन यादव के दरवाजे पर 65 हजार रुपए कीमत की भैंस बंधी थी बुधवार की रात में करीब 12:25 मिनट पर आवारा खूंखार छोटवा डांगर ने भैंस पर हमला कर भैस को मार डाला जिससे पशुपालक का बड़ा नुकसान हुआ है ग्रामवासी उस खूंखार डांगर से परेशान है जिले के अन्य गांव क्षेत्र के भी स्थिति बदतर है इसके पहले कई बार लोगो पर हमला कर चुका हैं यहां तक गांव के लोगो पर भी घटनाए हो चुकी है ग्रामवासी बरियावा चौकी में जानकारी दे चुके थे लेखपाल और सरकारी पशु चिकित्सक को जानकारी दिए हैं तो लेखपाल और सरकारी पशु चिकित्सक भी आए थे लेकिन उसके बाद आवारा खूंखार पशुओं पर रोक नहीं लगाई गई है उन्हें गौ संरक्षण केंद्र नहीं पहुंचाया गया है जो मानव जाति के लिए खतरनाक साबित हो रहे हैं आखिर पशुपालक की भैस की मौत के बाद इसकी जिम्मेदारी कौन अधिकारी लेगा आवारा खूंखार पशुओं पर रोक लगाने की जिम्मेदारी सरकार ने किसको दी है यह तमाम सवाल सरकारी व्यवस्था पर खड़े हो रहे है।

खुदाई के दौरान मिली बड़ी संख्या में बौद्ध धर्म से जुड़ी कलाकृतियां व मूर्तियां

विवादित निमार्णाधीन मस्जिद के दरवाजे के नीचे मिली भगवान बुद्ध के मंदिर के भग्नाशेष हिंदू संगठनों में आक्रोश, 15 दिन पूर्व लोगों ने अवैध मस्जिद निर्माण की थी शिकायत, नही रुका निर्माण पुरातत्व से खुदाई करने की मांग

कौशाम्बी। करारी थाना क्षेत्र के बंधुरी रसूलपुर गांव में विवादित धर्म स्थल पर मस्जिद बनाए जाने की शिकायत ग्रामीणों ने एक पखवाड़े पूर्व पुलिस प्रशासन से किया था। मामले में पुलिस ने किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की जबकि ग्रामीण यहां पर इस स्थान को मंदिर बताते हुए मस्जिद के निर्माण को रुकवाने की मांग कर रहे थे। गुरुवार को खुदाई के दौरान यहां से बड़ी संख्या में बौद्ध धर्म से जुड़े मूर्ति व भग्नाशेष मिले हैं इसके बाद हिंदू धर्म के मानने वाले सैकड़ो लोग मौके पर इकट्ठा हो गए और मौके पर बना रही मस्जिद के आसपास की जमीन खुदवा कर पुरातत्व से मौके पर जांच करने की मांग की वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने निकले भग्नाशेष को मौके स्थल से कुछ दूरी स्थित हिन्दू मन्दिर परिसर में रखवा दिया है जिसके बाद लोगों ने इन अवशेषों को मंदिर में ना रख कर जिस स्थान पर रखे हैं वहीं पर रखे जाने की मांग उठाई। मामले को लेकर ग्राम सभा के साथ आसपास के गांव में भी तनाव का माहौल है। मिली जानकारी के अनुसार तहसील मंझनपुर के थाना करारी स्थित बंधुरी रसूलपुर में निमार्णाधीन मस्जिद जिसे पिछले 15 दिन से गांव के लोग अवैध बताते हुए निर्माण करने निर्माण रोकने की मांग कर रहे थे। 19 नवम्बर को लिखित शिकायत भी किया थ। लेकिन निर्माण नहीं रोका गया आज गुरुवार को इसी स्थान पर खुदाई करने पर बौद्ध मंदिर के भग्नाअवशेष मिले। जिन्हें हिंदू मंदिर में रखवाने का प्रयास पुलिस प्रशासन के द्वारा किया गया। भगवान बुद्ध जिस स्थान पर प्रकट हुए उनको वहीं पर रखना चाहिए क्योंकि जिस स्थान पर मंदिर को खंडित कर निर्माण किया गया अवैध कब्जा किया गया वहीं इसका निर्माण होना चाहिए। मौके पर पहुंचे हजारों की संख्या में ग्रामीणों ने मांग उठाते हुए कहा कि इस स्थान में प्राचीन काल में बड़ा बौद्ध मंदिर था जिसे मुगल काल के दौरान तोड़ दिया गया था लोगों ने मांग उठाते हुए कहा कि मस्जिद निर्माण को रुकवा कर यहां पर पुरातत्व से खुदाई करा कर जांच कराई जाए कि इस स्थान पर किस धर्म का मंदिर था उसके बाद ही यहां पर किसी प्रकार का निर्माण हो मामले की जानकारी के बाद मौके पर प्रशासनिक अधिकारी भी पहुंचने लगे थे। वैसे पूरे मामले को लेकर इलाके में तनाव का माहौल है।

शिविर में कुल 742 लाभार्थियों को 21 करोड़ रुपए धनराशि के ऋण स्वीकृत वितरित

जिलाधिकारी ने किसान ऋण वितरण शिविर का दीप प्रज्ज्वलित कर किया शुभारम्भ

कौशाम्बी। जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा जिला पंचायत के रत्नावली सभागार में आयोजित किसान ऋण वितरण शिविर का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ तथा लाभार्थियो को डमी चेक वितरित किया। शिविर में कुल 742 लाभार्थियों को रू0-21 करोड़ धनराशि के ऋण स्वीकृत वितरित किये गये। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि शासन द्वारा संचालित ऋण योजनाओं के क्रियान्वयन में बैंक ऑफ बड़ौदा से अपेक्षित सहयोग मिलता है। शासन द्वारा किसानों के कल्याण के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनायें संचालित की जा रहीं हैं। जनपद कौशाम्बी के अधिकतर लोग कृषि पर निर्भर हैं। जनपद कौशाम्बी 02 नदियों के बीच में स्थित होने के कारण यहॉ की मिट्टी बहुत उपजाऊ हैं। उन्होंने कहा कि भ्रमण के दौरान देखने को मिलता है कि कई किसान मेहनत से वर्ष में 03 फसल का भी उत्पादन कर लेते हैं। किसानों के मेहनत के कारण ही जनपद में प्रति हेक्टेयर उत्पादकता लगातार बढ़ रहीं है, परन्तु अन्य देशों एवं पंजाब व हरियाणा राज्य के सापेक्ष उत्पादकता को और बढ़ाया जा सकता है। जनपद के कई किसानों का रूझान कामर्शियल फसलों की तरफ बढ़ रहा है तथा वे केला आदि का भी उत्पादन कर रहें हैं, इससे किसानों की आय में भी वृद्धि हो रहीं हैं। जनपद में इजरायल के सहयोग से सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस का भी निर्माण कार्य प्रगति पर है। जिलाधिकरी ने किसानों से आवाह्न किया कि आधुनिक तकनीक का प्रयोग कर खेती करें, इससे कम लागत में अधिक उत्पादकता होती हैं तथा आय में भी वृद्धि होती है। उन्होंने मोटे अनाज का अधिक से अधिक उत्पादन करने का भी आवाह्न किया। उन्होंने किसानों से कहा कि पराली न जलायें, बल्कि पराली प्रबन्धन के उपायों को अपनायें। शासन द्वारा अनेक जनकल्याणकारी योजनायें संचालित की जा रहीं है, योजनाओं के प्रति जागरूक होकर लाभ उठायें तथा आसपास के लोगों को भी जागरूक करें। उन्हांने कहा कि शासन के निदेर्शानुसार कृषि के साथ-साथ पशुपालन एवं मत्स्य पालन का भी के.सी.सी. दिया जा रहा है। जनपद में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा उत्कृष्ठ कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नियमित रूप से बैंकर्स के साथ बैठक कर प्रयास किया जाता है कि स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को अपना स्वयं का रोजगार/व्यवसाय शुरू करने के लिए बैंको से सुगमतापूर्वक एवं शीघ्र ऋण प्राप्त हो जाय। कार्यक्रम को उप महाप्रबन्धक लखनऊ अंचल बैंक ऑफ बड़ौदा, श्रीमती रचना मिश्रा एवं क्षेत्रीय प्रबन्धक, प्रयागराज भारत भूषण, उप क्षेत्रीय प्रबन्धक आर0के0 सिंह ने भी सम्बोधित किया इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी एवं उप कृषि निदेशक सतेन्द्र तिवारी उपस्थित रहे।

संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे में मिला युवक का शव

कौशाम्बी जिले के करारी थाना क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे में युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया,परिजनो ने सुबह युवक का शव देखा तो कोहराम मच गया,मृतक कुछ दिनों पहले ही बाहर से वापस लौटा था,सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई। जानकारी के मुताबिक करारी थाना क्षेत्र के रसूलपुर सोनी गांव का इंद्रजीत उम्र 20 वर्ष पुत्र बाबू लाल कुछ महीनो से बाहर कमाने गया हुआ था,कुछ दिनो पहले ही वह वापस गांव आया था गुरुवार की सुबह कमरे के अंदर युवक का शव मिला है सुबह परिजनो ने शव देखा तो कोहराम मच गया।घटना की सूचना पर पहुंची करारी थाना पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और युवक की मौत कैसे हुई है इसका पता लगाने में जुट गई है।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन आज

कौशाम्बी। उ0प्र0 सरकार की अति महत्वाकॉक्षी योजना मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रम दिनांक 24 नवम्बर 2023 को भवन्स मेहता विद्याश्रम, भरवारी के परिसर में आयोजित किया जायेंगा। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 651 जोड़ों का विवाह प्रस्तावित है। यह जानकारी जिला समाज कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार ने देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत विवाहित जोड़ों को दाम्पत्य जीवन में खुशहाली एवं गृहस्थी की स्थापना के लिए सहायता राशि के रूप में 35000 (पैतीस हजार) रुपए कन्या के खाते में हस्तान्तरित की जाती है तथा विवाहित जोड़ों को विवाह संस्कार के लिए आवश्यक सामग्री (कपडे, विछिया, पायल, वर्तन) के लिए 10000 (दस हजार) रुपए दिया जाता है। प्रत्येक विवाहित जोड़े पर शादी व्यवस्था के लिए रुपए 06 हजार खर्च करने का प्रावधान है। इस प्रकार कुल 51 हजार रुपए प्रत्येक जोड़े पर व्यय किये जाने का प्राविधान है।

समर्थ किसान पार्टी का शनिवार को प्रदर्शन

कौशाम्बी समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान मे किसानो की कई समस्यायों को लेकर 25 नवम्बर शनिवार को जिलाधिकारी कार्यालय में प्रदर्शन किया जायेगा और जिलाधिकारी कौशांबी के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री को छह सूत्रीय ज्ञापन भेजा जायेगा। ज्ञापन के माध्यम से नहरों में पानी, विद्युत आपूर्ति में सुधार, खाद की समुचित उपलब्धता, नकली खाद बीज के खिलाफ छापेमारी की कार्यवाही आदि की मांग की जाएगी उक्त जानकारी पार्टी नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने दी है।

धर्मा देवी इंटर कॉलेज में ऊर्जा संरक्षण पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

कौशाम्बी धर्मा देवी इंटर कॉलेज केन कनवार में 23 नवम्बर को माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा ऊर्जा संरक्षण पर आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई इस प्रतियोगिता में जुनियर वर्ग में संध्या देवी(डीडूडीडू कान्वेंट स्कूल) को प्रथम स्थान, राधिका सिंह(डीडूडी कान्वेंट स्कूल) को द्वितीय स्थान, आकांक्षा मौर्या(धर्मा देवी इंटर कॉलेज) को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसी प्रकार सीनियर वर्ग में इशिता केशरवानी(धर्मा देवी इंटर कॉलेज) को प्रथम स्थान, आदितिराव(धर्मा देवी इंटर कॉलेज) को द्वितीय स्थान तथा प्रकाश पाल(धर्मा देवी इंटर कॉलेज) को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। अभिषेक कुमार(धर्मा देवी इंटर कॉलेज), पल्लवी गुप्ता(दयानंद सरस्वती विद्या मंदिर), पल्लवी मौर्या(प.दीन दयाल इंटर कॉलेज) व जैनब बानो(चौधरी दिरगज सिंह इंटर कॉलेज) को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चंद्रकांत पांडेय ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। स्थान प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राओं को मुख्य अतिथि व विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. रामकिरण त्रिपाठी ने अपने कर कमलों से मेडल पहनाकर पुरस्कृत किया।इस कार्यक्रम के अवसर पर शेर बहादुर सिंह रामशंकर सिंह आदित्य द्विवेदी, रामचंद्र पाल अमित त्रिपाठी पुनीत अग्रहरि धनंजय सिंह आदित्य कुमार धनवंतरि कुमार दिवाकर त्रिपाठी आदि शिक्षक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहें।

अझुवा में हुआ श्री राम कथा का शुभारंभ

अझुवा नगर क्षेत्र में घूमी शोभा यात्रा में उमड़ा जन सैलाब

अझुवा कौशांबी। सत्य सनातन वैदिक धर्म के बैनर तले आर्य समाज के विचारों से ओत प्रोत नगर पंचायत अझुवा के कुछ उत्साही नवयुवकों सौरभ केसरवानी,कुशल केसरवानी ,विपिन मोदनवाल आदि ने श्री राम कथा आयोजन की शुरूआत कराई है। आज गुरुवार राम कथा के प्रथम दिवस भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शुभारंभ से पहले सर्व समाज के संभ्रांत लोगों की अगुवाई में नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों से होकर भव्य शोभायात्रा नगर क्षेत्र में घूमी शोभायात्रा में महिला ,पुरुष बच्चे एवम प्रशासन ने महती भूमिका निभाई ।आयोजकों ने बताया कि सही मायने में आर्य समाज भी राम और श्री कृष्ण को अपने आदर्श के रूप में मानते हैं भगवान राम और भगवान कृष्ण द्वारा किए जाने वाले दैनिक यज्ञ और संध्या का संदेश पूरे देश में जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास कर रहा है।शोभा यात्रा में जमकर जय श्री राम के नारे लगे शोभायात्रा का जगह जगह भव्य स्वागत किया गया इस अवसर पर आर्य समाज के प्रधान कपूर चंद्र केसरवानी ने बताया कि नगरवासियों के सहयोग से श्री राम कथा का आयोजन हो रहा वैदिक विदुषी सुश्री अंजली आर्या 23,24,25 नवंबर को भगवान राम कथा ,भजन का संकीर्तन करेंगी वैदिक यज्ञ का आयोजन होगा हवन यज्ञ सुबह 10 बजे होंगे कथा का प्रवचन दोपहर 3 बजे से 6 बजे तक होगा तत्पश्चात प्रसाद का वितरण होगा,शोभा यात्रा में प्रमुख रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि ओमप्रकाश कुशवाहा, राकेश चंद्र केसरवानी, कपूर चंद्र केसरवानी, मुकेश केसरवानी, संतोष अग्रहरी, शंकर केसरवानी, विवेक केसरवानी, रमेश अग्रहरी, रमेश केसरवानी, विजय कुमार आर्य,सुशील केसरवानी, अनिल अग्रहरी, सोनू केसरवानी, संदीप केसरवानी, ज्ञान शर्मा, संजय केसरवानी, राकेश केसरवानी सीमेंट व्यवसाई प्रयागराज, श्री हनुमत मानस मंडल , भरत मेमोरियल ग्रुप के सभी पदाधिकारी सहित सैकड़ों महिला पुरुष मौजूद रहे।

संपादक की कलम से

कांग्रेस के हाथ में लौटा 'सामाजिक न्याय' का अस्त्र

कुछ समय से सामाजिक न्याय का मुद्दा फिर से कांग्रेस के हाथों में आ गया है जिसे पिछले दिनों हुए कर्नाटक विधानसभा के चुनावों में सफलता मिली है। छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश के हो चुके तथा राजस्थान व तेलंगाना के होने जा रहे विधानसभा चुनावों में (नतीजे 3 दिसंम्बर को) जातिगत जनगणना के माध्यम से लोगों को अवसर देने की गारंटी है। 10 वर्षों की धमाचौकड़ी के बाद अगर भारतीय जनता पार्टी और उनके सर्वेसर्वा बन बैठे नरेन्द्र मोदी ढलान पर दिख रहे हैं तो उसका कारण है कांग्रेस के हाथों में लौट आया 'सामाजिक न्याय' का वह अस्त्र, जिसके बल पर उसने देश की तस्वीर व तकदीर को संवारा है। भीषण गरीबी, निरक्षरता, बदहाली, असमानता और अनेकानेक काली परतों को चीरकर एक आत्मनिर्भर व चमकदार भारत का निर्माण इसलिये हो सका क्योंकि यह मुद्दा व आजादी का मसला अंतर्गुंफित थे। स्वतंत्रता की लड़ाई में सम्प्रभुता बेशक महत्वपूर्ण थी, लोगों के सशक्तिकरण की आकांक्षा कहीं अधिक बलवती थी।

स्वतंत्रता का घोषित उद्देश्य स्वाभाविक तौर पर भारत की विदेशी साम्राज्यवाद से मुक्ति का था, पर महात्मा गांधी की अगुवाई में कांग्रेस द्वारा लड़े गये आजादी के आंदोलन का प्रमुख लक्ष्य करोड़ों लोगों को सामाजिक न्याय दिलाना था। सामाजिक न्याय ही वह आकर्षण था जिसके कारण भारत का स्वतंत्रता संग्राम केवल राजा-महाराजाओं, जमींदारों या कुलीन वर्ग का होकर नहीं रह गया था। उन्होंने भी उसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था जो वंचित, शोषित, गरीब और कमजोर थे। गांधीजी ने अपने रहन-सहन, भाषणों, लेखों तथा कांग्रेस की बैठकों में इस बात को साफ कर दिया था कि उनके लिये आजादी के क्या मायने हैं और किनके लिये वे अपने जीवन को स्वाहा कर रहे हैं। जॉन रस्किन की जिस किताब 'अन टू दिस लास्ट' ने उन्हें रात भर सोने नहीं दिया तथा जिसे पढ़कर उन्होंने सर्वोदय को अपना तिलस्मा तैयार कर देश की सरकारों व संस्थाओं को दिया, वही 'सर्वोदय' की भावना एक तरह से लोक कल्याणकारी राज्य की अवधारणा के रूप में पल्लवित होता दिखता है। उनके विचारों की शब्द देह कही जाने वाली 'हिन्द स्वराज' पुस्तक में उनका यही मंत्र स्वतंत्र भारत की सरकारों के लिये कम्पास की तरह काम करता रहा और वही सामाजिक न्याय की गांधी की अवधारणा है।

देश स्वतंत्र होने के बाद कांग्रेस की तमाम सरकारों एवं उनके प्रमुख प्रधानमंत्रियों ने देश को इस मुद्दे पर कभी भी निराश नहीं किया। समाजवाद से प्रभावित पहले प्रधानमंत्री पण्डित जवाहरलाल नेहरू ने करोड़ों किसानों को घोर गरीबी से बाहर निकालने के लिये कृषि को संवारने का बीड़ा उठाया। बड़े बांधों और नहरों के जाल बिछाने के अलावा खाद कारखाने, कृषि सम्बन्धी शोध व अध्ययन को बढ़ावा दिया। किसानी के काम में छोटी जोत के व सीमांत किसानों, खेतिहर मजदूरों की संख्या अधिक थी और हाथ से काम करने वाले ये सारे समाज के निचले वर्गों से ही आते थे। अब भी काफी कुछ वैसा ही है। इसके बाद उल्लेखनीय काम किया इंदिरा गांधी ने। उनकी लाई गरीबी उन्मूलन योजना, 20 सूत्री कार्यक्रम, हरित क्रांति, साहूकारी व्यवस्था का अंत, बैंकों का राष्ट्रीयकरण, प्रीवी पर्स की समाप्ति आदि जैसे कार्यक्रम भी प्रकारांतर से सामाजिक न्याय के ही स्वरूप थे।

बीच में आए लालबहादुर शास्त्री को उतना वक्त ही न मिल पाया परन्तु उन्होंने इस काम को कहीं रुकने नहीं दिया। 1984 में आये राजीव गांधी के बारे में सोचा गया कि वे विदेशी मानसिकता में पले-बढ़े हैं इसलिये देश का कहीं अधिक पश्चिमीकरण होगा जिसमें यह मुद्दा खूंटी पर टंग जायेगा। इसके विपरीत उन्होंने पंचायती राज को मजबूत किया, नवोदय स्कूल खोले, भारत को डिजीटल बनाने में मदद की, मताधिकार की आयु को घटाया। इन सबके कारण निचले तबके के लोगों के लिये बगैर भेद-भाव अवसरों के नये-नये दरवाजे खुले। आधुनिक व्यवस्था के बीच में भी उनके समय सामाजिक न्याय ने अपनी जगह नहीं छोड़ी थी। 1991 में जब पीवी नरसिंह राव पीएम बने, नयी वैश्विक अर्थप्रणाली का आगमन हो चुका था। इस व्यवस्था के तहत रोज-रोज खुलते नये-नये उद्योग-धंधों व कारोबार ने सामाजिक न्याय के मुद्दे को विस्मृत ही नहीं वरन उसका तिरस्कार भी किया। पश्चिम प्रवर्तित नयी व्यवस्था के अंतर्गत देश के होते कार्पोरेटरीकरण के अनुसार हाशिये पर खड़े लोगों के लिये कुछ करना फिजूलखर्ची तथा इकानॉमी पर बोझ डालना बताया गया।

गरीबों को मुफ्त अनाज देने से चुनाव जीतने की संभावना नहीं

नन्तू बनर्जी

दो प्रश्न स्वाभाविक रूप से उठते हैं: देश के 80 करोड़ से अधिक गरीब लोगों के अनुमान का स्रोत क्या है जो सरकार द्वारा प्रदान किया जाने वाला बेहद सस्ता राशन भी नहीं खरीद सकते हैं और सरकार को क्या लगता है कि ऐसे लोगों की संख्या 2028 तक स्थिर बनी रहेगी। इसका उत्तर अगले साल जून से पहले लोकसभा और सिक्किम और संभवतः जम्मू-कश्मीर में चुनाव लड़ने के दबाव में हो सकता है। केन्द्र सरकार की ओर से 2020-21 में कोविड महामारी के दौरान लंबी लॉक डाऊन अवधि में देश में गरीबों और निम्न आय वर्ग के 80 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त खाद्यान्न उपलब्ध कराना बहुत सोच-समझकर किया गया था। इस सुविधा को दो बार बढ़ाया गया था, आखिरी बार 1 जनवरी, 2023 को एक वर्ष की अवधि के लिए। पिछले विस्तार का संबंध संभवतःनागालैंड,त्रिपुरा, मेघालय, और कर्नाटक में चुनावों से अधिक था। अब वर्तमान पांच राज्यों के चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने घोषणा की कि देश की लगभग 60प्रतिशत आबादी अर्थात 80 करोड़ से अधिक लोगों के लिए लगभग सालाना 15,000 करोड़ रुपये के सरकारी खर्च पर मुफ्त राशन (खाद्यान्न) योजना फिर से पांच साल के लिए, यानी 2028 तक बढ़ा दी जायेगी। छत्तीसगढ़ के दुर्ग में एक चुनावी रैली में की गई घोषणा बेतुकी लगती है। यह सरकार के स्वयं के वार्षिक आर्थिक विकास के दावों और देश के बहुआयामी गरीबों की पंजीकृत संख्या में वार्षिक ऑन-पेपर गिरावट को चुनौती देता है। मुफ्त खाद्यान्न योजना के तहत, भारत में गरीबों की आबादी 2028 के अंत तक 80 करोड़ से अधिक स्थिर रहने की उम्मीद है। यह संख्या इस साल जुलाई में सरकार की अपनी रिपोर्ट के विपरीत है, जिसमें कहा गया था कि लगभग 13.5 करोड़ लोग या इसके करीब लोग गरीब हैं। दावा किया गया था कि मार्च 2021 तक पांच वर्षों में भारत की 10 प्रतिशत आबादी गरीबी से बच गई। गवर्नमेंट थिंक टैंक नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी ने कहा, 'पोषण में सुधार, वर्षों की स्कूली शिक्षा, स्वच्छता और खाना पकाने के ईंधन ने गरीबी को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।' इसके अलावा, नीति आयोग की रिपोर्ट में विस्तार से बताया गया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी में सबसे ज्यादा गिरावट देखी गई। अध्ययन में कुपोषण, शिक्षा और स्वच्छता जैसे 12 संकेतकों के आधार पर संयुक्त राष्ट्र के बहुआयामी गरीबी सूचकांक (एमपीआई) का उपयोग किया गया। रिपोर्ट के अनुसार, गरीबी में रहने वाली आबादी का प्रतिशत 2015-16 में 25 प्रतिशत से गिरकर 2019-21 में 15 प्रतिशत हो गया।' देश में बहुआयामी गरीबों की संख्या में 9.89 प्रतिशत अंकों की उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई, जो 2015-16 में 24.85 प्रतिशत से बढ़कर 2019-21 में 14.96 प्रतिशत हो गई। ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी में सबसे तेजी से गिरावट देखी गई जो 32.59 प्रतिशत से घटकर 19.28प्रतिशत हो गई।' 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों और 707 प्रशासनिक जिलों के लिए बहुआयामी गरीबी अनुमान प्रदान करते हुए रिपोर्ट में कहा गया है कि बहुआयामी गरीबों के अनुपात में सबसे तेज कमी उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्यप्रदेश, ओडिशा और राजस्थान राज्यों में देखी गई। क्विजली, ग्लोबल हंगर इंडेक्स-2023 में भारत को 125 देशों में से 111वें स्थान पर रखा गया था, जिसे सरकार ने गलत और दुर्भावनापूर्ण इरादे से खारिज कर दिया था।

उत्तर प्रदेश में हलाल क्यों हुआ 'हराम'

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने एक शिकायत के बाद हलाल सर्टिफिकेट देने के कारोबार पर बैन लगा दिया । इसके साथ ही उत्तर प्रदेश में हलाल सर्टिफाइड प्रॉडक्ट्स की मैन्युफैक्चरिंग, सेलिंग और स्टोरेज गैर-कानूनी हो गया है। अब यदि कोई फर्म फूड आइटम, दवाइयां और सौंदर्य प्रसाधन के उत्पादों का हलाल सर्टिफिकेट जारी करता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। दरअसल, भारतीय जनता युवा मोर्चा के पदाधिकारी शैलेंद्र कुमार शर्मा की शिकायत में कहा गया था कि उत्तर प्रदेश में बिना किसी कानूनी अधिकार के एक समुदाय विशेष को प्रभावित करने के लिए फूड आइटम्स, दवाइयां और ब्यूटी प्रोडक्ट्स को हलाल सर्टिफाइड के तहत बेचा जा रहा है। इसमें साबुन, बिस्कुट, टूथपेस्ट, टूथब्रश, चाय पत्ती, चीनी, बेकरी, डेयरी, तेल और नमकीन सहित कई उत्पाद शामिल हैं। समाचारों के अनुसार इस समय चार बड़ी कंपनी जो हलाल सर्टिफिकेट दे रही थी । एक चेन्नई की हलाल इंडिया, दिल्ली की जमीयत उलमा ए हिंद हलाल ट्रस्ट, मुंबई की हलाल काउंसिल ऑफ इंडिया । इन पर यह आरोप लगाया गया था कि ये जो उत्पाद बना रहे हैं वह सिर्फ एक वर्ग विशेष के उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए है। उसकी बिक्री को बढ़ावा देने के लिए है। इससे जो दूसरा समुदाय है, उसकी बिक्री कम होती है। सिर्फ यही नहीं एफआईआर में उन्होंने यह भी बात कही है कि इससे टेरर फंडिंग हो रही है और इससे राष्ट्र विरोधी गतिविधियां संचालित हो रही हैं। इस आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। जब सरकार उन सारे उत्पादों पर बैन लगाते हुए छापेमारी शुरू कर दी।

सरकार का यह मानना है कि जो इस तरह के खाद्य उत्पाद बिकते हैं या और उत्पाद बिकते हैं उसके लाइसेंसीकरण की जो विधित प्रक्रिया है,वो फूड एंड ड्रग्स एक्ट के तहत आती है। वह उसका पालन नहीं करते। उसके दायरे में ये नहीं आते। इसलिए इस तरह का कोई भी सर्टिफिकेट देना प्रतिबंधित है।

दरअसल निजी संस्थाएं यह प्रमाण पत्र जारी कर रही थी । सवाल यह उठता है कि हलाल सर्टिफिकेट लोग लेते क्यों है? इसकी वजह क्या है? हलाल सर्टिफिकेट के शुरूआत को अगर हम देखें तो 1974 से इसकी शुरूआत हुई थी। हलाल सर्टिफिकेट पहले सिर्फ मांस से जुड़े हुए उत्पादों के लिए दिया जाता था। उसके बाद 1993 में यह अन्य प्रोडक्ट जैसे कॉस्मेटिक,साबुन,तेल इसके लिए भी देना शुरू कर दिया गया। इसकी वजह यह थी कि ऑर्गेनाइजेशन ऑफ इस्लामिक कारपोरेशन के तहत जो देश आते हैं सऊदी अरब, दुबई, और लगभग 57 इस्लामी प्रभाव वाले देश हैं वहां पर यह प्रोडक्ट भेजते हैं। उन्होंने इस सर्टिफिकेट को अनिवार्य कर दिया था कि अगर यह हलाल सर्टिफिकेट नहीं लगा होगा तो हम इस तरह के उत्पादों को बेच नहीं सकते हैं। भारत के पतंजलि जैसे संस्था को भी हलाल सर्टिफिकेट लेना पड़ा। तब उनके प्रोडक्ट वहां भेजे जा सके। तो इस वजह से यह अनिवार्य हो गया। लेकिन इस पर सरकार का कोई अधिकार नहीं है। यह जो सारी संस्थाएं हैं वो निजी संस्थाएं हैं और अपने तरीके से हलाल का सर्टिफिकेट देती हैं।

हमारे यहाँ निर्यात करने वाले प्रोडक्ट पर किसी भी तरह का बैन नहीं है। दरअसल, यहां का जो खाद्य और औषधि प्रसाधन विभाग है जिसको एफडीए कहते हैं उसका यह मानना था कि हमारे यहां जो खाद्य उत्पाद हैं, कॉस्मेटिक्स हैं,वो फूड एवं ड्रग एक्ट के तहत गवर्न होते हैं। जो लाइसेंस मिलता था वह फूड सेफ्टी और स्टैंडर्ड अथॉरिटी के तरफ से जारी किया जाता है। जिसे एफएसएसएआई कहते हैं। लेकिन जो हलाल सर्टिफिकेट है उसका प्रमाणीकरण नहीं करते हैं। इस वजह से उन्होंने इस पर बैन लगाया। लेकिन निर्यात को ध्यान में रखते हुए जिसमें 57 इस्लामी प्रभाव वाले देश हैं वहां पर इन उत्पादों को भेज सकें और व्यापार प्रभावित न हो इसके लिए फिलहाल जो निर्यात के लिए भेजे जाने वाले उत्पाद हैं उसे पर किसी तरह का बैन नहीं लगाया गया है।पहले यह मन जाता था कि जो हलाल सर्टिफाइड फूड प्रोडक्ट्स हैं, यह केवल खाद्य उत्पादों के लिए दिए जाते थे। लेकिन धीरे-धीरे यह मेडिकल इक्विपमेंट, दवाइयां, कॉस्मेटिक इन सारी चीजों के लिए दिए जाने लगे।

हलाल का मतलब होता है कि जो इस्लामिक कानून के दायरे में आते हों। वही उत्पाद हलाल हैं। तो जाहिर सी बात है कि एक समुदाय विशेष उन उत्पादों को ज्यादा इस्तेमाल करेगा। ज्यादा अच्छे से उसका उपयोग करेगा, जिस पर हलाल सर्टिफिकेट लगा हुआ है। इसलिए उनका आरोप यह था कि एक समुदाय विशेष की बिक्री को बढ़ाने और दूसरे समुदाय विशेष की बिक्री को घटाने के लिए किया जा रहा है। अगर कोई उत्पाद एक वर्ग विशेष में हलाल सर्टिफिकेशन के जरिए जाता है तो जाहिर सी बात है कि वह लोग सिर्फ और सिर्फ उसी तरह के उत्पाद लेंगे। इससे काफी सारा नुकसान समाज को भी होगा।

बताया जाता है कि इस पूरे घटनाक्रम में जो हलाल सर्टिफिकेशन देने वाली संस्थाएं हैं वहां टेरर फंडिंग के जरिए पैसा आता है।

इसका आंकड़ा देखें तो हलाल काउंसलिंग ने बहुत पहले एक रिसर्च करवाया था जिसके आधार पर पूरे बाजार में इस तरह के सार्टिफिकेट वाले उत्पादों की हिस्सेदारी सिर्फ 19% है। और अगर सर्टिफिकेट लेते भी है तो एक बार के सर्टिफिकेट लिए 26 से लेकर 60,000 रुपये लगता है। तो जाहिर सी बात है कि पूरे देश में इसमें करोड़ों रुपए इंवॉल्व होता है। तो यह सारा पैसा जो आता है तो इनका आरोप था कि वह बाद में टेरर फंडिंग के लिए, राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के लिए भेजा जाता है। इसी के बाद से योगी सरकार ने इसकी जांच के लिए एसटीएफ को लगाया है। जिससे इसके बाकी सारे जो आयाम हैं उसको चेक कर सके और उस पर लगाम लगा सके।

बताया जा रहा है कि एसटीएफ जल्द ही उन सारी कंपनी को जिसमें चेन्नई की हलाल इंडिया है, दिल्ली की जमीयत उलमा ए हिंद हलाल ट्रस्ट है, मुंबई की हलाल काउंसिल आफ इंडिया है, इन सबको नोटिस को जारी करने जा रही है। नोटिस जारी करने के बाद उनसे पूछताछ करेगी। उनके सारे लोगों को बुलाएगी तो फिर इसका दायरा बढ़ेगा। तो इस वजह से इसका सारा जो फोकस है वो आतंकवादी लिंक खोजने में लग गया है। इसलिए एसटीएफ को इसमें लगाया गया है।

एसटीएफ आसानी के साथ मुंबई, दिल्ली और चेन्नई सहित अन्य राज्यों में हलाल प्रमाणित उत्पादों को तैयार करने वाली कंपनियों के ठिकानों पर कभी भी छापेमारी कर सकती है। उच्च आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, एसटीएफ इस जांच के लिए अलग से एक टीम का गठन कर रही है। इसका काम केवल इसी मामले की तेजी के साथ जांच करना होगा।पुलिस और एसटीएफ की जांच के आधार पर टेरर फंडिंग और प्रतिबंधित कट्टरपंथी संगठनों के साथ कंपनियों के संबंधों की आगे की जांच के लिए सरकार आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) को भी लगा सकती है। बीते कुछ समय से उत्तर प्रदेश में लगातार आतंकियों की हो रही गिरफ्तारी और उन्हें की जा रही टेरर फंडिंग की जांच एटीएस की टीमें पहले से ही कर रही हैं।एसटीएफ जांच की शुरूआत उक्त कंपनियों, डिस्ट्रीब्यूटरों और उत्पाद विक्रेताओं के बैंक खातों से करेगी। सूत्रों का कहना है कि बैंक खातों की जांच के बाद ही तमाम सच्चाई सामने आ जाएगी। साथ ही कंपनियों द्वारा विदेशों में उत्पादों की आपूर्ति के बदले धनराशि किस माध्यम से ली जाती थी, इसकी भी जांच एसटीएफ की टीम करेगी।

भ्रष्ट होते चुनावों से लोकतंत्र के धुंधलाने का संकट

ललित गर्ग

चुनाव चाहे लोकसभा के हो या विधानसभा के या फिर नीचे के लोकतांत्रिक संगठनों के, जहां नीति, नैतिकता एवं पवित्रता की बात पीछे छूट जाती है, वहां न केवल लोकतंत्र बल्कि राष्ट्र भी कमजोर हो जाता है। तीन राज्यों में चुनाव हो चुके हैं और दो राज्यों में चुनाव होने वाले हैं। स्वच्छ और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए तिथियों की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू कर दी जाती है। अधिक संख्या में पुलिस बल और प्रशासनिक कर्मियों की तैनाती भी होती है। इन प्रयत्नों एवं सतर्कताओं के बावजूद चुनावों में व्यापक स्तर पर भ्रष्टाचार एवं अनैतिकताएं सामने आना दुर्भाग्यपूर्ण एवं लोकतंत्र के सामने गंभीर संकट है। तमाम तरह की सावधानियों के बावजूद राजनैतिक पार्टियां और उनके उम्मीदवार मतदाताओं को लुभाने के लिए नगदी, शराब, उपहार आदि का वितरण करते हुए देखे जा रहे हैं। यह बीमारी लोकतांत्रिक प्रक्रिया के हर स्तर- पंचायत से लेकर लोकसभा चुनाव- तक जा पहुंची है और लगातार बढ़ती भी जा रही है। यदि चुनाव को पवित्र संस्कार नहीं दिया गया तो भारत के लोकतंत्र का आदर्श धुंधला एवं दुर्बल ही होता जायेगा। जबकि निष्पक्ष एवं पारदर्शी मतदान से ही जन प्रतिनिधियों का चुनाव लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूती दे पायेगा। उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों से अपेक्षा की जाती है कि वे मतदाताओं को अपने पाले में लाने के लिए अवैध तरीके नहीं अपनायें और मतदाता को लुभाने एवं गुमराह करने की कोशिशों से बाज आये। जीत-हार की राजनीति में आकंठ डूबे राजनेता अब राजस्थान एवं तेलंगाना विधानसभाओं के चुनावों में लगे हैं। इसके कुछ महीनों बाद समूचा देश केन्द्र की सत्ता चुनने में लग जाएगा, लेकिन ऐसे में क्या हमारी मौजूदा दूषित होती चुनाव प्रक्रियाओं के हालातों पर विचार करना मौजूं नहीं होगा? क्या इन चुनावों के बहाने आजादी के साढ़े सात दशकों में हासिल वर्तमान परिस्थितियों की समीक्षा नहीं करना चाहिए?

इस माह पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव हो रहे हैं। चुनाव आयोग के अनुसार, इन राज्यों में अब तक 1,760 करोड़ रुपये की नगदी, शराब, उपहार आदि की बरामदगी हुई है, चुनाव प्रक्रिया के अंत तक इसमें बढ़ोतरी का अनुमान है। मतदाताओं को रिश्वत देने, रेवडियां बांटने एवं लुभाने का यह चलन किस गति से बढ़ रहा है, इसका अंदाजा इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि इन राज्यों में इस साल बरामद नगदी और चीजों का मूल्य 2018 के चुनाव की तुलना में सात गुना से भी अधिक है। सबसे अधिक बरामदगी तेलंगाना और राजस्थान में हुई है। इन दो राज्यों में मतदान अभी होना है। मिजोरम, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में वोट डाले जा चुके हैं। राजस्थान में सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी एवं मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मतदाताओं को लुभाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। अब चुनाव प्रचार के दौरान भी मतदाताओं को अपनी ओर आकर्षित करने के लिये सभी राजनीतिक दल जायज-नाजायज तरीके अपना रहे हैं। जबकि आचार संहिता के उल्लंघन और भ्रष्टाचार को रोकने के लिए इस बार चुनाव आयोग ने निगरानी को सुदृढ़ करने के लिए तकनीक का भी सहारा लिया है ताकि केंद्रीय और राज्य स्तर की विभिन्न एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल हो सके। बावजूद इन सख्तियों के उम्मीदवार मतदाताओं को नगदी, शराब, उपहार आदि देने के रास्ते निकाल ही रहे हैं। यहां मतदाता भी प्रलोभन में आकर अपनी जिम्मेदारी से भाग रहा है। छोटे-छोटे प्रलोभनों में वे अपनी बड़ी जिम्मेदारी से मुंह फेर रहे हैं। जो जनता अपने वोटों को चंद चांदी के टुकड़ों में बेच देती हो, सम्प्रदाय एवं जाति के उन्माद में योग्य-अयोग्य की पहचान खो देती है, अपने निष्पक्ष मतदान की जिम्मेदारी को किन्हीं स्वार्थों की भेंट चढ़ा देती है, वह जनता योग्य, जिम्मेदार एवं पात्र उम्मीदवार को कैसे विधायी संस्थाओं में भेज पाएंगी? स्वस्थ एवं आदर्श लोकतंत्र की स्थापना का दायित्व जनता का ही है। वोट देते हुए वह जितनी जागरूक होगी, उतना ही देश का हित होगा।

इन पांच राज्यों- मिजोरम, छत्तीसगढ, मध्यप्रदेश, राजस्थान एवं तेलंगाना में हर बार की तरह इस बार भी जमकर चुनावी भ्रष्टाचार देखने को मिला है। इन चुनावों में हर राजनैतिक दल अपने स्वार्थ की बात सोचता रहा तथा येन-केन-प्रकारेण ज्यादा-से-ज्यादा वोट प्राप्त करने की तरकीबें निकालता रहा। इसके लिये उसने पूर्व की अपेक्षा इस बार ज्यादा गलत, असंवैधानिक, अनैतिक एवं भ्रष्ट तरीकों का इस्तेमाल किया है। जबकि आयोग पूर्व की अपेक्षा अधिक सक्रिय और सतर्क हुआ है। चुनावी प्रक्रिया में शामिल प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मियों में भी अधिक सचेतना देखी गयी है। लेकिन विडम्बना देखिये कि इतना सब होने के बावजूद स्वच्छ, पारदर्शी एवं शुद्ध चुनाव संभव नहीं हो पा रहे हैं। चुनावों में धन-बल का इस्तेमाल बढ़ा है, साम्प्रदायिक एवं जातीय दावपेंच बढ़े हैं। नगद धन, शराब एवं उपहार खुलेआम बांटे गये हैं। जबकि ये स्थितियां चुनाव आचार संहिता का खुला उल्लंघन है। इन पर नियंत्रण की प्राथमिक जिम्मेदारी और जवाबदेही आयोग की है तो राजनीतिक दलों की भी है। बढ़ता चुनावी भ्रष्टाचार एक गंभीर समस्या है, जिस प्रकार प्रत्याशियों के विरुद्ध दर्ज मामलों की जानकारी सार्वजनिक की जाती है, उसी तरह यह भी मतदाताओं को बताया जाना चाहिए कि जो अवैध नगदी और अन्य चीजें बरामद हुई हैं, वे किस उम्मीदवार की हैं। जिस उम्मीदवार ने ऐसा दुस्साहस किया हो, उसकी उम्मीदवार की पात्रता को अवैध घोषित किया जाना चाहिए। चुनावी भ्रष्टाचार रोकने में मतदाताओं को भी सकारात्मक भूमिका निभानी चाहिए। अनेक मतदाताओं को अपने हिताहित का ज्ञान नहीं है, इसलिये वे हित-साधक उम्मीदवार एवं दल का चुनाव नहीं कर पाते हैं। अनेक मतदाता मोहमुग्ध होते हैं, इसलिये उनका मत शराब की बोतलों एवं छोटी-मोटी धनराशियों एवं स्वार्थों के पीछे लुढ़क जाता है। यह हमें समझना होगा कि जो भ्रष्टाचार के सहारे जीतेगा, वह कभी जनता की सेवा को प्राथमिकता नहीं देगा। इसलिए, चुनावी भ्रष्टाचार के रोग का उपचार आवश्यक है।

हकीकत यह भी है कि चुनाव सुधार की मांग समय-समय पर उठती रही है और खासकर उस समय जब चुनाव नजदीक आए अथवा चुनावी प्रक्रियाओं के समय चुनाव में सुधारात्मक कदम उठाने की बात ज्यादा की जाती रही है। लेकिन प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि इन मसलों का हल चुनाव से पहले ही क्यों नही निकाल लिया जाता है? इसका उत्तर यह कदापि नहीं है कि चुनाव आयोग शक्तिहीन हो चुका है। आज भी चुनाव आयोग में संपूर्ण शक्तियां विद्यमान हैं और वह निष्पक्षता से काम भी कर रहा है। लेकिन पिछले कुछ दशकों से यह देखा जा रहा है कि सुप्रीम कोर्ट तो सदैव चुनाव सुधार की बात करता है, लेकिन राजनीतिक दल सदैव इसमें असहयोग और विरोध ही प्रकट करते रहे हैं। शायद यह कयास लगाना गलत नहीं होगा कि चुनाव सुधार से राजनीतिक दलों को यह भय सताता रहा होगा कि उनके मनमानी और आपराधिक संलिप्तता तथा धन का अथाह उपयोग पर रोक लग जाने से चुनावों में जीत को सुनिश्चित करना असंभव हो जायेगा। वैसे भी भारत में चुनावों में बड़ी मात्र में धन की जरूरत एक कड़वी सच्चाई है, इसके लिए निर्धारित खर्च की सीमा निरर्थक साबित होती रही है और जिसका शायद ही पालन किया जाता है।

अनेक खामियों के कारण ही चुनाव शुद्धि के अनुकूल बहुत कुछ हो नहीं सका। वैसे इस संबंध में बहुत से प्रासंगिक सुधारों एवं सख्त कदमों की आवश्यकता है। धन-बल के बढ़ते उपयोग से चुनावों में भ्रष्टाचार मजबूती से अपनी जड़ें जमा लेता है, जो अंततः सारी व्यवस्था को अपने लपेटे में लेकर भ्रष्ट और कमजोर बना देता है। अक्सर ऐसे चुनावी धन का स्रोत अपराध में छिपा होता है। चुनावों में बेहिसाब धन अपराधी तत्वों द्वारा इस उम्मीद से लगाया जाता है कि चुनाव बाद वे सरकारी ठेके और दलाली पर काबिज हो सकेंगे तथा खर्च की गई रकम को सूद समेत वसूल कर लेंगे। यहीं से राजनीतिक भ्रष्टाचार की शुरूआत होती है और इसी से चुनाव भ्रष्टाचार में संलिप्त होते हैं। लोकतंत्र को सही अर्थो में ह्यलोगों का तंत्रह्न बनाने बाबत केंद्र सरकार ने चुनाव सुधार संबंधी विधेयक लाकर सार्थक पहल कर दी है। इस विधेयक से हम अनुमान लगा सकते हैं कि सरकार की इच्छाशक्ति बहुत मजबूत है। लेकिन अभी चुनाव सुधार के क्षेत्र में काफी कुछ ठोस पहल करना अपेक्षित है।

रोजमर्रा की जिंदगी में एआई के उपयोग और दुरुपयोग पर गहन बहस

कल्याणी शंकर

एआई धोखाधड़ी, हैकिंग प्रयासों और अन्य अनियमितताओं का पता लगाने और उन्हें रोकने के द्वारा चुनाव सुरक्षा बनाये रखने में महत्वपूर्ण है। यह चुनाव परिणामों की भविष्यवाणी करने के लिए ऐतिहासिक डेटा और वर्तमान घटनाओं का उपयोग कर सकता है। एआई-संचालित चैटबॉट मतदाताओं को मतदान स्थानों, उम्मीदवार प्रोफाइल और अतिरिक्त महत्वपूर्ण चुनाव संबंधी जानकारी के बारे में सूचित कर सकते हैं।

वर्तमान विधानसभा चुनाव प्रचार में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस(एआई) तकनीक का व्यापक रूप से उपयोग किया गया है। इसमें हिंदी, तमिल और तेलुगु जैसी भाषाओं में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आधारित गाने बनाना शामिल है। ये गाने इंटरनेट पर वायरल हो गये हैं। इसके

अतिरिक्त, मतदाताओं और पार्टी कार्यकताओं को व्यक्तिगत संदेश भेजने के लिए एआई-संचालित वॉयस क्लोनिंग टूल का उपयोग किया गया है। तेलुगू में मोदी के डिजिटल रूप से प्रस्तुत गीतों को 20 लाख से अधिक बार देखा गया है। इसकी तुलना में, उनकी आवाज वाला एक तमिल भाषा का गाना 27 लाख से अधिक बार देखा गया है। इसके अलावा, मोदी की आवाज वाले एक पंजाबी गाने को 170 लाख से अधिक बार देखा गया है।

इसके अलावा, भारतीय-अमेरिकी गायिका फालू को पीएम मोदी पर फिल्माए गए उनके गीत 'एबंडेंस इन मिलेट्स' के लिए ग्रैमी नामांकन मिला है। कांग्रेस और भाजपा ने एआई-संचालित वॉयस क्लोनिंग टूल का इस्तेमाल किया है। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत इसके लिए उल्लेखनीय हैं। कुछ टेलीविजन चैनलों ने उड़िया, कन्नड़ और हिंदी में एआई टीवी एंकर पेश किये हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ने भारत में स्वास्थ्य सेवा को महत्वपूर्ण रूप से बदल दिया है। उन्नत निदान, उपचार और रोगी देखभाल उपकरणों ने चिकित्सा सेवाओं में सुधार किया है। विश्व आर्थिक मंच की एक हालिया रिपोर्ट में कहा गया है कि एआई पर भारत का खर्च 2025 तक 11.78बिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। यह 2035 तक भारत की अर्थव्यवस्था में 1 ट्रिलियन डॉलर जोड़ने में योगदान देगा। प्रधानमंत्री मोदी भारत में एआई विकास को बढ़ावा देने के इच्छुक हैं। ये सब हमें इस सवाल पर लाते हैं कि क्या एआई धीरे-धीरे दुनिया पर कब्जा कर रहा है। 1 नवंबर को ऐतिहासिक बैलेचले पार्क में यूके द्वारा आयोजित पहले एआई सुरक्षा शिखर सम्मेलन में, राजनीतिक और उद्योग जगत के नेताओं ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता के खतरों पर चर्चा की। इस बात पर भी ध्यान दिया गया कि प्रौद्योगिकी को सुरक्षित रूप से कैसे विकसित किया जाये। संयुक्त राष्ट्र और यूरोपीय संघ सहित लगभग 28 देशों ने उसमें भाग लिया। अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने अमेरिका का प्रतिनिधित्व किया। भारत का प्रतिनिधित्व राज्य मंत्री राजीव चन्द्रशेखर ने किया। उन्होंने कहा, 'हम चाहते हैं कि एआई और तकनीक अच्छाई, सुरक्षा और विश्वास का प्रतिनिधित्व करें।'

एआई में तेजी से हो रही प्रगति भय के साथ-साथ उत्साह भी पैदा कर रही है। प्रतिभागियों में विनाशक से लेकर आशावादी तक शामिल थे, जिन्हें आशा थी कि एआई मानवता को बचायेगा। उन्होंने मुद्दे की वैश्विक प्रकृति को संबोधित किया। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय सहयोग और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की आवश्यकता पर बल दिया। ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने कहा है कि वह कंप्यूटर पर मानवता का नियंत्रण खोने से चिंतित हैं। साइबर हमलों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की भूमिका पर भी चर्चा की गई। एआई ऐसे पैमाने और गति का प्रतिरूपण कर सकता है जिसके बारे में कभी पता नहीं चला। इनसे वैश्विक वित्तीय व्यवस्था चरमरा सकती है और लोकतंत्र को खतरा हो सकता है। भारत दिसंबर में एक और बैठक की मेजबानी करने की योजना बना रहा है। मेजबान देश के रूप में, यूके एआई के उभरते रूपों की सुरक्षा की जांच करने के लिए एक आधिकारिक एआई सुरक्षा संस्थ

महिला घाट में यमुना नदी में अप्रैल तक बनायें पुल: डीएम

पचास लाख की लागत से ज्यादा के निर्माण कार्यों की डीएम ने की समीक्षा

अखंड भारत संदेश

निर्माण कार्यों की समीक्षा करते डीएम।

चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने 50 लाख से अधिक लागत के निर्माण कार्यों व नई सड़कों के निर्माण कार्यों की समीक्षा में कहा कि अंतराज्यीय/अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर दो लेन, चार लेन मार्ग पर गेट व प्रकाश व्यवस्था, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बरगढ़ के निर्माण, सेतुओं के निर्माण, सर्किट हाउस के निर्माण, नवीन थाना सरधुआ, विकास भवन के निर्माण, ट्रांसिट हॉस्टल के निर्माण, राजकीय पॉलिटेक्निक मानिकपुर, ड्रग वेयरहाउस, नगर पंचायत भवन मऊ के निर्माण, नवीन संकेत जूनियर हाईस्कूल के निर्माण, पर्यटन विकास कार्य, राजकीय आईटीआई, परिक्रमा मार्ग का पर्यटन विकास, पथ प्रकाश व्यवस्था, बाल्मीकि आश्रम में सांस्कृतिक केंद्र भवन निर्माण, जिला चिकित्सालय में अग्निशमन व्यवस्था, चैपड़ा तालाब का सुन्दरीकरण, भरतकूप मंदिर पर लाइट, श्रीराम वाटिका इको पार्क गणेश बाग, तुलसीदास की जन्मस्थली राजापुर के पर्यटन विकास कार्य, ऋषियन आश्रम दशरथ घाट का पर्यटन विकास, राजकीय इंटर कॉलेज अशोह का निर्माण, मारकुंडी, रैपुरा, पहाड़ी, बहिलपुरवा, कोतवाली कर्वी, बरगढ़, मानिकपुर, पुलिस लाइन आदि स्थानों में बैरक व हॉस्टल निर्माण, रेस्क्यू सेंटर निर्माण, तुलसी वॉटरफॉल का पर्यटन विकास, नवीन थाना भरतकूप के आवासीय निर्माण कार्य, गोवंश बिहार ऐलहा बढैया, बहुउद्देशीय क्रीड़ा हाल आदि निर्माण कार्यों बाबत कार्यदाई संस्थाओं से बिन्दुवार चर्चा की।

गुरुवार को कलेक्टेज्ट सभागार में जिलाधिकारी ने अध्यक्षता करते हुए कहा कि सभी कार्यदाई संस्थायें जिले में जो भी निर्माण कर रही हैं, शासन की मंशानुसार निर्धारित समय सीमा में पूरा करायें। भारत सरकार व प्रदेश सरकार ने निर्देश दिए हैं कि जो भी नए भवन बन रहे हैं, उसमें दिव्यांगों के लिए रैंप रेलिंग बनायें। मऊ सराय अकिल मार्ग महिला घाट पर यमुना नदी में पुल निर्माण कार्य में प्रगति न होने पर उप्र राज्य सेतु निगम प्रयागराज के अधिकारियों को कडे निर्देश दिए कि ये कार्य प्रत्येक दशा में अप्रैल तक पूरा होना चाहिए। मैन पावर बढ़ाकर कार्यों में तेजी लायें। बैठक में सीडीओ अमृतपाल कौर, सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी, सीएमएस डॉ सुधीर कुमार, सीबीओ डॉ सुभाष चंद्र, एक्सईएन लोनिवि प्रांतीय खंड सत्येंद्र नाथ, निर्माण खंड कृष्ण कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज कुमार मिश्रा, बीएसए लव प्रकाश यादव, डीआईओएस संतोष कुमार मिश्रा, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी प्रतिभा पाल, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव, जिला अर्थ एवं

पुलिस झंडा दिवस पर एसपी कार्यालय समेत फहराया ध्वज

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस बलों के अप्रतिम शौर्य एवं कर्तव्य निष्ठा के प्रतीक पुलिस झंडा दिवस पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सीओ लाइन्स राजकमल ने ध्वजारोहण कर पुलिस ध्वज को सलामी दी। गुरुवार को सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय ने थाने में ध्वजारोहण किया। इसी क्रम में जिले के सभी थानों व चैकी प्रभारियों ने थाना/चैकी में ध्वजारोहण कर पुलिस ध्वज को सलामी दी। मातहत अधिकारी/कर्मचारियों को पुलिस महानिदेशक का संदेश पढ़कर सुनाया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रभारी सोशल मीडिया सेल निरीक्षक विजय सिंह, वाचक पुलिस अधीक्षक निरीक्षक परितोष दीक्षित, डीसीआरबी प्रभारी निरीक्षक राजकुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।

25 को होगी दिशा बैठक

चित्रकूट। सीडीओ अमृतपाल कौर ने बताया कि भारत सरकार की ग्रामीण विकास योजनाओं की समीक्षा को जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक सांसद आरके सिंह पटेल की अध्यक्षता में 25 नवंबर को पूर्वान्ह 11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में होगी। सभी संबंधित अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि बैठक में हिस्सा लें।

किसानों को मिलेगी डीसीएफ में अधिक सुविधा: योगेश जैन

अखंड भारत संदेश

डीसीएफ में चर्चा करते पदाधिकारी।

चित्रकूट। जिला सहकारी फेडरेशन की बोर्ड डायरेक्टर बैठक डीसीएफ कार्यालय में हुई। विभिन्न बिंदुओं के प्रस्तावों पर चर्चा हुई। खासतौर से क्षेत्र में जन औषधि केंद्र खोलने व विभिन्न उत्पाद बिक्री केंद्र शुरू करने की चर्चा हुई।

गुरुवार को डीसीएफ कार्यालय में सरकारी सहायता से वंचित शिक्षा संस्थानों के उन्नयन को मदद देने को विचार किया। किसानों को सीधे डीसीएफ के अन्य खाद व पशु आहार केंद्र स्थापना पर डायरेक्टर ने विचार रखे। डीसीएफ अध्यक्ष योगेश जैन ने सचिव राजेश मिश्रा से पिछले वर्ष के आय-व्यय का लेखा-जोखा चार्टर्ड अकाउंट से ऑडिट कराकर बैठक में रखने को कहा। सभी ने सहमति जताई। उपाध्यक्ष आलोक द्विवेदी ने इफको के जारी शेयर भी डीसीएफ के लिए जाने की बात रखी। नये कार्यालय भवन को प्रस्ताव हुआ। पूर्व ब्लाक प्रमुख/डायरेक्टर राजकुमार मिश्रा ने किसानो को अधिक सुविधा देने को कहा। राजपुर के अनूप मिश्र चंचल डायरेक्टर ने राजापुर में खाद की सुविधा देने, डायरेक्टर सुधांशु धर ने नियमित रूप से सदस्यों को सूचना देने को कहा। बैठक की अध्यक्षता करते हुए योगेश जैन ने कहा कि सभी प्रस्ताव अहम हैं, जल्द पूरे करने के प्रयास होंगे। किसानों के हित को ही चुने गए हैं। शासन से हर संभव किसानों को सुविधा दिलाने के कार्य होंगे।

25 को होगी बैठक

चित्रकूट। उप निदेशक कृषि राजकुमार ने बताया कि जिले में 25 नवंबर को होने वाली मंडल कानपुर झांसी एवं चित्रकूट धाम मंडल बांदा की मंडलीय रबी उत्पादकता गोष्ठी कृषि उत्पादन आयुक्त की अध्यक्षता में अब आठ दिसंबर को सवेरे साढे दस बजे से होगी।

नौ की लोक अदालत से ज्यादा लोग उठायें लाभ: जिला न्यायाधीश

अखंड भारत संदेश

रैली को हरीझंडी दिखाते जनपद न्यायाधीश।

चित्रकूट। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने पूरे देश की भांति जिले की सभी दीवानी न्यायालयों, राजस्व न्यायालयों में नौ दिसम्बर को राष्ट्रीय लोक अदालत में शमनीय आपराधिक वाद, मोटर एक्सीडेंट क्लेम वाद, श्रम वाद, बैंक वसूली वाद, विद्युत अधिनियम, जल वाद, सर्विस मैटर्स, पारिवारिक/वैवाहिक वाद, भूमि अधिग्रहण वाद, राजस्व/चकबन्दी वाद, किरायेदारी वाद, सुखाधिकार वाद, स्थायी निषेधाज्ञा व सिविल वाद, मनी वसूली वाद, अनुतोष वाद, मोटर वाहन ई-चालान/लघु आपराधिक वादों, श्रमवाद, प्री-लिटिगेशन से ऐसे वाद जो न्यायालय के समक्ष नही आयें। उपभोगता फोरम, आर्बिट्रेशन सम्बन्धित वादों का सरलता से निस्तारण होगा।

गुरुवार को राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार को जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विकास कुमार-प्रथम के निर्देश पर पुलिस विभाग व बैंको के सहयोग से प्रचार वाहनों को जनपद न्यायाधीश ने हरीझंडी दिखाकर रवाना किया। रैली का उद्देश्य जनता को राष्ट्रीय लोक अदालत के लाभों के प्रति जागरूक करना है। प्रचार वाहन रैली जिले के नगरीय क्षेत्र समेत भीड-भाड वाले स्थानों पर जाकर जन संशोधन प्रणाली से जनता को लोक अदालत की उपयोगिता के बारे में जागरूक करेंगे। पैरालीगल वालेण्टियर्स साकेत सैनी, रामसागर, अमित शुक्ला, महेन्द्र प्रताप सिंह, श्रीमती ममता वर्मा इन्ही स्थानों पर लोक अदालत से सम्बन्धित प्रचार सामग्री बांटेंगे। इस मौके पर जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत महत्वपूर्ण है। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण का उद्देश्य न्याय की पहुंच जन-जन तक हो। इसी उद्देश्य से प्रचार-प्रसार को रैली निकाली गई है, ताकि विधिक जागरूकता से नौ दिसम्बर को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत का ज्यादा लोग लाभ ले सकें।

अपर जिला जज/नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत दीपनारायण तिवारी ने रैली को सफल बनाने को पुलिस विभाग, बैंकों, मीडिया कर्मियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फारुख इनाम सिद्दीकी ने बताया कि वाद की सुनवाई वीडियो कान्फ्रेंसिंग से करा सकते हैं। इस मौके पर पीठासीन अधिकारी कृष्ण यादव, मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण रवीन्द्र कुमार श्रीवास्तव, विनीत नारायण पाण्डेय, नीरज श्रीवास्तव, संजय कुमार-2, सुशील कुमार वर्मा अपर जिला जज, सूर्यकान्त धर दूबे मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, श्रीमती विदुषी मेहा सिविल जज सीडि, सुश्री सोनम गुप्ता सिविल जज सीडि/एफटीसी, सुश्री सैफाली यादव सिविल जज जूडि व अंजलिका प्रियदर्शिनी न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम, तुलसीराम अग्रणी प्रबन्धक इण्डियन बैंक व पुलिस अधिकारीगण मौजूद रहे।

जल जीवन मिशन चढ रही भ्रष्टाचार की भेंट

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जल जीवन मिशन के कार्यों में प्रोजेक्ट हेड जितेंद्र तिवारी की मनमानी के चलते चहेते ठेकेदारों व वेंडरों के नाम फर्जी ढंग से भुगतान कर सरकारी धन को ठिकाने लगाया जा रहा है।

गुरुवार को सरकारी धन को ठिकाने लगाने का खुलासा हुआ। बताया गया कि जिले के कर्वी व राजापुर तहसील के गांवों में डब्ल्यूटीपी, सीडब्ल्यूआर, स्टॉफ क्वार्टर, पंप हाउस, टंकी निर्माण, गार्ड रूम, पाइप लाइन व रोड़, रेस्टोरेंट आदि कार्य चहेते ठेकेदारों/वेंडरों के नाम करोड़ों रुपए मजदूरी भुगतान प्रति माह हो रही है। निर्माण कार्यों में मजदूर कम, कम्पनी ज्यादा मजदूरों की दैनिक प्रगति रिपोर्ट भेजकर मनमानी ढंग से भुगतान हो रहा है। कार्य करने वाले मजदूरों की मजदूरी कम्पनी प्रति मजदूर 1050 से लेकर 12 व 14 सौ रुपए देती है। श्रमिकों के साथ छलावा कर चार सौ रुपए से लेकर छह सौ रूपए दिये जा रहे हैं।

कर्वी व राजापुर तहसील में जल जीवन मिशन के डब्ल्यूटीपी, इंटेकवेल, सीडब्ल्यूआर, पम्प हाउस, टंकी व पाइप लाइन कार्य व हाउस कनेक्शन के नाम पर बड़ा खेल हो रहा है। प्रोजेक्ट हेड जितेंद्र तिवारी, अजय शर्मा व दीपचंद सक्सेना की मिलीभगत से चहेते ठेकेदारों/वेंडरों को मनमानी ढंग से कार्य दिये जा रहे हैं। अन्य ठेकेदारों का शोषण किया जा रहा है। प्रोजेक्ट हेड जितेंद्र तिवारी, अजय शर्मा व दीपचंद सक्सेना की मनमानी से ठेकेदारों के भुगतान नहीं हो रहे। ठेकेदारों/वेंडरों का शोषण होने से ये बीच में ही कार्य छोड़कर चले गये। कई फर्में प्रोजेक्ट हेड जितेंद्र तिवारी की मनमानी की शिकार हुई हैं। इनमें अंश इंफ्रा, नैफ इंफ्रा, साईं कंट्रक्सन, जय शिव कंट्रक्सन, एलटीएम डेवलोपर, एसबीएस कंट्रक्सन, साक्षी इंफ्रा, धनराज इंफ्राटेक, नन्द राम अवतार प्रा लि, संध्या देवी, अशफाक अहमद, बीपीएस कंट्रक्शन, डीके कंट्रक्शन व अंसारी कंट्रक्शन आदि हैं, जिनका भुगतान नहीं हुआ। इन्हें मजबूर कर दिया कि बिना भुगतान के ही लौट गई।

घटिया सामग्री से हो रहा निर्माण।

वही कार्य चहेते ठेकेदारों/वेंडरों के नाम नया पंजीयन कर भुगतान किया गया। अंश इंफ्रा ने कराये डब्ल्यूटीवी कैंपस कार्य इं गोविंद की देखरेख में करा रहे थे, लेकिन प्रोजेक्ट हेड की दबंगई से कार्य बंद करा दिया। जितेंद्र तिवारी दल-बल समेत साइड पर श्रमिकों को डराते- धमकाते हैं। इं गोविंद को सामान समेत बाउंड्रीवॉल से बाहर फेंकवा दिया था। कई असलहा धारियों को लगाकर अंदर घुसने नहीं दिया। इं गोविंद की मोटरबाइक जितेंद्र तिवारी के सहयोगियों ने राजापुर थाने में बन्द करा दी, जबकि मोटरबाइक के पूरे कागजात थे।

जल जीवन मिशन योजना कार्यदाई संस्था एलएनटी कम्पनी के भेजे सीमेंट, सरिया व जीआई पाइप आदि स्टोर रूम से ज्यादातर सामान अन्य कंपनियों को बेंचा गया है। प्रोजेक्ट हेड जितेंद्र तिवारी, अजय शर्मा व दीपचंद सक्सेना इस खेल में शामिल हैं। प्रोजेक्ट हेड को राजनीतिक संरक्षण मिला है। सत्ताधारी दल के कई नेताओं से उनकी साठगांठ है। जल जीवन मिशन योजना तकरीबन 11 सौ करोड़ की लागत से गांवों में कार्य करा रही है।

वकीलों के चेम्बर को विधायक ने दिये 9.95 लाख

अखंड भारत संदेश

शिलान्यास को पूजन करते विधायक आदि।

चित्रकूट। समाजवादी पार्टी के सदर विधायक अनिल प्रधान ने जिला कचेहरी में अधिवक्ताओ के बैठने को चेम्बर निर्माण को विधान मंडल निधि से 9.95 लाख रुपये देने का ऐलान किया। गुरुवार को विधायक अनिल प्रधान ने अधिवक्ताओं के बैठने को चेम्बर निर्माण को शिलान्यास किया। उन्होंने विधिवत पूजन-अर्चन कर चेम्बर निर्माण को 9.95 लाख रुपये विधान मंडल निधि से देने का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि वे विपक्ष में रहते हुए जो भी ज्यादा से ज्यादा सम्भव है, वह लोगों के हित के कार्य कर रहे हैं।

इस मौके पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सत्यहरण यादव ने कहा कि जिले में पहली बार सपा से युवा विधायक अनिल प्रधान हुए हैं। विधायक की कार्यशैली बेहद विनम्र एवं जनहितकारी है। ऐसा विधायक प्रदेश में दूसरा नहीं है। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता सूर्यबलि त्रिपाठी, रुद्र प्रसाद मिश्रा, अमित यादव, अजय पटेल आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

18 वर्षीय नये वोटरों को जोडने को निकली रैली

अखंड भारत संदेश

मऊ/चित्रकूट। मऊ ब्लाक में शासन-प्रशासन की मंशानुसार विभिन्न न्याय पंचायत में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मतदाता सूची में 18 वर्षीय नये वोटरों के नाम सूची में शामिल करवाने को जन-जन तक संदेश पहुंचाने की गरज से मतदाता जगरूकता रैली निकाली गयी।

रैली निकालते शिक्षक व छात्र।

गुरुवार को न्याय पंचायत मऊ के प्राथमिक विद्यालय अहिरी, उच्च प्राथमिक विद्यालय अहिरी के छात्र-छात्राओं ने न्याय पंचायत बियावल मे कंपोजिट विद्यालय एवं प्राथमिक विद्यालय बियावल के छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली। संकुल मऊ की रैली को खण्ड शिक्षा अधिकारी मऊ कृष्णदत्त पांडेय ने हरीझंडी दिखाकर रवाना किया। संकुल बियावल की मतदाता जागरूकता रैली को संकुल के वरिष्ठ अध्यापक हनुमान सिंह व शिव शंकर भार्गव नोडल संकुल शिक्षक ने हरीझंडी दिखाकर रवाना किया। छात्र-छात्राओं ने मतदान को जागरूकता नारे लगाते हुए गांव के मुख्य मार्गो से होते हुए पुनः विद्यालय में रैली समाप्त हुई। रैली में शार्देंदु शुक्ला संकुल शिक्षक, लवलेश पांडेय, शान्ति देवी, प्राथमिक विद्यालय अहिरी क्षत्रपाल सिंह, शीतल सिंह, इंदु गौतम, आलोक श्रीवास्तव, आशीष तिवारी, राजेंद्र पाल, रवि प्रकाश, अजय सिंह, सूर्यकांत, अमरदीप सिंह, शिव सेवक सिंह, भानु विश्वकर्मा आदि शिक्षकों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी मऊ कृष्णदत्त पांडे ने ग्रामीणों से ज्यादा से ज्यादा वोटर जोड़ने व महिला मतदाताओं के नाम सूची में जुडवाने की अपील की।

चौकी रगौली ने दो जुआरियों को जुआ खेलते दबोचा

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराध की रोकथाम को जारी अभियान में कर्वी कोतवाल अजीत कुमार पाण्डेय की अगुवाई में चैकी प्रभारी रगौली राजीव कुमार सिंह की टीम ने छेदीलाल पुत्र गोरेलाल निवासी कंठीपुर व मुन्ना पुत्र भुनवा निवासी बालापुर खालसा को ताश के पत्तों से हारजीत की बाजी लगाते जुआ खेलते रंगेहाथ गिरफ्तार किया। गुरुवार को दरोगा राजीव कुमार सिंह ने जुआरियों के कब्जे से मालफड़ से 1260 रुपये व ताश के 52 पत्ते, जामा तलाशी से 190 रुपये बरामद किये। जुआरियों के खिलाफ कोतवाली कर्वी में जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में चैकी प्रभारी रगौली राजीव कुमार सिंह व सिपाही शुभम शर्मा शामिल रहे।

पुलिस ने चोरी का वारंटी दबोचा

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर वारंटी/वांछित की गिरफ्तारी को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा दीपेन्द्र कुमार सिंह की अगुवाई में दरोगा राजेश कुमार राय की टीम ने चोरी व लोक सम्पत्ति क्षति निवारण अधिनियम के वारंटी रामखेलावन पुत्र मोहन प्रसाद निवासी दरसेडा को गिरफ्तार किया। टीम में दरोगा राजेश कुमार राय व सिपाही अरविन्द्र सोनी शामिल रहे।

सियासी जुमला मोदी सरकार ने किया साकार: सांसद

तीन गांवों में सांसद ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केन्द्र का किया शुभारम्भ

अखंड भारत संदेश

मानिकपुर/चित्रकूट। सांसद आरके सिंह पटेल ने मानिकपुर ब्लाक के गढ़चपा, सरैंया व ऊंचाडीह गांव में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र का फीता काटकर शुभारंभ कर कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के दूसरे चरण में मोदी सरकार ने गांवों को स्वच्छ व सुंदर बना रही है। जब गांव साफ-सुथरे होगें, तभी मोदी सरकार के स्वच्छ भारत निर्माण का सपना साकार होगा।

महिला को डस्टबिन देते सांसद।

गुरुवार को स्वच्छ भारत मिशन के दूसरे चरण में केंद्र सरकार ने मानिकपुर ब्लाक के गांवों में बनाये आरआरसी का शुभारम्भ पर सांसद आरके सिंह पटेल का जिला पंचायत सदस्य अनीता सिंह बघेल, प्रधान प्रतिनिधि अरुण सिंह बघेल ने फूल-मालाओं से स्वागत किया। सांसद ने कहा कि मोदी सरकार गरीब कल्याण को संकल्पित है। स्वच्छ भारत मिशन के पहले चरण में गांवों में शौचालय बनवाये गये थे। दूसरे चरण में एक करोड की लागत से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र बनाये जा रहे हैं। सांसद ने कहा कि मोदी सरकार देश के करोड़ों गरीबों को विकास की मुख्यधारा से जोडने के ऐतिहासिक कार्य किये हैं। देश की आजादी के बाद से रोटी, कपड़ा, मकान दिलाने का चला आ रहा सियासी जुमला मोदी सरकार ने साकार किया है। देश के करोडों गरीबों को पीएम आवास, मुफ्त राशन, गैस सिलेंडर, बिजली एवं पानी देने समेत पांच लाख का मुफ्त इलाज का तोहफा देकर जुमले को हकीकत में बदल रही है।

सांसद पटेल ने मोदी सरकार के स्वच्छ भारत मिशन से सूखे व गीले कचरे को अलग-अलग रखकर पन्नी, शीशा, कागज समेत हानिकारकों को निकालकर खाद बनाने की तैयारी कर रही है, जो किसानों की खेती में इस्तेमाल होगा। लोगों को संदेश दिया कि अपने घर का कूड़े-कचरा इधर-उधर न फेंककर उचित स्थान पर रखें, ताकि कचरा उठाने वाला वाहन ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र तक ले जा सके।

कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर, बीडीओ धनंजय सिंह, एडीओ पंचायत कमलाकर सिंह, जिला पंचायत सदस्य अनीता सिंह बघेल, प्रधान प्रतिनिधि अरुण सिंह बघेल, मंडल उपाध्यक्ष आनंद द्विवेदी, सेक्टर प्रभारी रामकेश यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता पम्मू सिंह, हरि गोपाल मिश्रा, राजकुमार त्रिपाठी, आशीष सिंह रघुवंशी, समाजसेवी विशाल उपाध्याय, कमल यादव प्रधान, करण सिंह प्रधान, श्रीमती ननकी देवी प्रधान आदि मौजूद रहे।

डम्फर में घुसी स्कॉर्पियो: दो युवाओं की मौत

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। भरतकूप थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग पर फिर हुए सड़क हादसे में दो लोगों की जान चली गई। डम्फर में सामने से स्कॉर्पियों घुस गई। स्कार्पियो सवार दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को सीधे मर्चरी भेज दिया। क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटाकर यातायात बहाल कराया। ये हादसा गुरुवार को तडके चार बजे भरतकूप थाना क्षेत्र में हुआ। बताया गया कि चित्रकूट से बांदा की ओर जा रही स्कार्पियो व भरतकूप से चित्रकूट आ रहे डम्फर में आमने-सामने भिडन्त हो गई। हादसे ने लोगों के रोंगटे खड़े कर दिए। अभी एक दिन पहले इसी हाईवे पर रोडवेज बस व बोलरो की सामने से हुई भिडन्त में सात लोगों की मौत हो चुकी है। शिवरामपुर चैकी क्षेत्र के बीरा गांव के हिमांशु मिश्रा (24) पुत्र राधाचरण मिश्रा अपने साथ मिस्त्री रामभवन (22) पुत्र शिवचरण विश्वकर्मा निवासी जमालपुर देहात कोतवाली बांदा छोड़ने जा रहे थे। तभी डम्फर व स्कॉर्पियो में जोरदार भिडन्त हो गई। मौके पर ही दोनों के दम तोड़ने का दावा पुलिस कर रही है, जबकि परिजनों के दावे हैं कि पुलिस उन्हें अस्पताल ले जाती तो जान बच सकती थी। इस बाबत थाना प्रभारी सूबेदार बिंद ने बताया कि डम्फर व स्कॉर्पियो में आमने-सामने जोरदार भिडन्त हुई है। स्कॉर्पियो पूरी तरह डम्फर के नीचे घुस गई थी। जेसीबी की मदद से स्कॉर्पियो को बाहर निकाला गया है। दोनों मृतकों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है। शाम छह बजे तक मृतकों का पोस्टमार्टम नहीं हो सका, क्योंकि थानाध्यक्ष को हटाने को लेकर मांग जारी है।

मर्चरी में बैठे पूर्व सांसद व पूर्व राज्यमंत्री।

मार्च तक पूरा होगा सर्किट हाउस

चित्रकूट। जिले में बन रहे सर्किट हाउस का निरीक्षण जिलाधिकारी अभिषेक आनंद व सीडीओ ने किया। उन्होंने लोनिवि बांदा को निर्देश दिये कि जो खाली जगह है, उसमें मिट्टी भराते चले। कार्यदाई संस्था के अधिशासी अभियंता भवन ने बताया कि मार्च 2024 तक कार्य पूरा कर लिया जाएगा। कार्यदाई संस्था को निर्देश दिये कि बिजली के साथ बैकअप को सोलर पैनल या इनवर्टर की भी व्यवस्था करायें। कार्यदाई संस्था से कहा कि समय सीमा के अंदर शासन की मंशानुसार गुणवत्तापूर्ण कार्य करायें।

चीन में मस्जिदों को बंद करने का अभियान हुआ तेज

हांगकांग। चीन की सरकार ने देश में मस्जिदों को बंद करने का अभियान तेज कर दिया है। इसी कड़ी में शिनजियांग प्रांत के बाहर भी मस्जिदों के विरुद्ध अभियान जारी है। ह्यूमन राइट वॉच की रिपोर्ट के मुताबिक, चीन शिनजियांग में वर्षों से अल्पसंख्यक मुस्लिमों के विरुद्ध कार्रवाई कर रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, चीनी प्राधिकारियों ने उत्तरी निंग्जिया क्षेत्र के साथ-साथ गांसु प्रांत में मस्जिदों को बंद करना शुरू कर दिया है। यहां हुइ मुसलमानों की बड़ी आबादी रहती है। यह सार्वजनिक दस्तावेजों, उपग्रह चित्रों पर आधारित है। स्थानीय प्राधिकारी पहले से ही इन मस्जिदों से उनकी वास्तुशिल्प विशेषताएं हटा रहे हैं, जिससे वे अधिक चीनी दिखें। कम्युनिस्ट पार्टी इस क्षेत्र में धर्म पर नियंत्रण कर शासन के लिए संभावित चुनौतियों को समाप्त करना चाहती है। राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने 2016 में धर्म के सिनिसाइजेशन यानी आस्थाओं को चीनी स्वरूप देने का आह्वान किया। इससे एक कार्रवाई शुरू हुई जो बड़े पैमाने पर शिनजियांग के पश्चिमी क्षेत्र पर केंद्रित है। यहां 1.1 करोड़ से अधिक उइगर और अन्य मुस्लिम अल्पसंख्यक निवास करते हैं।संयुक्त राष्ट्र की पिछले वर्ष आई एक रिपोर्ट में कहा गया था कि चीन शिनजियांग में मानवता के खिलाफ अपराध करने में लगा है। वह मुस्लिम अल्पसंख्यकों को प्रशिक्षण देने व जागरूक करने के नाम पर शिविरों में यातना दे रहा है। आकलन है कि इन शिविरों में 10 लाख से अधिक उइगर, हुइ, कजाख और किर्गिज समुदाय के लोग रह रहे हैं। इस रिपोर्ट पर चीन के विदेश मंत्रालय ने कोई टिप्पणी नहीं की है। ह्यूमन राइट वॉच की चीन की कार्यवाहक निदेशक मया वांग ने कहा कि चीन सरकार दावा करती है वह उन्हीं मस्जिदों को बंद कर रही है जो धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन कर रही है।

भारतीय मूल के छात्र की मौत के बाद मादक पदार्थ तस्कर को जेल भेजा गया

लंदन। कैंब्रिज विश्वविद्यालय के एक भारतीय मूल के छात्र की मौत के बाद मादक पदार्थ के एक तस्कर को साढ़े चार साल जेल की सजा सुनाई गई। तस्कर खुद को ह्लफार्मासिस्टह्व होने का दावा करता है।

मार्च 2021 में कैंब्रिज विश्वविद्यालय के ट्रिनिटी कॉलेज में एक दोस्त के कमरे में 20 वर्षीय केशव अयंगर को अधिकारियों द्वारा मृत पाए जाने के बाद कैम्ब्रिजशायर पुलिस ने बेंजामिन ब्राउन का पता लगाया था।

कोरोनर (मृत्यु के कारण का पता लगाने वाले अधिकारी) की रिपोर्ट ने बाद में निष्कर्ष निकाला कि अयंगर की मौत मादक द्रव्यों से संबंधित थी और पुलिस जांच में उसके फोन पर ह्ललीन जान मैनह्व नामक मादक पदार्थ तस्कर के संदेश मिला था। अधिकारियों ने ह्ललीन जान मैनह्व की पहचान सरे में गिल्डफोर्ड के 32 वर्षीय ब्राउन के रूप में की।

मामले की जांच करने वाले कैम्ब्रिजशायर पुलिस के ह्यडिटेक्टिव कॉन्स्टेबलह्व डैन हार्पर ने कहा, ह्लब्राउन सरे में नशा बेचने का काम कर रहा था जिसके दुखद परिणाम हुए।ह्व हंटिंगडन अदालत ने उसे पिछले सप्ताह सजा सुनाई थी। अदालत को बताया गया कि ब्राउन ने खुद को इंस्टाग्राम और स्नैपचैट के माध्यम से विभिन्न प्रकार की केवल-डॉक्टर के पर्चे के आधार पर दी जाने वाली दवाएं बेचने वाला ह्लफार्मासिस्टह्व बताया।

अरब नेताओं के दौरे के तुरंत बाद आई इस्लाम के खिलाफ चीन के जुल्म की रिपोर्ट

चीन। चीन की पहचान एक एंटी-मुस्लिम देश की होती जा रही है. अभी तक शिनजियांग में ही मुसलमानों पर जुल्म ढाया जा रहा था लेकिन अब इसके बाहर भी उसने मुस्लिम पहचान को मिटाने का अभियान छेड़ दिया है. चीनी शासन शिनजियांग के बाहर भी मस्जिदों को बंद कर रहा है. अबतक निंग्जियां और गांसु प्रांतों में कई मस्जिदों पर ताला लगा दिया गया है. चीन अपने एंटी-मुस्लिम अभियान के जरिए उनके धर्म को नियंत्रित और मस्जिदों का चीनीकरण करना चाहता है. हाल ही में गाजा युद्ध पर अरब नेताओं ने राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की थी, इसके बाद एक रिपोर्ट में मामले का खुलासा हुआ है.

चीन ने 2016 में सबसे पहले इस अभियान को शुरू किया था, जहां अबतक की रिपोर्ट्स के मुताबिक सिर्फ शिनजियांग में ही वीगर मुसलमानों पर जुल्म कर रहा था. अब प्रांत के बाहर चलाए जा रहे इस अभियान से कम्यूनिस्ट देश में रहने वाले मुसलमानों की मुश्किलें और ज्यादा बढ़ सकती है. खासतौर पर उसका ध्यान शिनजियांग प्रांत पर है, जहां वीगर समेत अन्य मुस्लिम अल्पसंख्यक रहते हैं.

मस्जिदों पर चीनी शासन का प्रहार

यूनाइटेड नेशन ने चीन पर शिनजियांग में संभावित रूप से ह्लमानवता के खिलाफ अपराधह्व करने का भी आरोप लगाया है. उसने मुस्लिम समुदाय के लोगों को नियंत्रित करने के लिए बाजाब्ता डिटेंशन कैंप्स बना रखा है, जहां लाखों की संख्या में वीगर, हुई, कजाख और किर्गीज मुस्लिम हिरासत में रखे गए हैं.

ह्यूमन राइट्स वॉच की रिपोर्ट की मानें तो धार्मिक अभिव्यक्ति को दबाने की कोशिशों में शिनजियांग के बाहर चीन ने कई अस्वीकार्य कदम उठाए हैं. मसलन, कई मस्जिदों को या तो निष्क्रिय कर दिया गया है, बंद कर दिया गया है, ध्वस्त कर दिया गया है, या फिर इसके धर्मनिरपेक्ष तौर पर इस्तेमाल का आदेश जारी किया गया है. पश्चिनी मीडिया के मुताबिक, चीन को एक ह्यतानाशाही देशह्व माना जाता है और यहां लोकतंत्र नहीं है.

चीन ने पश्चिमी संगठनों की आलोचना की

एसोसिएटेड प्रेस की एक रिपोर्ट की मानें तो चीनी विदेश मंत्रालय ने इस बात पर जोर दिया है कि बीजिंग मस्जिदों की सुरक्षा और रखरखाव को महत्व देता है और यह सुनिश्चित करता है कि धर्म में विश्वास रखने वाले लोगों की धार्मिक जरूरतें पूरी हों. मंत्रालय ने चीन के खिलाफ पक्षपातपूर्ण विचार रखने और राजनीतिक हेरफेर के लिए पश्चिमी संगठनों की आलोचना की.

नेपाल: काठमांडू में प्रदर्शन के दौरान कई स्थानों पर झड़प, पुलिस ने किए हवाई फायर और लाठीचार्ज

काठमांडू। राजधानी काठमांडू में एक तरफ राजसंस्था समर्थकों और दूसरी तरफ राजसंस्था विरोधी लोगों के प्रदर्शन के कारण कई स्थानों पर तीखी झड़पें हुई हैं। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज के अलावा आंसू गैस और हवाई फायरिंग करनी पड़ी है। फिलहाल 12 से अधिक प्रदर्शनकारियों के घायल होने की जानकारी प्राप्त हुई है।

राजसंस्था पुनर्बहाली की मांग को लेकर राजधानी काठमांडू में जारी शक्ति प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों द्वारा पुलिस घेराबन्दी को तोड़ कर बाहर निकलने का प्रयास कर रहे लोगों की पुलिस के साथ झड़प हुई है। काठमांडू के बल्खु में ही प्रदर्शनकारियों को सीमित रखने के प्रशासन के फैसले के खिलाफ जब प्रदर्शनकारी आगे बढ़ने लगे तो पुलिस ने पहले वॉटर कैनन का प्रयोग कर भीड़ को रोकने का प्रयास किया। इस पर प्रदर्शनकारी उत्तेजित हो गए और उन्होंने पुलिस पर पथराव किया, जिससे स्थिति काफी तनावपूर्ण हो गई।नेपाल पुलिस के प्रवक्ता डीआईजी कुबेर कडायत ने बताया कि स्थिति को नियंत्रण में लेने के लिए पुलिस को कुछ राउंड हवाई फायर और आंसू गैस के गोले का प्रयोग करना पड़ा। पुलिस प्रवक्ता ने यह भी

बताया कि कुछ पुलिस वाले भी पथराव में घायल हुए हैं। राजसंस्था पुनर्बहाली के अभियान का नेतृत्व कर रहे दुर्गा प्रसाई ने कहा कि उनके 12 से अधिक समर्थकों को पुलिस लाठी चार्ज में गम्भीर चोटें आई है।इससे पहले राजसंस्था पुनर्बहाली का समर्थन कर रहे लोगों ने उनके विरोध में प्रदर्शन कर रहे कम्युनिस्ट पार्टी के युवा संगठन के एक समूह पर उस समय पथराव शुरू कर दिया, जब वो अपने प्रदर्शन में शामिल होने जा रहे थे। युवा संघ के नेता महेश बस्नेत ने आरोप लगाया कि पहले हमारे कार्यकताओं पर अचानक पथराव किया गया। उसके बाद उत्तेजित कार्यकताओं ने भी जवाबी पथराव किया। दोनों तरफ से झड़प होने पर स्थिति को संभालने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पडा।पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि लाठीचार्ज से स्थिति नहीं संभल रही थी। नतीजतन, भीड़ को तितर बितर करने के लिए एक दर्जन राउंड आंसू गैस के गोले दागने पड़े और करीब 18 राउंड हवाई फायर भी करना पड़ा। समाचार लिखे जाने तक काठमांडू के बल्खु, कालीमाटी, तिनकुने और कोटेश्वर सहित कई अन्य स्थानों पर पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच रुक रुक कर झड़प होने की सूचनाएं मिल रही हैं।

संयुक्त सैन्य अभ्यास 'सूर्य किरण' में हिस्सा लेने के लिए नेपाली सेना का दस्ता भारत रवाना

काठमांडू। नेपाली और भारतीय सेना के बीच उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में 24 नवम्बर से 7 दिसम्बर तक संयुक्त सैन्य अभ्यास ह्यसूर्य किरणह्व होने जा रहा है। इसमें भाग के लिए नेपाली सेना का एक दस्ता बुधवार को काठमांडू से भारत रवाना हुआ है।

नेपाली सेना के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल कृष्ण प्रसाद भण्डारी ने बताया कि दोनों देशों के बीच हर साल होने वाला संयुक्त सैन्य अभ्यास इस वर्ष भारत के पिथौरागढ़

(उत्तराखंड) में होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि नेपाल और भारत के बीच होने वाले संयुक्त सैन्य अभ्यास सूर्य किरण का यह 17वां संस्करण है, जिसमें सहभागी होने के लिए नेपाली दस्ता पिथौरागढ़ रवाना हुआ है।

इस सैन्य अभ्यास में जंगल वारफेयर, पहाड़ों पर होने वाली आतंकी घटनाओं का सामना, मानवीय सहायता जैसी घटनाओं पर संयुक्त अभ्यास किया जाता है। एक वर्ष भारत में और एक वर्ष नेपाल में होने वाला यह संयुक्त सैन्य अभ्यास पिछले वर्ष नेपाल में हुआ था।

अमेरिका-कनाडा को जोड़ने वाले पुल पर कार में विस्फोट से दो की मौत, एफबीआई कर रही है जांच

वाशिंगटन। अमेरिका-कनाडा को जोड़ने वाले रेनबो ब्रिज पर कार में हुए विस्फोट में दो लोगों की मौत हो गई। जिसके बाद दोनों देशों के बीच आवागमन स्थगित कर दिया गया है। एफबीआई आतंकी गतिविधि से जुड़े मामले के शक में घटना की जांच कर रही है।

जानकारी के मुताबिक विस्फोट के बाद सुरक्षा अधिकारियों ने क्षेत्र में चार अमेरिका-कनाडा बॉर्डर क्रॉसिंग को बंद कर दिया है। विस्फोट में मरने वालों की राष्ट्रीयता अभी तक साफ नहीं हो सकी है। अमेरिका के एक वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि कार अमेरिका की ओर से आ रही थी। बॉर्डर क्रॉसिंग पर सीमा शुल्क स्टेशन से टकराने के बाद वाहन में विस्फोट हो गया।संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) ने एक बयान में कहा कि स्थिति बहुत अस्थिर है। एफबीआई इस जांच में स्थानीय, राज्य और संघीय एजेंसियों के साथ समन्वय कर रही है।

नेपाल में 4.5 तीव्रता का भूकंप, जानमाल के नुकसान की जानकारी नहीं

काठमांडू। नेपाल के मकवानपुर जिले के चितलांग में गुरुवार सुबह 4.5 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए। नेपाल भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक 23 नवंबर की सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। हालांकि, इन झटकों से किसी बड़े नुकसान की जानकारी नहीं है।

उल्लेखनीय है कि नेपाल में इसी महीने की शुरूआत में 3 नवंबर को 6.4 तीव्रता के भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए थे, जिसमें भारी तबाही हुई थी। उस दौरान 157 लोगों की मौत हो गई थी और हजारों की संख्या में लोग घायल हो गए थे।

सिंगापुर में स्टोर से कपड़े चोरी की साजिश में चार भारतीय नागरिकों को जेल

सिंगापुर। सिंगापुर में चार भारतीय नागरिकों को एक रिटेल स्टोर से कपड़े चोरी करने के मामले में 40 से 65 दिन की सजा सुनाई गई है। इन सभी पर 1700 सिंगापुर डॉलर मूल्य से अधिक के परिधानों की कीमत के टैग हटाकर चोरी की साजिश करने का आरोप है। जानकारी के अनुसार इन लोगों ने ह्यआरएफआईडी टैगह्व हटाकर कपड़े चुराने की साजिश रची थी। इन चारों में सबसे कम उम्र के आरोपित रिद्धम ने इसी तरह के एक और अपराध की कोशिश करने का गुनाह कबूल किया। उसे सबसे अधिक सजा सुनाई गई है। अन्य तीनों ने चोरी करने या चोरी करने की कोशिश के एक-एक मामले में गुनाह कबूल किया है।उप सरकारी अभियोजक मैक्सिमिलियन च्यू ने अदालत को बताया कि इनमें से परिधान चोरी की एक घटना 12 अक्टूबर को घटी थी। इसके चार दिन बाद भी एक घटना घटी और इसी तरह के एक प्रयास में स्टोर के सुरक्षा अधिकारियों ने इन्हें चोरी करते हुए पकड़ा।

बंधकों की रिहाई पर ब्रेक, अधर में लटकी डील, इजराइल ने हमास की नई शर्त मानने से किया इनकार

इजराइल। युद्धविराम और बंधकों की रिहाई को लेकर इजराइल-हमास की डील अधर में लटक गई है. इजराइल ने हमास की नई शर्तों को मानने से इनकार कर दिया है. सूत्रों के मुताबिक, हमास छोड़े जाने वाले बंधकों की लिस्ट इजराइल को नहीं दे रहा है. बताया जा रहा है कि सीजफायर की तारीख और बंधकों की लिस्ट पर फैसला बाद में लिया जाएगा.

हमास चाहता है कि सीजफायर के दौरान गाजा के बाहर रह रहे हमास के बड़े चेहरों पर इजराइल हमला न करे और न ही उसे गिरफ्तार करे. इजराइल ने हमास की ये शर्त मानने से इनकार कर दिया है. हमास का दावा इजराइल की बमबारी के चलते उसने रिहा होने वाले बंधकों की लिस्ट नहीं दी. अब सीजफायर की नई तारीख, इजराइल और कतर के अधिकारी मिलकर तय करेंगे.

बुधवार को हुई थी इजराइल हमास की डील

बता दें कि इजराइल और हमास के बीच यह डील बुधवार को हुई थी. इसके बाद ये कहा गया है कि गुरुवार से बंधकों की रिहाई का सिलसिला शुरू हो जाएगा. मगर ऐसा नहीं हुआ. इसके बाद इस डील को लेकर गुरुवार को एक अलग जानकारी सामने आई. इसमें कहा गया कि इजराइल बंदियों की रिहाई शुक्रवार से पहले शुरू नहीं करेगी. ऐसे में कहा जा रहा है कि इजराइल और हमास के बीच यह कहीं अधर में नहीं लटक जाए.

50 बंधकों के बदले छोड़े जाएंगे 150 फिलिस्तीनी कैदी

इजराइल से डील के तहत हमास 50 बंधकों को रिहा करेगा. वहीं, इसके बदले वह इजराइल की जेलों में बंद फिलिस्तीन के 150 कैदियों को छुड़वाएगा. इस डील को लेकर इजराइली सरकार ने बुधवार को कहा था कि इस समझौते के तहत हमास अगले चार दिन में 50 बंधकों को रिहा करेगा. इन बंधकों में महिलाएं और बच्चे शामिल हैं. बता दें कि सात अक्टूबर के जंग के बाद हमास करीब 240 इजराइली नागरिकों को बंधक बनाकर रखा है.

हमास के हमले के बाद से मिसिंग थी ये इजराइली लड़की, 47 दिन बाद मिली लाश

हमास। 7 अक्टूबर को हमास के हमले में लापता हुई 26 साल की इजराइली महिला शनि गैबे का शव बुधवार यानी 22 नवंबर को बरामद किया गया. योकनीम के मेयर साइमन अल्फासी ने शनि की मौत पर दुख जाहिर करते हुए कहा कि उन्हें यकीन नहीं हो रहा है कि शनि अब इस दुनिया में नहीं है. उन्होंने कहा कि 47 दिन से हम शनि के वापस लौटने की उम्मीद कर रहे थे लेकिन शनि की मौत के बाद अब ये उम्मीद भी खत्म हो गई. उन्होंने कहा कि हम सभी ने शनि के लिए कुछ अलग ही सोचा था.

इसके साथ ही साइमन अल्फासी ने शनि के परिवार के प्रति भी संवेदना व्यक्त की. उन्होंने वो शनि के माता-पिता जैकब और मीकल, उसके भाई एवील और उसकी बहन नित्जन के प्रति संवेदना व्यक्त करते हैं. शनि के परिवार ने सात हफ्ते तक शनि को ढूंढ कर घर लाने के लिए हर मुमकिन कोशिश की, उन्हें उम्मीद थी एक दिन शनि सही सलामत घर वापस आ जएगी लेकिन अब ये कड़वी सच्चाई सामने आई है जिस पर यकीन करना मुश्किल हो रहा है. उन्होंने कहा कि हम सभी लोघ शनि के परिवार के साथ खड़े हैं.

7 अक्टूबर से लापता थी शनि गैबे

7 अक्टूबर को शनि किबुत्ज रीम में आयोजित एक संगीत समारोह में काम कर रही थी. उसी दौरान हमास के आतंकियों ने संगीत समारोह पर हमला कर दिया था. इस दौरान चारों तरफ अफरा तफरी मच गई. इस आतंकी हमले में करीब से 1200 से ज्यादा इजराइली नागरिक मारे गए थे. वहीं आतंकियों ने 240 से ज्यादा लोगों को बंधक बहना लिया था, इनमें बच्चे भी शामिल थे. इस दौरान जान बचाकर भाग रहे लोगों को आंतिकयों ने गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया था. इजराइल की मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक शनि को भी आतंकियों ने हमले के दौरान बंधक बनाया था, उसके बाद उसकी हत्या कर दी गई.

बंधकों को रिहा करने को लेकर हमास इजराइल में डील

इधर इजराइल और हमास के बीच कुछ बंधकों को रिहा करने को लेकर संघर्ष विराम समझौता पर सहमति बन गई है,. जिसके मुताबिक हमास इजराइल के 50 बंधकों को रिहा करेगा. 4 दिन सीजफायर के बदले इन बंधकों को रिहा किया जाएगा।

अखंड भारत संदेश

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025

ऑफिस मो.:
9565333000

Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

इमरान खान 28 नवंबर को होंगे हाजिर, PAK कोर्ट ने दिया आदेश, जेल में हैं कैद

इस्लामाबाद। देश की गुप्त जानकारियां लीक करने के आरोप के तहत जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को पाकिस्तान की कोर्ट ने 28 नवंबर को कोर्ट में पेश करने का आदेश दिया है. पाकिस्तान की एक अदालत ने अधिकारियों से कहा है कि राज्य की गुप्त जानकारियों को कथित तौर पर लीक करने के मामले में सुनवाई के लिए जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को अगले सप्ताह उसके समक्ष पेश किया जाए.राजधानी इस्लामाबाद में आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम के तहत स्थापित विशेष अदालत ने गुरुवार को कहा कि जेल में बंद इमरान खान और पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी को 28 नवंबर को अदालत में पेश किया जाए.

2018 से 2022 तक प्रधान मंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान विदेशी नेताओं और सरकारों से प्राप्त राज्य उपहारों की अवैध बिक्री से संबंधित एक अन्य मामले में अगस्त में जेल जाने के बाद से यह इमरानखान की पहली सार्वजनिक उपस्थिति होगी.

अप्रैल 2022 में इमरान को पीएम पद से दिया गया था हटा

खान के वकील नईम पंजुथा ने गुरुवार को सोशल साइट्स एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ह्लअब हमें यह देखना होगा कि यह (अदालत) आदेश लागू किया जाए.ह्व अप्रैल 2022 में संसद में अविश्वास मत हारने के बाद 71 वर्षीय इमरान खान को प्रधान मंत्री पद से हटा दिया गया था. इस कदम के लिए उन्होंने अपने राजनीतिक विरोधियों और शक्तिशाली सेना के साथ मिलकर संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा रची गई साजिश को जिम्मेदार ठहराया था.

पूर्व क्रिकेटर ने दावा किया कि अमेरिका में तत्कालीन पाकिस्तानी राजदूत द्वारा भेजे गए एक राजनयिक केबल या सिफर ने उनके आरोपों को साबित कर दिया. वाशिंगटन और इस्लामाबाद दोनों ने आरोपों को खारिज कर दिया ह.

अपने निष्कासन के बाद खान द्वारा आयोजित दर्जनों सामूहिक रैलियों में, उन्होंने अपने उत्तराधिकारी शहबाज शरीफ और सेना पर उन्हें हटाने की साजिश रचने के लिए हमला किया. इसके साथ ही उनकी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के सदस्यों और समर्थकों ने बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया था.

इमरान फिलहाल हैं जेल में, तीन साल की हुई है सजा

सरकार ने विरोध प्रदर्शनों पर सख्ती की और खान और उनकी पार्टी के अन्य नेताओं के खिलाफ दर्जनों मामले दर्ज किए. इनमें से कुछ में आतंकवाद, हत्या और राजद्रोह सहित गंभीर आरोप शामिल थे. पाकिस्तानी अधिकारियों ने खान पर राजनीतिक लाभ के लिए राजनयिक सिफर की सामग्री को लीक करने का भी आरोप लगाया और उसी मामले में कुरैशी को भी गिरफ्तार किया गया था।